सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-364 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 15 जून 2024
08 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

जी 7 समिट में मेलोनी से मिले मोदी, दोनों ने किया नमस्ते, एआई को लेकर मैक्रों ने की मोदी की तारीफ

हमें तकनीक को रचनात्मक बनाना होगा: मोदी

- भारत की जनता ने ऐतिहासिक जीत के रूप में दिया आशीर्वाद
- जी7 में पीएम मोदी का एआई पर जोर

इटली। जी7 शिखर सम्मेलन का दूसरा दिन है। सम्मेलन का आयोजन इटली में हो रहा है। दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। वैश्विक नेताओं से मुलाकात करते हुए पीएम मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री और जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबान जार्जिया मेलोनी से मुलाकात की।

खास बात यह है कि इटली की पीएम ने भारतीय अंदाज में नमस्ते करके पीएम मोदी का स्वागत किया। भारत जी7 समूह का सदस्य देश नहीं है पर इटली की पीएम मेलोनी ने पीएम मोदी को खास मेहमान के रूप में आमंत्रित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते काफी मजूबत हैं। प्रधानमंत्री मरेन्द्र मोदी जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान आउटरीच बैठक में हिस्सा लेने के लिए इटली पहुंचे है। इस दौरान उन्होंने आउटरीच सत्र को संबोधित भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी मनुष्य को चांद तक ले जाने का साहस देती है, मगर साइबर सिक्योरिटी जैसी चुनौतियां भी पैदा करती है। हमें यह मिलकर सुनिश्चित करना होगा कि समाज के हर तबके तक इसका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें टेक्नोलॉजी के अधिकार को सर्वाधिकार में बदलना होगा। हमें इसे रचनात्मक बनाना होगा, ना कि विनाशकारी। तभी हम एक बेहतर समाज बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि भारत की जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार सेवा का मौका दिया। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, पिछले सप्ताह, आप में से कई लोग यूरोपीय संसद चुनावों में व्यस्त थे। कुछ मित्र आने वाले समय में चुनावों के उत्साह से गुजरेंगे। भारत में भी, कुछ महीने पहले चुनाव का समय था। टेक्नोलॉजी के सर्वव्यापी उपयोग से पूरी चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया गया है। यह मेरा सौभाग्य है कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार मुझे अपनी सेवा करने का अवसर दिया है। भारत की जनता ने इस ऐतिहासिक जीत के रूप में जो आशीर्वाद दिया है, वह पूरे लोकतांत्रिक विश्व की जीत है।

पीएम मोदी ने लॉन्च किया एआई मिशन

भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से बेहतर भविष्य के लिए प्रयास कर रहा है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है। इस रणनीति के तहत हमने इस वर्ष एआई मिशन लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय प्रशासन के महत्व पर जोर दिया था। भविष्य में भी हम एआई को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बनाने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

येदियुरप्पा की नहीं होगी गिरफ्तारी कर्नाटक हाईकोर्ट ने लगायी रोक

यौन उत्पीड़न

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने उनको राहत देते हुए कहा कि वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वह कोई आदतन अपराधी नहीं है, जो देश छोड़कर भाग जाएगा। वह टॉम, डिक या हैरी नहीं हैं। कोर्ट ने येदियुरप्पा को निर्देश दिया है कि वह सीआईडी के सामने 17 जून को पेश हो जाएं। दरअसल, सीआईडी की टीम मामले में येदियुरप्पा से पूछताछ करना चाहती थी। उन्होंने सीआईडी के समन का जवाब देते हुए कहा कि वह इस समय दिल्ली में हैं, इसलिए उनको समय दिया जाए। सीआईडी ने फास्ट ट्रैक कोर्ट जाकर येदियुरप्पा के खिलाफ गैर जमानती वारंट की मांग की। बेंगलुरु की एक कोर्ट ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए वारंट जारी कर दिया था। येदियुरप्पा के खिलाफ 17 वर्षीय नाबालिग की लड़की ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसकी शिकायत पर उनके खिलाफ पोस्को एक्ट का मामला दर्ज हुआ है। लड़की की मां के अनुसार 2 फरवरी 2024 को वह येदियुरप्पा के डॉलर्स कॉलोनी स्थित उनके घर पर बेटी के साथ गई थी। इस दौरान उन्होंने बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। येदियुरप्पा के ऑफिस ने इस दौरान नाबालिग लड़की की मां के खिलाफ दस्तावेज जारी किए, जिसमें उसने अलग-अलग लोगों पर 53 केस किए हैं।

येदियुरप्पा ने चुप रहने को कहा था: पीड़िता की मां

नाबालिग लड़की की मां ने एफआईआर में शिकायत की कि येदियुरप्पा की तरफ से कथित तौर उससे चुप रहने को कहा गया था। उसने लड़की के आरोपों पर जब येदियुरप्पा से पूछा तो उन्होंने कहा कि वह लड़की के आरोपों की जांच कर रहे थे कि सच में रेप हुआ है या नहीं। उन्होंने अपनी हरकत की बाद में माफी मांग ली थी। उन्होंने किसी को भी कुछ भी ना बताने को कहा था।

भारतीय सेना को मिला पहला आत्मघाती ड्रोन

नई दिल्ली। इंडियन आर्मी को भारत में बने आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 की पहली खेप मिल गई है। इन ड्रोन्स को नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव लिमिटेड यूनिट ने बनाया है। सेना ने 480 लॉइटरिंग म्यूनिशन (आत्मघाती ड्रोन) का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है। ड्रोन को नागस्त्र-1 नाम दिया गया है, जिसकी रेंज 30 किमी तक है। इसका एडवांस वर्जन दो किलो से ज्यादा गोला-बारूद ले जाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप, ठिकानों और लॉन्च पैड पर हमला करने के लिए किया जाएगा, ताकि सैनिकों का जोखिम कम से कम हो। लॉइटरिंग म्यूनिशन (जिसे आत्मघाती ड्रोन या कामिकेज ड्रोन भी कहा जाता है) एक एरियल वैपन सिस्टम है। ये ड्रोन हवा में टारगेट के आसपास घूमते हैं और आत्मघाती हमला करते हैं। सटीक हमला इसके सेंसर पर निर्भर करता है।

मिर्जापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारी सस्पेंड

एक्शन में योगी सरकार : अनियमितता के लगे गंभीर आरोप, योगी ने मांगी थी रिपोर्ट

- लापरवाही पर अयोध्या के आरएम की रोकी गई एक साल की वेतन वृद्धि

लखनऊ। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने अनियमितता के आरोप में बांदा के चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप और मिर्जापुर के सहायक चकबंदी अधिकारी राजेंद्र राम को निलंबित कर दिया। उनके डिमोशन के साथ ही एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बांदा के गांव उमरेहडा में काम न करने पर बहिंगा गांव के सहायक चकबंदी अधिकारी ने काम पूरा करने के बजाय सीसीएमएस पोर्टल से न्यायालय न चलाने और रकबा बंदोबस्त से अधिक बढ़ाने जैसी गंभीर अनियमितताएं की थीं। इस मामले में चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप की भी लापरवाही पाई गई थी। इसी तरह मिर्जापुर के सहायक चकबंदी अधिकारी राजेंद्र राम ने कई अनियमितताएं कीं। 17 मई को ग्राम मवैया की चक संख्या-950 से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत मनमाने तौर पर बिना जांच किए चार बार आदेश पारित कर पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने बिना दस्तावेज परीक्षण और जांच के नामांतरण आदेश दे दिए। इस पर मिर्जापुर के सहायक चकबंदी अधिकारी राजेंद्र राम को भी निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। कैसरबाग बस अड्डे के एआरएम अरविंद कुमार को निलंबित परिचालक को बगैर किसी आधार के बहाल करने के आरोप में प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं, अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) विमल राजन की काम में लापरवाही बरतने के लिए एक साल की वेतन वृद्धि को अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। रोडवेज के कैसरबाग बस अड्डे के एआरएम अरविंद कुमार ने हरदोई से लखनऊ रूट पर चलने वाली बस संख्या यूपी 78 एफएन 2651 के निलंबित परिचालक को बहाल कर दिया था। बता दें कि परिचालक ने बीती 14 फरवरी को 50 यात्रियों का टिकट पचकोहरा से जारी किया था। जबकि किराया हरदोई से लिया गया था। प्रवर्तन दल की जांच में परिचालक दोषी पाया गया था और उसे निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में रोडवेज के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने एआरएम अरविंद कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। वहीं, दरअसल, अयोध्या क्षेत्र के सहायक यातायात निरीक्षक रजनीकांत मिश्रा को तत्काल रूप से प्रवर्तन कार्यों से हटाकर बुकिंग लिपिक पद पर भेजना था, लेकिन अयोध्या परिक्षेत्र के आरएम विमल राजन ने ऐसा नहीं किया।

जल्द ही सौंपी जाएगी अधिकारियों की रिपोर्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी।

ट्रेन में आग की अफवाह पर कूदे कई यात्री, चार मरे

- झारखंड में बड़ा हादसा
- बढ़ सकता है मरने वालों का आंकड़ा
- हादसे के बाद हरकत में आए रेलवे अधिकारी

रांची। झारखंड के लातेहार में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर कई यात्री ट्रेन से कूद गए। इस वजह से कई यात्री एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद एबुलेंस भी घटना स्थल पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची तो ट्रेन में सवार किसी यात्री ने आग लगने की अफवाह फैला दी। इसके बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग डर के मारे ट्रेन से उतर भागने लगे। इस दौरान कुछ लोग विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस वजह से चार लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की सूचना है। हालांकि, इस घटना में कितने लोग घायल हुए हैं? इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। इधर जैसे ही प्रशासन को इसकी सूचना मिली सभी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए।

घायलों को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे के बाद स्टेशन में मौजूद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। रेलवे अधिकारी इस ट्रेन दुर्घटना के बाद हरकत में आ गए और मौके पर रवाना हो गए। वहीं, रेलवे पुलिस द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की गई।

13 नवनिर्वाचित एमएलसी ने ली शपथ

- विधान परिषद सभापति ने दिलाई सदस्यता
- एनडीए के 10 और सपा के तीन बने विधायक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के नवनिर्वाचित 13 सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधान परिषद सभापति मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 और समाजवादी पार्टी (सपा) के 3 सदस्य शामिल थे।

भाजपा से अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरण पाल कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, बलराम यादव, डॉ महेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीरथ सिंघल, विजय बहादुर पाठक और बिच्छे लाल राजभर ने शपथ ली। सपा से शाह आलम गुड्डू जमाली, संतोष सिंह और योगेश चौधरी ने शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण करने वाले प्रमुख सदस्य में अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरण पाल कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, बलराम यादव, डॉ महेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीरथ सिंघल, विजय बहादुर पाठक, बिच्छे लाल राजभर वहीं सपा से शाह आलम गुड्डू जमाली, संतोष सिंह, योगेश चौधरी रहे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी नवनिर्वाचित एमएलसी को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 सदस्यों के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के 3 सदस्य भी शामिल थे। मई में विधान परिषद की 13 सीटें खाली हुई थीं, जिन पर इन नए सदस्यों का निर्वाचन हुआ है।

समाज में संघ की सकारात्मक छवि बनाने की जिम्मेदारी स्वयंसेवकों की: मोहन भागवत

- आरएसएस ने लंबे सफर में बहुत सी चुनौतियों का किया सामना
- संघ प्रमुख की मौजूदगी में आज होगा पथ संचलन

गोरखपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की समाजसेवा को लेकर समाज में जो बेहतर छवि बनी है, उसमें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। संघ का विस्तार करने के लिए स्वयं सेवक अपनी भूमिका का विस्तार करें। संघ की समाज में सकारात्मक छवि बने इसकी जिम्मेदारी सभी स्वयंसेवकों की है।

ये बातें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को मानीराम, चिऊटहां स्थित एसवीएम पब्लिक स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग के बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए कहीं। तीन जून से चल रहे संघ के द्वितीय प्रशिक्षण वर्ग में आए प्रशिक्षणार्थियों से संघ प्रमुख ने संवाद भी किया। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ का हर कार्यकर्ता समाज में अपनी भूमिका को अदा करे। समाज में बेहतरी की तरफ बदलाव हो यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इस लंबे सफर में संघ ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों की बेहतरी के लिए काम किये हैं। इस छवि और काम की पहचान को आगे बढ़ाते हुए निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संघ समाज में सेवा, संपर्क और प्रचार के माध्यम से लगातार सभी वर्गों के बीच राष्ट्रीय विचारों का आदान-प्रदान कर रहा है। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ के शिविरों में जो लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वह समाज के लिए कैसे उपयोगी हों, इसकी चिंता हमें करनी होगी।

समाज में विभिन्न चुनौतियों का संघ ने सामना किया है। सकारात्मक छवि बनाने के लिए हमें समाज हित में निरंतर कार्य करना होगा। प्रशिक्षणार्थियों को संघ कार्य के लिए अधिक से अधिक समय देने की बात कही। संघ प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में कार्यकर्ता विकास वर्ग कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रतिभागी पथ संचलन करेंगे। इसके बाद संघ प्रमुख कार्यकर्ताओं की बात सुनेंगे और उनकी जिज्ञासा को शांत करेंगे।

राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद बढ़ाई गई अयोध्या की सुरक्षा

अयोध्या। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद अयोध्या अलर्ट मोड पर आ गई है। राम मंदिर में निगरानी बढ़ा दी गई है। राम मंदिर समेत महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की भी सुरक्षा में इजाफा किया गया है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करते हुए सीनियर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। विभिन्न जोन में सुरक्षाकर्मी पहले से ही तैनात हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां प्राप्त हुई हैं।

चेतावनी अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं

गर्मी से उबला पूरा प्रदेश, पारा 47 के पार

मौसम

- कई जिलों के लिए जारी हुई लू और भीषण गर्मी की एडवाइजरी

लखनऊ। आसमान से आग बरसाती धूप, चढ़ता हुआ पारा, झुलसा देने वाली लू से प्रदेश को फिलहाल राहत नहीं। शुक्रवार को भी प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी ऐसी ही गर्मी झेलनी होगी, मानसून भी अभी दूर है।

शुक्रवार को प्रयागराज 46.9 डिग्री के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। कानपुर में बहुत मामूली सा बदलाव रहा, यहां पर तापमान 46.7 डिग्री और हमीरपुर 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहर लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं और मानसून के लिए भी अभी इंतजार करना होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 17 जून तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ एक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान के भी आसार जता रहा है मौसम विभाग। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री अधिक रहा। जबकि रात का पारा सामान्य से 6 डिग्री तक अधिक रहा। **ये शहर सबसे गर्म:** वाराणसी 45.9, बहराइच 45, सुल्तानपुर 45.4, फुरसतगंज 45.4, झांसी 45.6। **यहां न्यूनतम तापमान 30 के ऊपर:** हरदोई 32, कानपुर 34.4, इटावा 31.2, खीरी 31, वाराणसी 32, चुर्क 30.8, सुल्तानपुर 31.5, फुरसतगंज 31.4, फतेहगढ़ 32.1, झांसी 31, मुरादाबाद31.4, मेरठ31.2, आगरा 32.7 डिग्री।

126 साल में पहली बार गर्म हुई प्रयागराज की रात

प्रयागराज में न्यूनतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। मौसम विभाग के पास प्रयागराज के तापमान के आंकड़े वर्ष 1898 से आज तक के हैं। इसके मुताबिक 16 जून 2019 को प्रयागराज में रात का तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस था। इस लिहाज से 126 साल में पहली बार प्रयागराज की रात इतनी गर्म हुई।

आंध्र प्रदेश में मंत्रालयों का हुआ बंटवारा

अमरावती। आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की सरकार बनने के बाद शुक्रवार को मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया गया। सीएम नायडू के पास गृह विभाग, जीडीए, सामान्य प्रशासन एवं सार्वजनिक उद्योग जैसे विभाग हैं। वहीं, जनसेना पार्टी के प्रमुख और सुपरस्टार पवन कल्याण को आंध्र प्रदेश का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें पंचायती राज, ग्रामीण विकास, पर्यावरण और विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विभागों का दायित्व दिया गया गया है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने अपने बेटे और मंगलगिरी के विधायक नारा लोकेश को सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री नामित किया है। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने 12 जून को आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी. उनके साथ उनके मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह और नितिन गडकरी सहित गठबंधन सहयोगी भाजपा के नेताओं की उपस्थिति में शपथ ली थी।

नीट पेपर लीक मामला: सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस

- शिक्षा मंत्री प्रधान स्टूडेंट और पेरेंट्स से मिले, बोले, कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

नई दिल्ली। नीट-यूजी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को नोटिस जारी किया। नोटिस राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक, 2024 में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को लेकर जारी किया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिकाओं को अलग-अलग हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर भी सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के वकील की इस दलील पर गौर किया कि प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं कई उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं। इन पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इस बीच एनटीए ने कहा कि वह तीन अन्य याचिकाओं को वापस लेना चाहता है, जो उच्च न्यायालयों से मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग कर रही थीं, क्योंकि वे 5 मई को परीक्षा के दौरान समय की बर्बादी के कारण 1,563 उम्मीदवारों को अनुग्रह अंक देने से संबंधित थीं।

नीट 2024 की परीक्षा में धांधली के आरोप और विवाद के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आंदोलन कर रहे छात्रों को आश्वस्त किया है कि मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे। नीट विवाद सुप्रीम कोर्ट में भी जा चुका है, जिसके बाद कोर्ट ने ग्रेस मार्क्स रद्द करते हुए 1563 छात्रों से दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था।

डीएम-एसपी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी कार्यवाई करने के निर्देश दिए। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। डीएम ने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए।एसपी ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। परिवहन-पुलिस महकमे को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाए जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करायें। बैठक में डीएम-एसपी ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा प्री मानसून सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, वर्षाऋतु से पूर्व कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं गुड समेरिटन ला, के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

रोड सेफ्टी कंसलटेंट ने ट्रैफिक मैनेजमेंट, रोड सेफ्टी पर दिया प्रेजेंटेशन

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्टूडियो अर्बन लिंक लखनऊ से रोड सेफ्टी कंसलटेंट अरबाब अहमद, अनुकृति त्रिवेदी और सोनम गुप्ता ने संयुक्त रूप से ट्रैफिक मैनेजमेंट, रोड सेफ्टी, जंक्शन इंप्रूवमेंट, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया।

इनकी रही मौजूदगी

बैठक में एआरटीओ आलोक कुमार, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, एआरएम रोडवेज,जिला विद्यालय निरीक्षक शुगर मिल के प्रतिनिधि सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

संदिग्ध अवस्था में घर में फंदे से लटकी मिली 14 वर्षीय किशोरी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। फूलबेहड़ कस्बा निवासी 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध अवस्था में घर में फंदे से लटकी मिली थी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। नाराज परिजनों ने किशोरी को मारपीट कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए फूलबेहड़ थाने के सामने सड़क जाम की।फूलबेहड़ कस्बे के गुड्डू रस्तोगी की अपने छोटे भाई राजेश रस्तोगी से 12 जून को मारपीट हो गई थी। इसकी शिकायत लेकर गुड्डू ग्राम प्रधान के पास गया था। रात 10 बजे गुड्डू की बेटी गौरी (14) घर पर अकेली थी। आरोप है कि भाई राजेश ने अपने बेटे और सहयोगियों के साथ घर में घुसकर गौरी को मारा-पीटा और फंदे से लटका दिया। घायल अवस्था में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। गुरुवार की रात उसकी मौत हो गई।

गाड़ी चालक के नियंत्रण खो देने पर गहरी खाई में गिरी स्कार्पियो

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। लखीमपुर मार्ग पर अवला जंगल के पास स्कार्पियो गाड़ी चालक के नियंत्रण खो देने पर गहरी खाई में गिरकर पलट गई जिसमें सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने पर दोनों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है। मोहम्मदी से लखीमपुर की ओर जा रही स्कॉर्पियो कार पर सवार ढकिया तिवारी निगोही शाहजहांपुर निवासी अखिलेश पुत्र कृष्ण पाल और अरविंद पुत्र राजेश सवार होकर जा रहे थे। आवंला पुल के पास मोड पर पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे कार गहरी खाई में पलट गई थी । वहीं मौका पाकर चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार के भीतर फंसे दो लोगों को बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर घायलों के परिजनों को सूचना दी है।

जिला स्तरीय निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं अनुसरण समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जिला स्तरीय निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं अनुसरण समिति की बैठक जिला अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में गुरुवार को हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार को निर्देश दिया कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। जिनकी निगरानी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से लगातार की जाती रहे। उन्होंने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा मे पानी,चारा,शेड और चिकित्सा की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित खंड विकास अधिकारियों और उप जिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन भी गोआश्रय स्थलों पर चारागाह की भूमि उपलब्ध नहीं है। उनका जल्द से जल्द चिन्हांकन करा लिया जाए। साथ ही चारागाह का समतलीकरण कर सिंचाई की व्यवस्था करते हुए हरे चारे नेपियर ग्रास का रोपण प्राथमिकता पर कराया जाए।

दहेज एक सामाजिक है बुराई : जयपाल वर्मा

रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी/दहेज प्रतिषेध अधिकारी जयपाल वर्मा ने कहा कि दहेज एक सामाजिक बुराई है जिसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनाएँ और अपराध उत्पन्न हुए हैं, तथा भारतीय वैवाहिक व्यवस्था प्रदूषित हुई है। दहेज शादी के समय दुल्हन के ससुराल वालों को लड़की के परिवार द्वारा नकद या वस्तु के रूप में किया जाने वाला भुगतान है। आज सरकार न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिये बल्कि बालिकाओं की स्थिति के उत्थान के लिये कई कानून (दहेज निषेध अधिनियम, 1961) और योजनाओं द्वारा सुधार हेतु प्रयासरत है। इस समस्या से छुटकारा पाने में लोगों की सामाजिक और नैतिक, चेतना को प्रभावी बनाना, महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना एवं दहेज प्रथा के खिलाफ कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना मददगार हो सकता है। दहेज प्रथा न केवल अवैध है बल्कि अनैतिक भी है। इसलिये दहेज प्रथा की बुराइयों के प्रति समाज की अंतरात्मा को पूरी तरह से जगाने की जरूरत है ताकि समाज में दहेज की मांग करने वालों की प्रतिष्ठा कम हो जाए। दहेज संबंधित किसी भी शिकायत के लिये दहेज प्रतिषेध अधिकारी जयपाल वर्मा के मोबाइल नम्बर 7518024020 या आस्था ज्योति सेन्टर मैनेजर, वन स्टॉप सेंटर, रायबरेली मोबाइल नम्बर 7905153510 अथवा 181 महिला हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन, 1098 तथा अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, विकास भवन, इन्दिरा उद्यान के निकट महानन्दपुर रायबरेली में सम्पर्क कर सकते हैं।

ईद पर ज़िले भर में बिजली पानी और सफ़ाई के बंदोबस्त बेहतर रहनी चाहिये!

पूर्व सांसद हाशफ़ज़ुर्रहमान की मांग

अहमद रज़ा

सहारनपुर। मंडल में समय समय पर आम जनता की सुरक्षा, प्रेशनियों और उनकी शिकायतों के निराकरण मैं हमेशा सरगर्म लोकसभा के पूर्व सांसद हाजी फज़्लुर्रहमान ने बकरा ईद पर जनपद व महानगर में बिजली-पानी, सफाई आदि की सुचारू व्यवस्था करने के लिए जनपद प्रशासन को पत्र लिखा है। पूर्व सांसद हाजी फज़्लुर्रहमान ने ज़िलाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम व मुख्य अभियंता बिजली विभाग को लिखे अपने पत्र में कहा कि आगामी 17 जून को ईद-उल-अज़्हा का बड़ा धार्मिक पर्व है। जनपद व नगर क्षेत्र के जिन स्थानों पर बकरा मंडी, भैंसा मंडी लगती है वहां पर ईद उल अज़्हा से पूर्व क्षतिग्रस्त सडको की मरम्मत की जाए तथा नगर क्षेत्र में सम्मिलित सभी 32 गाँव एवं जनपद में अतिरिक्त सफाई कर्मचरियों की व्यवस्था की जाए। पूर्व सांसद हाजी फज़्लुर्रहमान ने कहा कि मस्जिद के आस-पास के क्षेत्रो की सफाई व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ती व सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध कराए जाने जनहित में आवश्यक है।

15 से 30 जून तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

डीएम ने अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें की गठित

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 15 से 30 जून 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाये तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबो, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच करायी जाये। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण के बिक्री के अड्डों से चेकिंग पर छापेमारी की कार्यवाही की जाये। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाये। स्टाक के बारकोड व क्यू0आर0कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक स्कैनिंग/ जांच की जाये। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए। अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूने आहरित किये जायें और जांच में सब-स्टैण्डर्ड पाये जाने पर उनका अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग द्वारा करायी जाये। जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए एवं नियमित रूप से रोड चेकिंग कराई जाए, जिससे कि किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये।

डीएम ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

गोवंश के बेहतरी के लिए निरंतर करें कार्य- हर्षिता माथुर

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गायों के खानपान, चारे आदि व्यवस्था के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि ग्रीष्म ऋतु/हीट वेव से बचाव हेतु सभी गौशाला केन्द्रों पर पर्दे व छायादार वृक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। कहा कि गौवंश को बीमारियों आदि से बचाव के लिए समय-समय पर गोवंशों की चिकित्सकीय जांच की जाए। गोवंशों के खान-पान चारा आदि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये और गौवंशों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किये जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निरीक्षण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, पंचनामा आदि रजिस्टरों का अवलोकन भी किया तथा सम्बन्धित अधिकारी से निरीक्षण आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कस्बों में जो आवारा गौवंश मिले उन्हें गौशालाओं में पहुंचा कर उसका संरक्षण किया जाए।

इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारा, पानी आदि में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। इसके लिए लोगों को भूसा दान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए। गोवंशों की चिकित्सा एवं भरण पोषण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय कान्हा गोवंश बिहार में 514 गोवंश संरक्षित पाये गये, जिसमें 267 नर व 247 मादा गोवंश थे, सभी गोवंशों में ईयर टैगिंग पायी गयी। भूसा गोदाम में लगभग 450 कुन्तल भूसा व 316 किग्रा0 चूरी चोकर संरक्षित पाया गया। निरीक्षण के समय 03 गोवंश बीमार अवस्था में पाये गये जिनकी चिकित्सा की जा रही थी। विहार में पानी की नाद एवं सबमर्सिबल भी लगा हुआ मिला ।

जिलाधिकारी ने पीड़ित महिला की शिकायत पर प्रोबेशन अधिकारी को कार्यवाही करने के दिए निर्देश

रायबरेली। जनता दर्शन के दौरान एक पीड़ित महिला बुधवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के समक्ष अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुई। पीड़ित महिला द्वारा बताया गया कि ससुराल जन ने उसके दूध पीते बच्चे को छीन कर और उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से इस प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति एवं केस वर्कर अर्चना सिन्हा महिला के पास पहुची और कार्यवाही करते हुए एसएचओ महिला थाने की मदद से 2 महिला गार्ड को लेकर महिला के ससुराल पहुची और उसका दूध पीता बच्चा उसे दिलाया एवं महिला को सकुशल उसके मायके उसकी माँ के पास पहुँचाया। इस पूरी प्रक्रिया में महिला गार्ड अलका द्विवेदी एवं स्वीटी ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनरल वार्डों में पहुंचकर रोगियों का हाल जाना तथा उनसे वार्ता करते हुए कहा कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नही है, इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नही। इस पर मरीजों ने जिलाधिकारी को बताया कि उनका इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है तथा किसी प्रकार की समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में रोगियों के साथ आये तीमारदारों से भी बात की। उन्होंने उपस्थिति चिकित्सकों को निर्देश दिये कि जिला अस्पताल में आये हुए सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराते हुए इलाज किए जाने के साथ-साथ गर्मी को देखते हुए बिजली,पानी, कूलर आदि सहित साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए।

अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाईक व अवैध अस्लाह बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना नकुड़ पुलिस ने 02 अभियुक्तों को पीसीआर पर लेकर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाईक व अवैध अस्लाह बरामद किया है।

गौरतलब रहे कि 05 जून को सतीश कुमार पुत्र बनारसी निवासी ग्राम छापुर थाना नकुड ने आरोपी सचिन पुत्र तरसेम निवासी ग्राम उकदेवी थाना नकुड़ व आयुष पुत्र प्रेमचन्द निवासी ग्राम बाकरमाजरा थाना नकुड़ पर उसके भतीजे सूरज पुत्र प्रवीण कुमार के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से फायर कर गोली मारकर घायल करने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें नामजद अभियुक्तों ने 07 जून को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने ने उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए घटना में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी हेतु दिशा-निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में थाना नकुड़ प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज अभियुक्त सचिन व आयुष को पुलिस कस्टडी में लेकर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 02 तमंचे 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस 315 बोर मय नाल में फंसा जिन्दा कारतूस 315 बोर को ग्राम छापुर से अम्बेहटापीर रोड पर स्थित विपिन पुत्र महीपाल के आम के बाग से बरामद किये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। अभियुक्त सचिन ने पूछताछ में बताया कि कुछ दिन पहले शराब के नशे में उसकी व सूरज की आपस में लड़ाई हो गई थी तथा सूरज ने उसके साथ गाली गलौच व हाथापाई कर दी थी और मेरी सगी बहन के गांव छापुर में शादी हुई है, जहाँ सूरज ने मेरे साथ की गई हाथापाई व गाली गलौच की बात ग्राम छापुर में भी फैला दी थी, जिससे आवेश में आकर मैंने उस पर जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया था और गोली उसकी टांग में लगी थी।

एक दर्जन वार्डो में सफाई के लिए भेजे गए टैम्पो-ट्रैक्टर

नगर निगम से महापौर अजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किये रवाना

अवधनामा संवाददाता

ईद उल अजहा पर सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत विभिन्न वार्डो के लिए हरी झंडी दिखाकर नगर निगम से टैम्पू रवाना करते : महापौर डॉ. अजय कुमार

सहारनपुर। नगर निगम ने ईद उल अजहा पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रुप देना शुरु कर दिया है। आज करीब एक दर्जन वार्डो के लिए नगर निगम से अतिरिक्त व्यवस्था के रुप में 10 टैम्पू और एक छोटी टैऊक्टर ट्राली को महापौर डॉ. अजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगरायुक्त संजय चौहान द्वारा ब्रहस्पतिवार को शहर के कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। उन्हीं आदेशों के अनुपालन में आज महानगर के करीब एक दर्जन वार्डो के लिए अतिरिक्त व्यवस्था के लिए महापौर डॉ. अजय कुमार ने 10 टैम्पू और एक छोटी ट्रैक्टर ट्राली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि ईद उल अजहा पर महानगर में सफाई व्यवस्था व पानी की आपूर्ति गत वर्षो से और बेहतर रहे, यह प्रयास नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। कहीं लाइट सम्बंधी कोई समस्या है उसे भी दुरुस्त कराया जा रहा है।

जेडएसओ राजीव चौधरी ने बताया कि महानगर के वार्ड 61, 62, 63, 65, 67, 68, 39 के अलावा वार्ड 58 व 45 तथा वार्ड 59 व 52 में अतिरिक्त व्यवस्था के रुप में टैम्पो और वार्ड 36 में छोटा ट्रैक्टर भेजा जा रहा है। इस दौरान अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी रमेश चंद गुप्ता, जेडएसओ राजीव, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल, पार्षद संजय गर्ग, मौ. आसिफ तथा पार्षद प्रतिनिधि जफर, राकेश कल्याण व गुलजेब खां आदि मौजूद रहे।

निराश्रित महिला पेंशन के लिए केवाईसी एवं एनपीसीआई अनिवार्य

सहारनपुर। महिला कल्याण विभाग उ.प्र. द्वारा निराश्रित महिला पेंशन योजना में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही का भुगतान माह जून से आधार बेस पेमेन्ट के माध्यम से किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी लाभार्थियों के खाते आधार-कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है। इसके साथ-साथ सभी लाभार्थियों के खाते एनपीसीआई के अन्तर्गत अपडेट होना चाहिए जो कि सम्बन्धित बैंक द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रही जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में केवाईसी एवं एनपीसीआई अपडेट नही है, वे सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने सम्बन्धित बैंक शाखा में जाकर अपने बैंक खाते में केवाईसी एवं एनपीसीआई अपडेट करा लें ताकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही की किस्त आधार बेस पेमेंट के माध्यम से खाते में स्थानान्तरित की जा सकें।

इच्छुक पात्र कारीगर एवं हस्तशिल्प कारीगर 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं टूलकिट के लिए करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0, कानपुर द्वारा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों जैसे-हलवाई, बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, राजमिस्त्री आदि को उद्यम के आधार पर वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु लक्ष्य आवंटित किये गये हैं. जिसमें ट्रेड से सम्बन्धित कारीगरों को 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं कार्य को सफल संचालन हेतु आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट उपलब्ध कराये जायेगें। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। उपयुक्त उद्योग ने कहा है कि प्रदेश की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद-रायबरेली हेतु 850 लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमें हलवाई-200, बढ़ई-75, दर्जी 450 नाई-50, लोहार-25, राजमिस्त्री-50 आदि ट्रेड सम्मिलित है। योजना आधार प्रमाणीकरण के आधार पर ऑनलाइन मोड में संचालित की जा रही है जो मा0 मुख्यमंत्री कैश बोर्ड पोर्टल की महत्वपूर्ण योजना में सम्मिलित है।

उपयुक्त उद्योग ने जनपद-रायबरेली के पारंपरिक कारीगरों से कहा है और उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र कारीगर एवं हस्तशिल्प कारीगर विभागीय वेबसाइट http://diupmsme.upsdc.gov.in एवं URL http://msme.gov.in पर 25 जून 2024 तक अपना आवेदन कर सकते हैं। उपयुक्त उद्योग द्वारा योजना की पात्रता की शर्तें के बारे में बताया है कि आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर होना चाहिए। बैंक पास बुक की छाया प्रति तथा आवेदक की पासपोर्ट साइज फोटो आदि। आवेदक जनपद का निवासी होना चाहिए। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए। आयु की गणना आवेदन करने की तिथि से की जायेगी।

आवेदक को हलवाई, बढ़ई दर्जी, नाई, लोहार, राज मिस्त्री आदि ट्रेडों अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं है। परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों। ऐसे आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत, अथवा नगर पालिका/नगर निगम के संबंधित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस आशय का शपथ-पत्र कि इससे पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट एवं मानदेय का लाभ नहीं लिया गया है।

योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

हरे-भरे वृक्ष पृथ्वी का श्रृंगार

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर की ओर के विश्व पर्यावरण दिवस पर फैकल्टी के संग - संग बीडीएस और एमडीएस के छात्रों को पौधारोपण करके उन्हें संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने की आवश्यकता है, जिससे हमारे पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी जैसी स्थिति उत्पन्न ना हो और संतुलन वातावरण बना रहे। डेंटल कैंपस के बाहर गुलदाउदी फूलों के 21 पौधे रोपित किए गए। वक्ताओं ने कहा, फलदार, छायादार पेड़ों के अलावा फुलवारी हमारे पृथ्वी का श्रृंगार ही नहीं, बल्कि दीर्घ जीवन देने वाले औषधि का अनुपम वरदान है, जिसे संरक्षण की आवश्यकता है। पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या है। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व है। उल्लेखनीय है , संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 1972 में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागृति लाने हेतु विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की थी। पौधारोपण के समय डेंटल कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ प्रदीप तांगड़े , उपप्रधानाचार्य डॉ. अंकिता जैन के साथ-साथ डॉ. विकास सिंह, डॉ. नंदकिशोर डोनपुडे, डॉ. संदीप बेलवाड़, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. मधुरिमा शर्मा, डॉ. हरित्मा निगम, एमडीएस के छात्र डॉ. स्वयं सौरभ त्रिपाठी, डॉ. प्रभात सिंह , डॉ. हर्षिता पांडे, डॉ. सोनल शुभांगी, डॉ. तनु कश्यप, डॉ. नैंसी गुप्ता के संग- संग बीडीएस के छात्र हर्षित जैन, दिशा, मो. कामरान, यशार्थ मिश्रा, उमंग जैन आदि मौजूद रहे।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के पासपोर्ट संख्या Y 1127731 में पुत्र का नाम त्रुटि वर्ष MD MUBASSIR RAHMAN लिख गया है मेरे पुत्र का सही नाम MD MUBASSIR RAHMAN SIDDIQUI है जो नाम अन्य दस्तावेज में दर्ज है।

फैजुर रहमान सिद्दीकी
283/399ए/9 हरचंद्रपुर गढ़ी
कनौरा लखनऊ

सूचना

मुझ ममता का एक बैनामा जिसका विक्रेता घमण्डी लाल व क्रेता महिपाल सिंह दिनांकित 01. 04. 1968, जिसका दस्तावेज नं0 5268 दफ्तर सब रजिस्ट्रार मुजफ्फरनगर था, दिनांक 12.06.2024 को समय करीब 11.00 बजे दोपहर फोटोस्टेट कराने गयी थी रास्ते में गुम हो गया काफी तलाश किया उक्त बेनामा नहीं मिला यदि मिले तो कृपया संपर्क करें एड. पंकज सिंह 141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9675983535

सूचना

मुझ कविता का 1 बैनामा रकबई 81.77 वर्गगज मुतालिका खसरा नं0 259 मि. जिसका विक्रेता बनारसी पुत्र मनफूल सिंह व क्रेता सुषमा पत्नी रामलाल दिनांकित 21.06.2008, जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 841 पृष्ठ 1005-1020 दस्तावेज नं0 3395 दफ्तर सब रजिस्ट्रार तृतीय सहारनपुर में दर्ज है दि.12.06.2024 को समय करीब 11.बजे दोपहर फोटोस्टेट कराने ग्राम सौठकी में फोटोस्टेट की दुकान के रास्ते में गिर गया तलाश किया बैनामा नहीं मिला यदि मिले तो संपर्क करें।

एड. पंकज सिंह 141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9675983535

रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। आज विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रूद्र सेवा संस्थान और समाधान चैरिटेबल ब्लड केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन रूद्र सेवा संस्थान के मुख्यालय विमल कुञ्ज कॉलोनी, इंदिरा नगर, लखनऊ में किया गया. इस शिविर में स्थानीय नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में पत्रकार, व्यापारी और प्रबुद्ध नागरिकों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में युवाओं का मुख्य योगदान रहा। शिविर में रक्तदाताओं के लिए जलपान आदि कि उचित व्यवस्था की गयी थी. शिविर का उद्घाटन डॉ. पी के शुक्ल, मारुती होमियो क्लिनिक, इंदिरा नगर, लखनऊ द्वारा किया गया। डॉ. शुक्ल ने रक्तदान की महत्वता और आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चिकित्सा जगत मानव सेवा में अपनी अधिकतम ऊचाइयों पर पहुच गया है परन्तु मानव रक्त का अभी कोई विकल्प नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष एक करोड़ यूनिट रक्त कि आवश्यकता होती है परन्तु उपलब्धता मात्र 75 लाख यूनिट ही है।

सूचना

सूचना मैं मोहम्मद असद हुसैन पुत्र सय्यद बाक़र हुसैनी निवासी 449 / 43 इक़बाल नगर हुसैनाबाद लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मेरा पूरा नाम मोहम्मद असद हुसैन है जो कि पासपोर्ट संख्या पी 7265003 में सिर्फ असद लिखा है जो कि अधूरा है मुझे मेरे नाम मोहम्मद असद हुसैन से जाना एवं पहचाना जाये और पासपोर्ट में नाम संशोधित किया जाये।

मोहम्मद असद हुसैन पुत्र सय्यद
बाक़र हुसैनी निवासी 449/43 इक़बाल नगर हुसैनाबाद
लखनऊ।

कार्यालय ग्राम पंचायत- पिपरगड्डी
वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत पिपरगड्डी विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पिपरगड्डी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पिपरगड्डी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पिपरगड्डी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पिपरगड्डी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- रूस्तम अली
ग्रा.पं. पिपरगड्डी
वि.खं. डुमरियागंज

सचिव- अवनीश कुमार सिंह
ग्रा.पं. मरचा
वि.खं. डुमरियागंज

कार्यालय ग्राम पंचायत- टिकरिया
वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत टिकरिया विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत टिकरिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत टिकरिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत टिकरिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत टिकरिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- नाजमा खातून
ग्रा.पं. टिकरिया
वि.खं. डुमरियागंज

सचिव- अवनीश कुमार सिंह
ग्रा.पं. टिकरिया
वि.खं. डुमरियागंज

कार्यालय ग्राम पंचायत- मरचा
वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मरचा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मरचा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मरचा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मरचा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मरचा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- श्रीमती गुड़िया
ग्रा.पं. मरचा
वि.खं. बांसी

सचिव- श्रद्धा श्रीवास्तव
ग्रा.पं. मरचा
वि.खं. बांसी

कार्यालय ग्राम पंचायत- मझारी
वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मझारी विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 14.06.2024 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मझारी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मझारी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मझारी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मझारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- श्रीमती प्रभावती
ग्रा.पं. मझारी
वि.खं. बांसी

सचिव- अंकित कुमार
ग्रा.पं. मझारी
वि.खं. बांसी

कार्यालय ग्राम पंचायत- महुआ कला
वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत महुआ कला विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 14.06.2024 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत महुआ कला के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत महुआ कला के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत महुआ कला कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत महुआ कला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- श्रीमती सुनीता
ग्रा.पं. महुआ कला
वि.खं. बांसी

सचिव- अंकित कुमार
ग्रा.पं. महुआ कला
वि.खं. डुमरियागंज

कार्यालय ग्राम पंचायत- विमौआ बुजुर्ग
वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत विमौआ बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.06.2024 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत विमौआ बुजुर्ग के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत विमौआ बुजुर्ग के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत विमौआ बुजुर्ग कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत विमौआ बुजुर्ग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान-
ग्रा.पं. विमौआ बुजुर्ग
वि.खं. बांसी

सचिव- उषा दूबे
ग्रा.पं. विमौआ बुजुर्ग
वि.खं. बांसी

कार्यालय ग्राम पंचायत- कोल्हुई बुजुर्ग
वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत कोल्हुई बुजुर्ग विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.06.2024 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कोल्हुई बुजुर्ग के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कोल्हुई बुजुर्ग के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कोल्हुई बुजुर्ग कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कोल्हुई बुजुर्ग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- प्रतिभा सिंह
ग्रा.पं. कोल्हुई बुजुर्ग
वि.खं. बांसी

सचिव- उषा दूबे
ग्रा.पं. कोल्हुई बुजुर्ग
वि.खं. बांसी

कार्यालय ग्राम पंचायत- बडहर घाट
वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बडहर घाट विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13.06.2024 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बडहर घाट के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बडहर घाट के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बडहर घाट कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बडहर घाट के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- लक्ष्मन
ग्रा.पं. बडहर घाट
वि.खं. बांसी

सचिव- महमूद अली
ग्रा.पं. बडहर घाट
वि.खं. बांसी

सीएम योगी की सख्ती के बाद भरे जा रहे अमृत सरोवर

- अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत अब तक अयोध्या जनपद मे भरे गए 94 अमृत सरोवर/तालाबों में भराया गया पानी
- जिले में 215 अमृत सरोवर बनाए गए हैं

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। वैसे तो अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी प्रारम्भ हो जाती है। कम बरसात होने के कारण तालाब व पोखरों मे पानी नहीं रहता। योगी सरकार ने पशु पक्षीयों के लिए पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कराया है। शासन का निर्देश है कि सभी तालाबों मे हर समय जल रहे। किन्तु प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते अधिकांश अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। इसके चलते पशु पक्षी प्यास के कारण तड़प रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेजुबान पशु पक्षियों की इस समस्या को समझा है। मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों के डीएम को निर्देश दिए कि अपने अपने जनपदों के अमृत सरोवरों के जल मय कराएं। मुख्यमंत्री के निर्देश को प्रशासन अब अमली जामा पहना रहा है। सभी अमृत सरोवर पानी से भरे जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में अधिकारियों को अमृत सरोवर व तालाबों में पानी भरने को लेकर निर्देश दिए हैं। जिससे पशु पक्षियों जानवर आदि को पानी पीने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में अयोध्या जनपद में देखने को मिला है सीडीओ ऋषि राज ने अयोध्या जनपद के 11 ब्लॉकों को अमृत सरोवर तालाबों में पानी भरने को लेकर नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने के ठीक बाद सरोवर और तालाबों में पानी भरने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

इन अमृत सरोवरों को किया गया जल मय

अमृत सरोवर, ग्राम पंचायत पहुंपी, विकास खंड बीकापुर, जनपद अयोध्या, अमृत सरोवर, ग्राम पंचायत दशरथ पुर, विकास खंड बीकापुर, जनपद अयोध्या।अमृत सरोवर, ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर दाऊदपुर, विकास मवई, जनपद अयोध्या। ग्राम पंचायत पलिया प्रताप शाह, विकास खंड हरिंगटन गंज, जनपद अयोध्या आदि ब्लॉकों में पानी भराया जा रहा हैं।

संदिग्ध परिस्थित में तालाब में मिली युवती का शव, दो दिन पहले घर से गायब हुई

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़,बाराबंकी। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत रघुनाथ गंज मजरे पोखरा गांव में पिछले दो दिनो से गायब एक युवती का शव आज सुबह घर के सामने स्थित सूखे तालाब से बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार गांव निवासी दर्शन गुप्ता की पुत्री रीवानी 24 वर्ष का विवाह छः माह पहले पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत कोटवा गांव में हुआ था।पहली जून को युवती अपने मायके रघुनाथ गंज आई थी।दो दिन पहले बुधवार की रात युवती अचानक लापता हो गई थीं। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने हैदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। शुक्रवार की सुबह गांव के लोग घर से बाहर निकले तो देखा कि दर्शन गुप्ता की लापता पुत्री का शव उन्ही के घर के सामने सूखे पड़े तालाब में पड़ा है।मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

विकसित भारत के निर्माण के लिए सत्यनिष्ठा से कार्य को पूरा करें : असीम

- विभागीय योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से पहुँचाने पर हुई चर्चा

अधिकारियों के साथ बैठक करते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण

अयोध्या। हम सब को विकसित भारत के निर्माण में जुटना है यह तभी संभव है जब हम अपने काम को सत्य निष्ठा और पूर्णता के साथ करेंगे। यह बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक में कही। इस मौके पर जिलों से आये अधिकारियों ने योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया।बैठक में वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा हुई। मंत्री असीम अरुण ने इस मौके पर अधिकारीयों से सुझाव माँगा कि योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया को कैसे सरल और पारदर्शी बनाया जा सकता है।जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की इन योजनाओं का लाभ आसानी से पहुँचाया जा सके।समाज कल्याण मंत्री ने इसके साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि योजनाओं में पिछले वर्ष जो त्रुटियाँ देखने को मिली हैं उनको इस वर्ष किसी भी हालत में दूर किया जाये. ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटने पाए. बैठक में समाज कल्याण विभाग के निदेशक श्री कुमार प्रशांत, संयुक्त निदेशक, निदेशालय एस.के. बिसेन, उप निदेशक समाज कल्याण अयोध्या मंडल राकेश रमण सहित अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी और बाराबंकी के जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार की शाम को अयोध्या स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस मौके पर आश्रम में बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में मंत्री ने जाना।उन्होंने वहां रहने वाले बुजुर्गो से जाना कि सरकार द्वारा जो सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं वो आश्रम में रहने वालों तक पहुँच रही है या नहीं।श्री अरुण ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्धाश्रम की सुविधाओं को और दुरुस्त किया जाये ताकि यहाँ रहने वालों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है।

तपती धूप में राहगीरों को वितरण किया ठंडा शरबत

अवधनामा संवाददाता

राहगीरों को ठंडे शरबत का वितरण करते फाउंडेशन के पदाधिकारी

अयोध्या। मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा अंगूरी बाग रामपथ रोड बस स्टॉप पर प्रचंड गर्मी को देखते हुए ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर लगभग 5000 राहगीरों को ठंडा शरबत एवं बिस्किट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर मिर्जा शहाब शाह वाणिज्य संकायाध्यक्ष, साकेत महाविद्यालय अयोध्या ने शरबत वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोफेसर शाह को संस्था संरक्षक बसंत राम, अध्यक्ष नेहा कुमारी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ सदस्य विनय प्रकाश मौर्य ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं पट्टिका भेंटकर सम्मान किया। प्रोफेसर शाह ने कहा कि समाज सेवा हर व्यक्ति को करना कोई जरूरी नहीं कि केवल समाज सेवी ही सेवा करे हर व्यक्ति को सेवा में भाग लेना चाहिए पानी अमृत के सामान है प्रचंड गर्मी में शरबत या पानी वितरण करना सबसे बड़ा पुण्य है यकीनन यह कार्य सराहनीय है मैं संस्था टीम को सराहनीय योगदान के लिए शुभकामना देता हूं। संरक्षक बसंतराम ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष बड़ा मंगल के पखवाड़े में सेवा कार्य करती है। करीब 5000 राहगीरो ने शरबत पिया और इस गर्मी में अपनी प्यास बुझाई संस्था आगे भी सेवा कार्य में तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में मनोरमा साहू अर्चना गोस्वामी रोली श्रीवास्तव एकता रस्तोगी रामकिशन सुबोध श्रीवास्तव सुषमा गौतम सूरज चौधरी शारदा सिन्हा राज सिंहा अमरेश श्रीवास्तव शाश्वत सिन्हा शिखा श्रीवास्तव, पियूष रंजन, शोभित मिश्रा,ज्योति कुमारी, संजय, श्रीवास्तव राजेश चौबे आकाश गुप्ता अमरेश चंद्र मिश्र विकास श्रीवास्तव शिव शंकर भारती बुशरा अंजुम, काजल प्रजापति सूरज चौधरी राम शंकर एकता रस्तोगी शाश्वत सिंह अमरेश सिन्हा सीमा श्रीवास्तव आदि ने इस अवसर पर प्रतिभाग किया।

संदिग्ध परिस्थित में फांसी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़,बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव निवासी घनश्याम रावत उर्फ गुड्डू टेलर ने दो वर्ष पहले अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया था। इसके बाद जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज के मिर्जागढ़ मजरे कुकहा रामपुर गांव निवासी कृपाल रावत की पुत्री रेनू 30 वर्ष से प्रेम विवाह किया।ग्रामीण बताते हैं कि गुड्डू के गलत आचरण के कारण पति पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। ग्रामीण बताते है कि शुक्रवार की सुबह भी विवाद हुआ। इसके बाद रेनू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में छत से लटका मिला।

राजर्षी दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शन आयोजित विश्व रक्तदान दिवस

- एक व्यक्ति के द्वारा किया गया रक्तदान कई व्यक्तियों की जान बचा सकता-छोटेलाल

अवधनामा संवाददाता

रक्तदान करते सीआरपीएफ के जवान

अयोध्या। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 63 बटालियन सीआरपीएफ के द्वारा छोटेलाल कमांडेंट 63 बटालियन सीआरपीएफ के पर्यवेक्षण में राजर्षी दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर में मैं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर सीआरपीएफ के जवानों ने बढ़ चढ़कर स्वेच्छा से भाग लिया कमांडेंट 63 बटालियन ने अपने संबोधन में कहा कि एक व्यक्ति के द्वारा किया गया रक्तदान कई व्यक्तियों की जान बचा सकता है तथा रक्तदान से मनुष्य को कोई शारीरिक कमजोरी नहीं होती है सभी स्वस्थ लोगों को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए इस मुहिम का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति रक्त के अभाव में अपना कीमती जीवन ना खोये प्राचार्य राजश्री दशरथ मेडिकल कल दर्शन नगर वह ब्लड बैंक अधिकारी ने रक्तदान को लेकर गलतफहमी लाभ के बारे में अवगत कराया एवं 63 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा आयोजित इस महादान कार्यक्रम की प्रशंसा की इस शिविर में अजय कुमार उप कमांडेंट सुदेशना देव वर्मा चिकित्सा अधिकारी निरीक्षक रंजीत यादव एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

विद्यालय के कमरे में शिक्षिका का शव बरामद

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद के नौतनवा कस्बे वार्ड नंबर 4 में स्थित एक स्कूल में शिक्षिका का शव स्कूल के कमरे में फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में ग्रीष्मवाकाश चल रहा है जिसके कारण सभी शिक्षक अपने घरों को चले गए हैं। विद्यालय के प्रबंधक ने विद्यालय की देखरेख के लिए उक्त शिक्षिका को विद्यालय की चाबी दे रखा था। क्योंकि शिक्षिका का विद्यालय के पास ही अपना निजी आवास है। अवकाश के समय में विद्यालय की देखरेख भी यह करती थी। शिक्षका के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह शिक्षिका किरन गौतम उम्र 28 वर्ष अपने घर से बिना किसी को बताएं गायब हो गई। परिजन कल से ही परेशान थे। आज शुक्रवार की सुबह उसे तलाशने के लिए विद्यालय में आए तो देखा कि वह ऊपरी तल पर एक कुंडी से लटक रही है।

मेंड़ के विवाद में चाचा भतीजे में हुई मारपीट मे घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

- परिजनों ने लगाया पुलिस पर विपक्षी से मिलीभगत होने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

कर्नलगंज,गोण्डा। कोतवाली कर्नलगंज पुलिस का एक और गंभीर कारनामा सामने आया है। यहां के एक गांव मे मारपीट की गम्भीर घटना में मुकदमा दर्ज ना करके पुलिस ने मामूली धारा में आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर खाना पूर्ति कर ली गई थी। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान पांच दिनों के बाद मौत हो गई। मामले में परिजनों ने पुलिस पर विपक्षी से मिलीभगत होने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अल्लीपुर गोकुला गाँव का है जहां बीते 9 जून को खेत की मेड़ को लेकर चाचा भतीजे में हो रही मारपीट में बीच बचाव कराने पहुंची महिला को उसके देवर ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शुक्रवार को पांचवें दिन इलाज के दौरान महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर महज खानापूर्ति कर ली थी।

घटना कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर गोकुला से जुड़ी है। यहाँ बीते 9 जून को खेत के मेड़ के विवाद को लेकर चाचा भतीजे में हुई जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान बीच बचाव कराने पहुंची महिला को भी उसके देवर ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल महिला की इलाज के दौरान पांचवें दिन शुक्रवार को मौत हो गई। बीते 9 जून को चाचा भतीजे में जमकर मारपीट हुई थी,इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मृतका के बेटे रवीन्द्र कुमार ने बताया कि हमारे चाचा मेरे खेत में दो हाथ बढ़कर मेड़ बांध रहे थे। जब मौके पर पहुंचकर उसने इसका विरोध किया तो मारने पर उतारू हो गए। हम वहां से चले आए। खेत से घर पहुंचने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

जैसे ही वह घर पहुंचा तभी घर के सामने बैठे सुनील कुमार, संजय व जंगबहादुर उसके घर पर पहुंच कर घर में घुसकर उसे मारने लगे। जब घर के लोगों ने विरोध किया तो विपक्षी गणों ने लाठी डंडे से उनकी भी पिटाई कर दी। मेरी मां गंगोत्री देवी बचाने दौड़ी तो उनका पैर तोड़कर भाला मार दिया। मेरे हाथ में चोट लगी थी। हमें तथा मेरी मां को लेकर लोग कर्नलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए हम दोनों को रेफर कर दिया। यहां पर मां का इलाज चल रहा था। जहां शुक्रवार को पांचवे दिन उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जंग बहादुर पुत्र प्रताप नारायण, संजय और सुनील पुत्रगण जंग बहादुर के विरूद्ध मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बताया जाता है कि इस मारपीट में रविंद्र कुमार, पिता छैल बिहारी मिश्र को भी चोट आई थी। मारपीट की घटना को अंजाम देते समय आरोपियों द्वारा पीड़ित रवीन्द्र कुमार व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस जमकर हो रहे मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है,पूंछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी।

अवध विवि की कुलपति ने आंनलाइन योग शपथ की समीक्षा बैठक की

- सभी की एकजुटता से अवध विवि शीर्ष स्थान पर होगा : कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में शुक्रवार को पूर्वाह्न कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए योग की शपथ लिए जाने हेतु अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, निदेशकों, समन्वयकों एवं प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कुलपति ने समस्त से समीक्षा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के महाविद्यालयों से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। काफी संख्या में विद्यार्थियों एवं लोगों ने ऑनलाइन योग शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। अवध विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। लोगों को आंनलाइन योग शपथ के लिए प्रेरित करें। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने विभागाध्यक्षों से कहा कि विश्वविद्यालय को 18 जून तक साढ़े पांच लाख का लक्ष्य मिला है। सभी की एकजुटता से ही विश्वविद्यालय शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकता है। इसके लिए युद्ध स्तर पर विद्यार्थियों व लोगों से संवाद स्थापित करना होगा। बैठक में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के पासआउट विद्यार्थियों से भी सम्पर्क कर आंनलाइन शपथ सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए जागरूक करें जिससे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए आंनलाइन योग की शपथ से उत्तर प्रदेश गिनीज बुक आंफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हो सके।बैठक में योग नोडल समन्वयक प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि आंनलाइन योग शपथ में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके लिए सभी का सहयोग चाहिए। सम्बद्ध महाविद्यालयों से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। काफी संख्या में लोगों ने योग ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया है, फिर भी अन्य विश्वविद्यालय से अभी पीछे है। लक्ष्य के दृष्टिगत लोगों से संवाद स्थापित कर शपथ के लिए प्रेरित करें। बैठक में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 अशोक राय, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 गंगाराम मिश्र, डॉ0 डीएन वर्मा, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, अभियंता आरके सिंह, रवि प्रकाश मालवीय, संजय सिंह, राजीव तिवारी, डॉ0 राजेश सिंह, राजेश पाण्डेय, आशीष मौर्य, विष्णु यादव, गिरीश चन्द्र पंत, आशीष मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

पंचायत प्रशासन की मनमानी एक बार फिर हुई उजागर

- सभासद आरती जायसवाल की मांग पर फव्वारा तो हुआ चालू लेकिन गेट पर अभी भी लगा हैं ताला

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। गोशाईगंज नगर पंचायत प्रसासन सरकारी पैसे का कैसे दुरपयोग करता हैं?इसका जीता जगता उदाहरण देखना हैं तो डॉ अम्बेडकर चौक पर लाखो रूपये की लागत से बना पार्क/फव्वारा चले आईये!बीते दिनों सभासद आरती जायसवाल की शिकायत पर 2 दिन पूर्व पंचायत प्रसासन ने अम्बेडकर चौक पर लाखों रुपये की लागत से पार्क मे बने फव्वारे को चालू तो करा दिया लेकिन गेट पर लगे ताले को खोलवाना वो भी भूल गये!लाख टके का सवाल यह हैं कि पार्क के अंदर कोई मनोरंजन न कर सके?क्या इसीलिए नगर पंचायत ने इसको बनवाया हैं?फिलहाल सभासद श्री मती जायसवाल ने बताया कि अगर पंचायत प्रसासन अपने रवैये मे सुधार नहीं करता हैं तो जल्द ही मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी को पत्र भेजकर की जाएगी !गौरतलब हो कि बीते 2 जून को जनमोर्चा ने अम्बेडकर चौक पर निर्मित फ़ौव्वारा अरसे से बदहालपार्क के गेट पर बंद रहता हैं ताला ! सभासद आरती ने की बदहाली दूर करने की मांग सीर्सक से सम्बंधित खबर को प्रकाशन किया था !खबर को संज्ञान मे लेकर एक सप्ताह बाद पंचायत प्रसासन की तन्द्रा टूटी तो उसने पार्क के अंदर बने फव्वारे को आनन फानन चलवा दिया गया लेकिन गेट पर ताला लगे होने से लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं !मोहल्लेवासी आज भी पार्क एवं फव्वारे का आनंद लेने से वँचित हैं !मालूम हो कि पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र कसौधन ने अपने दूसरे कार्यकाल मे वार्ड नं-2, 6,9 की सीमा से सटे रामगंज रेलवे क्रासिंग से कोतवाली जाने वाले संपर्क मार्ग पर लाखो रूपये की लागत से पार्क एवं फ़ौव्वारे का निर्माण कराया था! पार्क/फव्वारे बनवाने के पीछे तत्समय चेयरमैन श्री गुप्त की मंसा थी कि पार्क बन जाने पर इधर से गुजरने वाले राहगीर जहाँ सुबह शाम इस पार्क मे बैठकर आनंद उठाएंगे वही मोहल्ले वाले भी शाम को इस पार्क के अंदर बने फव्वारे का लुत्फ़ उठा सकेंगे !बीते माह सभासद श्री मती जायसवाल की शिकायत पर ठेकेदार ने आनन फानन बिजली के वायरो को बिना अंडर ग्राउंड किये उसको चला दिया था !लेकिन चार दिन भी नहीं बीता था की स्थित फिर वही पुराने ढर्रे वाली हो गयी !सभासद आरती जायसवाल ने बताया कि ईओ को बीते 10 मई को एक शिकायती पत्र देकर फव्वारे के गेट पर लगे ताले को खोलने एवं पार्क के अंदर आम -जन के लिए खतरे का सबब बने खुले मे पड़े बिखरे बिजली के केबल को अंडरग्राउंड कर इधर से गुजरने वाले राहगीरों की सुबिधा के लिए पार्क के अंदर सीमेंटेड बेंच लगवाने की मांग की गई थी !

विद्यार्थियों ने ली आंनलाइन योग शपथ

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में परिसर में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने योग की शपथ ली। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो सके। इसके लिए परिसर के विभिन्न विभागों में ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण कराया गया। अवासीय परिसर के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह तथा कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा के नेतृत्व मे एमबीए, बीबीए, बीकॉम, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, फाईन आर्ट्स एवं परफार्मिंग सहित अन्य विभागों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को आंनलाइन योग शपथ से जागरूक कर शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि राजभवन के पोर्टल या विश्वविद्यालय की वेबसाइट योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाकर विश्वविद्यालय का नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करना होगा।

पुलिस व शातिर लुटेरे में हुआ मुठभेड़, लुटेरा घायल किया गिरफ्तार

- परिजनों ने लगाया पुलिस पर विपक्षी से मिलीभगत होने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

मसौली,बाराबंकी। बीती मध्य रात्रि पुलिस एव बदमाशों के बींच हुई मुठभेड़ मे पुलिस ने एक गैरजनपदीय शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा जिंदा कारतूस बरामद किया है पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार बदमाश ने गत मई महीने मे केवलापुर निवासी सर्राफा व्यवसाई के साथ हुई लूट को कुबूल किया है। बताते चले कि विगत माह सफदरगंज थाना क्षेत्र मे सर्राफा एव गुड़ व्यवसायी से लूट कर पुलिस को चुनौती देने वाले बदमाशों की तलाश मे जुटी सफदरगंज पुलिस बीती मध्य रात्रि गस्त पर थी इसी दौरान लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित करमुल्लापुर दादरा मार्ग पर शराब ठेका के सामने आ रहे दो बाईक सवार युवकों को रोकने की कोशिश की जिस पर एक बदमाश बाईक से कूद कर फरार हो गया तथा एक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिसके जवाब मे पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही मे बदमशा के पैर मे गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने घेर कर हिरासत मे लेते हुए इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। पुलिस की गिरफ्त मे आया बदमाश सीतापुर जिले के थाना थानगाव के ग्राम खरेटी पोस्ट गवारी निवासी ओमप्रकाश रावत उर्फ संतोष उर्फ ओपी पुत्र तुलसीराम तथा फरार अभियुक्त शादाब पुत्र समी अहमद निवासी रहलामऊ चीनी मिल थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर का है। गिरफ्तार बदमाश के पास से दस हजार की नगदी सहित अवैध तमंच जिंदा कारतूस बरामद किया है। मुठभेड़ घायल बदमाश एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद सीतापुर सहित थाना बड़ुपुर मे आधा दर्जन से अधिक लूट के मुकदमे दर्ज है अभियुक्त ओपी रावत 20 हजार रुपये का इनामियां अपराधी है जिसकी काफी समय से पुलिस तलाश कर रही थी। मुठभेड़ मे घायल वदमाश ओपी रावत ने गत 3 मई को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महमदाबाद से केवलापुर गाव जाने वाले मार्ग पर सर्राफा व्यवसाई मनोज सोनी के साथ हुई लूट का जुर्म कुबूल किया। बताते चले कि गत 3 मई को केवलापुर निवासी सर्राफा व्यवसाई मनोज कुमार सोनी महम्मदाबाद मे अपनी दुकान बंद कर घर वापस जा रहे थे कि दो बाईक पर सवार 4 बदमाश ने असलहे के बल पर 30 ग्राम सोना, 3 किलो चांदी सहित 20 हजार की नगदी लूट कर फरार हो गये थे। शातिर अपराधी एव पुलिस की मुठभेड़ के घटनास्थल पर पहुंच क अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नरायण सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण व साफ-सफाई रखने का दिया जायेगा संदेश

नुक्कड़ नाटक करने वाली टीम को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। शुक्रवार को डुमरियागंज ब्लॉक प्रांगण में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा ब्लाक के प्रत्येक गावों में जल की स्वच्छता जांचने वा जल को स्वच्छ रखने का संदेश देने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने वाली टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों को वर्षा जल संचय तथा स्वच्छ पानी पीने से होने वाले लाभ व हानि के बारे में बताया। साथ ही जीवन में साफ सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बीमारियों से दूर रखने में स्वच्छता का विशेष महत्व है। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, कमलेंद्र त्रिपाठी, राजन अग्रहरि, अजीत उपाध्याय, सुरेंद्र अग्रहरि, बबलू पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

दीवान की घर जाते समय मार्ग दुर्घटना में मृत्यु

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। डुमरियागंज थाने में

हल्का नं 4 में तैनात दीवान प्रभु नाथ सिंह का घर जाते समय मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई। बृहस्पतिवार को 3 दिन का अवकाश लेकर गोरखपुर जाते समय बस्ती जनपद के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में रात्रि करीब 11 बजे मार्ग दुर्घटना में दीवान प्रभु नाथ सिंह का मृत्यु हो गया। इंचार्ज प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि दीवान प्रभु नाथ सिंह तीन दिन की छुट्टी पर घर जा रहे थे, वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में मार्ग दुर्घटना से उनकी मृत्यु हो गया, बाडी जिला अस्पताल बस्ती में पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया हैं साथ ही परिजनों को रात में ही सूचित किया गया।

त्यौहार शान्ति का संदेश देते हैं इन्हें शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए : एसपी सिटी

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक (नगर) कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में पर्यटन भवन के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद शांति एंव सद्भावना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर कृष्णा बिश्नोई पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक संजय कुमार एसीएम राजू कुमार सहित समस्त क्षेत्राधिकारी व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

कोटेदारो की समस्या के निस्तारण के लिए बैठक

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा तहसील क्षेत्र के कोटेदारों के सामने आ रही समस्या के निस्तारण के लिए सहजनवा में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते आपूर्ति निरीक्षक इंद्रेश तिवारी ने कहा की स्टॉक मशीन को समय से प्राप्त कर ले। और राशन का वितरण समय से शुरू कर दिया जाय। यदि किसी कोटेदार को स्टॉक मशीन को लेकर कोई समस्या आ रही है। तो उसे आपरेटर को दिखा कर ठीक करा लिया जाय। राशन वितरण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

16 जून को होगा गंगा आरती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने रासी नदी तट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा धर्म रक्षा मंच के पदाधिकारियों को दायित्व देते हुए कार्यक्रम की भव्यता देने हेतु चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विगत वर्षों कि भांति इस वर्ष भी 16 जून को सांय 6 बजे गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में गंगा आरती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं, जिसमे मां अचिरावती गंगा आरती, दीपदान, भजन संध्या व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। इस बार रासी नदी के तट पर 1001 दीपों की सतरंगी छटा बिखरेगी। 108 शंखों की गूंज के बीच गंगा महाआरती की जाएगी। इस दौरान उन्होंने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन किया है। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, लवकुश ओझा, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, शत्रुहन सोनी, कमलेंद्र त्रिपाठी, अजय दुबे आदि उपस्थित रहें।

सड़क पर जल जमाव को लेकर किया प्रदर्शन

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भीटी रावत में स्थित मस्जिद और भरपुरवा की तरफ जाने वाले काली मंदिर के रास्ते पर जल जमाव होने से ग्रामीणों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। और प्रशासन से जल जमाव से मुक्ति दिलाने की मांग किया। प्रदेश का नेतृत्व कर रहे समाज सेवी डा सईद बाबू रहबर ने कहा की मस्जिद और काली मंदिर जाने वाले रास्ते पर नाली का निर्माण न होने से लोगो के घरों का पानी सड़क पर बह रहा है। इसी रास्ते से लोग मजबूर होकर गुजर रहे है। कई बार देखा गया की कीचड़ में लोग गिर कर घायल भी हो रहे है। जल जमाव होने से संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। नाली निर्माण कराने के लिए कई बार जिम्मेदारों से शिकायत किया गया। लेकिन इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है की समय से जल जमाव से मुक्ति नहीं दिलाई गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होगे।

चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहमदपुर निवासी अजय ने रावत पुत्र स्व सकलदीप रावत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ मारपीट और जान माल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के अहमदपुर निवासी अजय रावत ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 जून को रात करीब 9 बजे के करीब जमीनी रंजिश को लेकर हमारे पट्टीदार सुरेन्द्र रावत, आदित्य रावत, गुड़िया, अभिशेष रावत मिल कर मुझ प्राथी अजय रावत, पत्नी ममता देवी और भाभी सुमन देवी पत्नी सुनील रावत को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिए, सूचना पर पहुंची पुलिस अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि अजय रावत की तहरीर पर सुरेन्द्र रावत, आदित्य रावत, गुड़िया और अभिशेष के खिलाफ मारपीट और जान माल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

जामा मस्जिद में इमाम मुहम्मद बाक़िर अस के शहादत दिवस पर मजलिस आयोजित

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। इमाम मुहम्मद बाक़िर अस अपने पिता इमाम सज्जाद अस के बाद शियों के पांचवें इमाम हैं। उनका सबसे प्रसिद्ध उपनाम बाक़िर है जिसका अर्थ है विभाजन करने वाला, जो उन्हें हदीसे लौह के अनुसार उनके जन्म से पहले पैगंबर सअ द्वारा दिया गया था।

इमाम बाक़िर अस लगभग 19 वर्षों तक शियों के इमाम रहे। इमाम 57 साल की आयु में 7 ज़िल हिज्जा 114 हिजरी को शहीद हुए। उक्त उदगार क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में शिया मुसलमानों के पांचवे इमाम मुहम्मद बाक़िर अस के शहादत दिवस पर आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कही। उन्होंने कहा कि इमाम हज़रत मुहम्मद बाकिर अस की जिंदगी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम मोहम्मद बाकिर अस का अखलाक और नर्म दिली बहुत मशहूर थी और अपने शियों को समाज मे किस तरह रहा जाए बार बार समझाया। इमाम मोहम्मद बाकिर अस ने अपने शियों को यह हिदायत दिया कि जितना भी मुमकिन हो इल्म हासिल करो और उसका इस्तेमाल खुद अपना किरदार बनाने में और लोगों में बांटने में करो। अंत मे शहादत बयान किया तो हर आँख में आंसू नज़र आये। मजलिस से पूर्व अम्बर मेंहदी व हमनवा ने मरसिया पेश किया। मजलिस के दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, वजीहुल हसन, असगर मेंहदी मुन्नू, जलाल, काज़िम मेंहदी, जमाल, माहताब, कामयाब, मोहम्मद हैदर, जानशीन, जलाल सर, अब्बास अली, शकील गुड्डू, सलमान, रेहान, शायान, लक्कन, सोजफ, राशिद रिज़्वी कसान, नासिर, काज़िम रज़ा, अरमान, तनवीर हसन, मीसम, शब्लू, अज़ीम, शमशुल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या 1249/ एलएसएलए-23/2017, दिनांकित 10 अप्रैल के अनुपालन में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश के क्रम में वार्षिक एक्शन प्लान 2024-25 में उल्लिखित गतिविधियों के अनुपालन में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान हेतु शुक्रवार को जागरूकता शिविर का आयोजन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में किया गया है।

जागरूकता शिविर में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर, राजेश मोहन प्रधानाचार्य माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर, डा0 नौशाद आलम विभागाध्यक्ष कम्यूनिटी मेडिसीन सिद्धार्थनगर, डा0 एके झा सी0एम0एस0, ऋषि प्रताप सिंह रेड क्रास सचिव, प्रत्युष दूबे कम्यूनिटी मेडिसीन, अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, फराज अहमद डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, अंजनी कुमार दूबे अधिवक्ता सिविल सिद्धार्थबार सिद्धार्थनगर, विजय कुमार शुक्ल अधिवक्ता सिविल सिद्धार्थबार व अनूप दूबे स्टेनो सिविल सिद्धार्थबार सिद्धार्थनगर मौजूद रहें। चूंकि आज का दिवस रक्तदाताओं के सम्मान हेतु विशेष रूप से निर्धारित है। अतः जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पूर्व में रक्तदान करते आ रहे रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व सील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा रक्तदान के संदर्भ में आमजन को जागरूक किये जाने व रक्तदाता के रूप में प्रेरणा स्त्रोत्र बनाने हेतु 31 व्यक्तियों ने रक्तदान किया जिसमें सिद्धार्थनगर जनपद के सिविल सिद्धार्थबार के 3 अधिवक्तागण अंजनी कुमार दूबे विजय कुमार शुक्ल व अनूप दूबे स्टेनो सिविल सिद्धार्थबार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा भी रक्तदान किया गया है।

रक्तदाता के रूप में प्रेरणा स्त्रोत्र बनाने हेतु 31 व्यक्तियों ने किया रक्तदान

जनप्रतिनिधियों की जलालपुर क्षेत्र में नहीं रही कोई विकास के बारे में रूचि

जलालपुर अंबेडकरनगर। जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधि बारी बारी से चुने गये इसके बावजूद भी कई गांव आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। परंतु उस पर कोई भी ध्यान देने वाला नहीं है। जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा, बसपा और भाजपा तीनों पट्टियों के विधायक तथा तीनों पार्टियों के सांसद चुने गये लेकिन यह सांसद विधायक निर्वाचित होने के बाद किसी-किसी गांव में इनके विकास का कोई योगदान नहीं रहा है इसके बावजूद भी उक्त गांव के मतदाता अपने गांव की विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को चुनते रहे लेकिन निर्वाचित होने के बाद गांव की तरफ रुख नहीं किये। अगर कभी रुख भी किया तो वह सिर्फ चुनाव के ही समय में इसलिए आज भी तमाम गांव में जाने के लिए लोगों को ऊबड खाबड व बरसों पूर्व लगाये गये खडंजे के मार्ग से लोगों को गुजरना पड़ता है। ऐसा ही जलालपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव जगतूपुर बिल्ल्ई है। जहां गांव में जाने के लिए ऊबड खाबड रास्तों से ही गुजरना पड़ता है । सपा सरकार में इस गांव को तत्कालीन स्वर्गीय विधायक शेर बहादुर सिंह ने लोहिया ग्राम घोषित करवा कर गांव का कुछ विकास करवाया था इसके बाद इस गांव पर किसी भी जनप्रतिनिधि की नजर नहीं पड़ी। यहां तक की इस तरफ पक्की रोड उस तरफ पक्की रोड बीच में खडंजा वह भी टूटी-फूटी उस टूटे मार्ग से दो पहिया और चार पहिया वाहनों का गुजरना आसान नहीं है। बार-बार लोगों की शिकायत और मांग के बावजूद भी इन जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया। इस गांव से पट्टी जाने वाला मार्ग लगभग 1 किलोमीटर खड़ंजे का मार्ग पड़ता है वही इसी गांव से कला चितौना होते हुए मालीपुर अकबरपुर रोड जाने के लिए 500 मीटर की का मार्ग बद्तर हालत में तब्दील है । यहां बरसात के मौसम में राहगीरों का गुजरना आसान नही हैं और इस मार्ग से लगभग प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग गुजरते हैं लेकिन इस पर कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया । जगतूपुर से दो मार्ग मालीपुर जाने के लिए है जहां एक किलोमीटर खडंजा चलने के बाद ही पक्की सडक मिलती है।

इंसान को खौफ और उम्मीद के बीच की जिंदगी गुज़ारनी चाहिए : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को खुतबे के दौरान इमाम जुमा व जमात मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने पांचवे इमाम मुहम्मद बाक़िर अलैहिस्सलाम की शहादत के मौके पर कहा कि आपकी ज़िंदगी और इल्मी मकाम पर फरमाया कि इस दुनियां में इंसान को न सिर्फ खौफ के साथ जीना चाहिए और न ही सिर्फ उम्मीद के साथ बल्कि खौफ और उम्मीद के बीच रहकर ज़िन्दगी गुज़ारनी चाहिए। जो इंसान सिर्फ खौफ में रहता है वो मायूसी भरी ज़िन्दगी गुज़र रहा होता है और जो सिर्फ उम्मीद में रहता है वो जुर्रत और जसारत में मुब्तेला हो जाता है। इसलिए चाहिए कि इन्सान दोनों को साथ लेकर चले यानी दिल मे खुदा का खौफ हो ताकि गलत काम न करे और साथ ही साथ माफी की उम्मीद भी रहे ताकि अगर गलती हो जाये तो मग़फ़ेरत की उम्मीद बाकी रहे। मौलाना ज़ैदी ने कहा कि इमाम की ज़िंदगी के हालात जानना हर इमाम वाले कि ज़िम्मेदारी है चूंकि ज़िक्रे मासूम वो सरमाया है जिससे ज़िन्दगी सँवारी जा सकती है। उन्होंने कहा कि इमाम का लक़ब बाक़िर है जिसका मतलब होता है खोलने वाला। इमाम ने इल्मी गीरहों को खोला था इसलिए आपको बाक़िर कहा गया। इमाम बाक़िर अस एकलौते ऐसे इमाम है जिनके दादा भी इमाम और नाना भी इमाम है। नमाज़ के दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, वजीहुल हसन, जमाल हैदर, जलाल जलनिगम, कसीम रिज़्वी, मंज़र, तशबीब हसन, अली ताहिर, मोजिज़, असगर मेंहदी मुन्नू, खुर्शीद आरके, इं मोहम्मद मेंहदी, अहमद हैदर, मोहम्मद हैदर, कायम रज़ा, ताज़ीम, शकील अहमद, अंजुम, अब्बास अली, अज़ीम हैदर, तनवीर हसन, राशिद ताकीब जलाल, सायान, आरजू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

चमकने से पहले ही बुझ गये किछौछा के कबड्डी के सितारे

मोकीम खान/दानिश मेंहदी

किछौछा अम्बेडकरनगर। एक वक्त वह भी था जब किछौछा के पश्चिम मोहल्ला सरदारनगर गांव में कबड्डी का शोर सुनकर युवाओं में जोश हिलोरे मारने लगता था। प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सरदारनगर अपनी शान पर इठलाता था समय का पासा पलटा किछौछा कबड्डी क्लब आर्थिक तंगी का शिकार हो गया सरकार का सहयोग नहीं मिला तो चमकने से पहले यहां कबड्डी के सितारे बुझ गए किछौछा कबड्डी क्लब के बैनर तले 40 साल पहले होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में महिला टीमों के अलावा पुरुष वर्ग में गोरखपुर, आजमगढ़, फैजाबाद सुल्तानपुर, बनारस गाज़ीपुर, आदि जनपदों से खिलाड़ी आते थे।

कबड्डी के उत्थान की आस लगाए कोच जमील अंसारी व चमन शाह दुनिया से रुख़सत हो गए कुछ खिलाड़ी अंतिम पड़ाव पर हैं। इस खेल में मुकाम पाने का रास्ता नहीं दिखा तो कप्तान मसूद खाँ (लोधई मास्टर) रोजी-रोटी की तलाश में जुट गये। उस्मान अंसारी, विधानचंद चौधरी अनीस खाँ, अच्छे लाल चैधरी, मोनी लाल यादव, आदि ने खेलना छोड़ दिया खेलो इंडिया खेलो के कदम रखने के बाद भी इसके उत्थान की आस बुझी पड़ी है। अगर सरकार से सहयोग मिला होता तो आज किछौछा टीम की होती अलग पहचान उस समय की फैजाबाद टीम की तरफ से तेजपाल सिंह का हौसला कबड्डी खिलाड़ियों में जोश भर देता था केएससी किछौछा टीम के खिलाड़ियों को प्रशिक्षक जमील अंसारी व चमन शाह नये पैंतरे सिखाते थे पर सरकारी मदद के अभाव में वह हुनर एवं कबड्डी के जुनून को समेटे दरगाह में रोजी-रोटी कमाने में जुट गए थे खिलाड़ी उस्मान अंसारी ने बताया यदि सरकारी सुविधा मुहैया हुई होतीं तो प्रांतीय स्तर के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भी खिलाड़ी प्रतिभाग करते और किछौछा टीम की अलग पहचान होती। वही किछौछा टीम के सरपरस्त सैय्यद मली अशरफ व बेच्चन ख़ादिम, दूरदराज होने वाले कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाने के लिए किछौछा टीम के खिलाड़ियों का भरपूर सहयोग करते थे।

घर में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी के विरोध पर मारपीट का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही कुछ दबंग मनचलों के ऊपर घर में घुस कर लड़की के साथ छेड़खानी का आरोप लगया है। महिला ने त्रिलोकपुर पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि लड़की के साथ छेड़खानी करने वाले लोगों का जब हम मां बेटी ने विरोध किया तो मनचलों ने पीटते हुए भद्दी भद्दी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया।

शुक्रवार को त्रिलोकपुर थाने पर शिकायती पत्र देकर मनचले दबंगो पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला ने त्रिलोकपुर पुलिस को दिए अपने तहरीर में बताया है कि, पति के मृत्यु के बाद हम प्रार्थिनी का एक लड़का जो मुम्बई में रह कर रोजी रोटी का जुगाड़ करता है, और घर पर अपने नाबालिक बेटियों के साथ रहती है। वृहस्पतिवार की रात को गांव के दो दबंग मनचलों ने घर मे घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी करने लगे, लड़कियों के द्वारा शोर करने पर मैं पहुंची और इसका विरोध किया तो दबंगों ने हमारे व लड़कियों के साथ मारपीट करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर गुल सुन पड़ोस के लोग आकर दबंग मनचलों को डांटने समझाने लगे जिसपर उन लोगो के साथ भी अभद्रता करने लगे। जिसकी शिकायत त्रिलोकपुर पुलिस से शिकायत प्रार्थना पत्र के माध्यम से कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर चंदन कुमार ने कहा कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

एचबीवाईसी के तहत चल रहा आशाओं का पांचवें बैच के अंतिम दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल कार्यक्रम (एचबीवाईसी) के तहत चल रहे प्रशिक्षण के पांचवें दिन एवं अंतिम दिन अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने आशाओं को अपने कार्य क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

प्रशिक्षक सुषमा द्विवेदी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी। सुषमा द्विवेदी के द्वारा ग्रोथ चार्ट के माध्यम से बच्चों को उम्र एवं वजन के आधार पर कुपोषित अथवा अति कुपोषित की पहचान करने की जानकारी दी गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.एन पटेल व मास्टर ट्रेनर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजीव त्रिपाठी तथा मैराज अहमद के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकासात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण कार्ड के अनुसार बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री महिलाओं की देखभाल के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया। डा. ओझा के द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभागी सभी आशाओं के टेस्ट पेपर का आयोजन किया गया, टेस्ट पेपर में आशा सुषमा मिश्रा को प्रथम स्थान, सुमन चौधरी को द्वितीय स्थान तथा सीमा देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ ओझा के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशाओं को पुरस्कृत करते हुए उनकी सराहना की गई। इस दौरान फूल कुमारी, हेमलता, लक्ष्मी, वंदना, साक्षी आदि मौजूद रहीं।

बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीमद् भागवत में कंस वध और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई गई

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीमदभागवत कथा के दौरान बृहस्पतिवार को कथा वाचक पं. अखिलेश शास्त्री ने कंश वध के साथ ही रुकमणी विवाह के कथा का रसपान कराया। कथा वाचक पं. अखिलेश शास्त्री ने बताया कि कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राहि त्राहि जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे। तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वासुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वही कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। अखिलेश शास्त्री ने रुकमणी विवाह के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रुकमणी जिन्हें माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह विदर्भ साम्राज्य की पुत्री थी, जो विष्णु रूपी श्रीकृष्ण से विवाह करने को इच्छुक थी। लेकिन रुकमणी जी के पिता व भाई इससे सहमत नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने रुकमणी के विवाह में जरासंध और शिशुपाल को भी विवाह के लिए आमंत्रित किया था, जैसे ही यह खबर रुकमणी को पता चली तो उन्होंने दूत के माध्यम से अपने दिल की बात श्रीकृष्ण तक पहुंचाई और काफी संघर्ष हुआ युद्ध के बाद अंततः श्री कृष्ण रुकमणी से विवाह करने में सफल रहे। इस दौरान केशरी चंद्र पाण्डेय, नंदलाल, जयलाल, अमित, अभिषेक, अमन, शिव वर्मा, शिव प्रसाद यादव, राजू आदि मौजूद रहे।

बीडीओ के निर्देश पर पशु पक्षियों के पीने के लिए अमृत सरोवर पर भरे जा रहे पानी

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। ग्राम पंचायतों में अमृतसरोवर तालाब का निर्माण कार्य शासन एवं प्रशासन के मंशा अनुसार कराया गया है। जिसका उद्देश्य है कि गर्मी के दिनों में जानवरों व पशु पक्षियों के लिए पीने का पानी रहे और उस गांव में पानी का जल स्तर समान्य स्थिति में बना रहे। इन सभी समस्या को देखते हुए अमृत सरोवर योजना के तहत पानी रोकने के लिए अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है। इसी के क्रम में खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा सचिवो को निर्देशित किया गया जहा भी अमृत सरोवर बने है उस तालाब में पानी होना जरूरी है। इसी के तहत विकास खण्ड लोटन अंतर्गत ग्राम पंचायत रसियावल कला, ठेठरी, धरमौली मे बने अमृत सरोवर में ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार चौधरी व प्रधानो के सहयोग से पानी भरा हुआ है। साफ सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है। शीलापट्ट लगाकर तालाब के बारे में लिखी गई है। करीब एक माह से दिन ब दिन गर्मी बढ़ती जा रही है। अधिकांश तालाब व कुएं सूख रहे हैं। आम जनमानस के साथ पशु-पक्षियों को भी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। सबसे अधिक समस्या पशुपालकों को हो रही थी। पशुपालक मवेशियों को पानी पिलाने के लिए दूर ले जाना पड़ता था। इस बात की जानकारी जैसे ही ग्राम पंचायत अधिकारी को हुई की जानवरों को पानी के लिए दिक्कत हो रही है उन्होंने बताया प्रधान के सहयोग से हम पानी भराये है जानवरों को पानी पिलाने से बडा पुनीत कार्य कोई नहीं है अब अपने गांव में ही सभी लोग अमृत सरोवर का भरपूर लाभ जानवरों को मिल रहा है। गांव वालों से पूछने पर गांव वालों ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार चौधरी रसियावल कला प्रधान रिंकू पाण्डेय ठेठरी प्रधान निजामुद्दीन, धरमौली प्रधान गयाराम यादव बघेली प्रधान दिनेश कुमार व सचिव दिलीप पटेल बस्तिया प्रधान चन्द्रबली यादव अमहट प्रधान गंगा राम यादव द्वारा अमृत सरोवर में पानी की व्यवस्था कराई है एवं साफ सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है।

चुनौतीपूर्ण होगा

मोदी को पिछले दो चुनावों अकेले दम पर भारी बहुमत मिला था। इस तीसरे टर्म में वह सुविधा नहीं है। उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। हालाकि एनडीए के सहयोगी दलों ने मोदी को अपना नेता माना इस परिपेक्ष में लगता है उनका यह कार्यकाल सहजता से चलेगा। बीच-बीच में कुछ हल्के फुल्के टकराव पैदा होते रहेगे पर मोदी का लम्बा अनुभव व उनकी कार्यकुशलता और ऊंचा कद सबकों सहज बना लेगा। हां गति कुछ धीमी हो सकती है। गति इसलिये धीमी हो सकती है कि इस बार भाजपा अपने बलबूते पर बहुमत पानेमें 32 सीट पीछे है। पर उनमें बड़े फैसले लेने का साहस है और उनकी छवि मजबूत नेता की है।

मोदी की निर्भरता एनडीए का बहुमत बनाये रखने के लिये जेडीयू और टीडीपी पर ज्यादा होगी। हालाकि दोनो के नेताओं में पक्के साथ का इजहार किया है। टीडीपी को भारी भरकम सहायता की जरूरत है और जेडीयू बिहार का विशेष दर्जा चाहता है और रेलवे मन्त्रालय भी दोनो वाजपेयी सरकार में सहयोगी थे पर बाद में अलग हो गये थे। चन्द्रबाबू नायडू ने अमित शाह और नरेन्द्र मोदी को लम्बे अर्से के बाद राजनीति में वापसी के लिये बहुत भावुक आभार प्रकट किया है। नीतीश मोदी का पांव छूने की कोशिश करते दिखे। अग्नि वीर योजना को लेकर लोगों में खासकर नाजवानों में भारी रोष है। भाजपा को कम सीटे मिलने में यह कारक रहा है। सहयोगी दल इसकी समीक्षा चाहते है। साथ कास्ट सेन्सस जो कांग्रेस के लिये ट्रम्प कार्ड साबित हुआ उसे अपनाने के लिये जोर दे रहे है। भाजपा को ऐसी राह निकलनी होगी जिससे जनता और घटक दल दोनों सन्तुष्ट रहे।

इस कार्यकाल में मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये 2047 की डेड लाइन दी है। आर्थिक सुधार की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर उन्मुख है। मंहगाई और बेरोजगारी जनता के लिये प्रमुख मुद्दा रहा है जिसकी वजह से भारतीय जनता पार्टी को ज्यादा चोट पहुंची है। इसे सुधारने के लिये गतिशील जमीनी योजनाये लागू करनी होगी। बड़े और कड़े फैसले लेने होगे, गतिशीलता बनाये रखनी होगी। कई घटक दलों के बीच सहमति के लिये विशेष प्रयास करना पड़ेगा। क्योंकि सबके अपने अपने मत होगे अपने अपने नफा नुकसान का भीजान होगा। घटक दलों को भी श्रेय मिले सिर्फ प्रधानमंत्री और भाजपा दल को ही सारी प्रशंसा न जाये। सुधारों का एजेन्डा अब तक इसलिये सन्तोषजनक रहा कि इस पर राजनीतिक सहमाति बनी रही है। अब प्रयासों को वान्छित रफ्तार मिलती रहे जिससे निर्धारित लक्ष तक निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके। भाजपा को यह मान कर चलना होगा कि पूरा घटक अपना है उसे अपनी सीट कम होने के काम्लेक्स को भंगाना होगा। महाराष्ट्र और यूपी में जनता को सन्तुष्ट करने के लिये विशेष प्रयास करने होगे। पंश्चिम बंगाल पर भी ध्यान देना होगा। महाराष्ट्र में भारी संकट दिख रहा है। मोदी की असल परीक्षा अब है काफी लोगो को उनकी क्षमता पर यकीन है। एकमत से एनडीए के नेता चुने गये है। सरकार में सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। 9 जून को शपथ ग्रहण हो गया। विपक्ष झूठे ही खुश हो रहा है। मोदी की टिप्पणी बच्चों से पूछो पहले किसकी सरकार थी कहेगे भाजपा की पूछो अब किसकी है कहेगे भाजपा की। मोदी और घटक दल को बधाई।

वैश्विक स्तरपर यह सर्वविदित है कि हम वर्तमान प्रौद्योगिकी वह कंपटीशन के युग में अति तेजी से उन्नति कर रहे हैं, तो स्वाभाविक रूप से हमारी इस सफलता से दो पक्ष खड़े होते हैं, पहला हमारी सफलता पर खुशियों से झूमते हुए हमें और आगे बढ़ाने का प्रोत्साहन देने वाला और दूसरा जलकुकड़ा, यानें हमारी सफलता से क्रोधित होकर हमारी टांग खींचना और दाएंबाएं गिराने की कोशिश करने वाला। यह बात हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आज दिनांक 13 जून 2024 को इसीपर आधारित एक बात हुई और मैंने इस पर आर्टिकल लिखने के लिए मुद्दा लपक लिया।

जी-7 शिखर सम्मेलन इटली 13-15 जून में भारत का आगाज़

किशन भावनानी

हुआ यूं कि चीन पाकिस्तान ने 7 जून 2024 को एक संयुक्त वक्तव्य में हमारे जम्मू कश्मीर व लद्दाख क्षेत्र संबंधी भूमि को अपनी योजना में बताया था, जिसपर आज 13 जून 2024 को विदेश मंत्रालय ने जवाब देकर इसे खारिज किया व अपनी संप्रभुता की बात कही और आज ही के दिन माननीय पीएम जी-7सम्मेलन जो 13-15 जून 2024को इटली केअपुलिया क्षेत्र में आयोजित है,आज देर शाम रवाना हुए। स्वाभाविक ही है बड़े-बड़े विकसित देश हमसे नजदीकीयां बढ़ा रहे हैं।

एफटीए करने को आतुर हो रहे तो कुछ वर्ग हमसे जलन खोरी कर हमारे क्षेत्र को अपना बताकर हमेंउकसा रहें है इसलिए आज हम उकसाने वालों की बात छोड़कर हमें प्रोत्साहन देने वालों पर चर्चा करेंगे। असल में इस वर्ष इटली की मेजबानी में अपुलिया क्षेत्र में जी 7 सम्मेलन शुरू हो गया है इसमें भारत को जी 7 आउटरिच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है जिसमें माननीय पीएम एक दिवसीय इटली यात्रा पर गए हैं। वह शुक्रवार 14 जून 2024 को देर शाम वहां से रावाना भी होंगे। पीएम वहां सम्मेलन को संबोधन भी करेंगे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर क्षेत्र पर फोकस हो सकता है,चूंकि विश्वभर के नेता जटिल भू राजनीतिक चुनौतियों से निपटने, समाधान तरीकों को तलाशनें एआई एजेंडा प्रमुख विषयों में शामिल है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्वभर के नेताओं के साथ भारत व ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर बातचीत के सटीक अवसर को कुछलता से भुनाने में भारत माहिर है। साथियों बात अगर हम दिनांक 13 जून 2024 को देर शाम माननीय पीएम के इटली यात्रा की करें तो, इटली की अध्यक्षता में होने वाले 50 वें जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया की यात्रा पर रवाना हो गए। तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद पीएम की यह पहली विदेश यात्रा है। यहां बहुपक्षीय और द्विपक्षीय प्रारूप में जी 7 के सदस्यों और अन्य आमंत्रित देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा। पीएम रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर इटली रवाना हो गए हैं। भारत के अलावा इटली ने अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के 11 विकासशील देशों के नेताओं को शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होने एक बयान में कहा, वे इटली के पीएम के के निमंत्रण पर 14 जून को जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया क्षेत्र का दौरा करने जा रहें हैं। मुझे खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल में मेरी पहली यात्रा जी-7 शिखरसम्मेलन के लिए इटली की है। आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, उर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर फोकस किया जाएगा। यह भारत की मेजबानी में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन और जी-7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और उन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर होगा, जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं। मैं शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। साथियों बात अगर हम इटली के अपूलिया क्षेत्र में जी-7 शिखर सम्मेलन 13-15 जून 2024 की करें तो, इटली में तीन दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन का आगाज हो रहा है। 13 से 15 जून तक पुगलिया में बोर्गो एग्नाजिया में कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जी-7 शिखर सम्मेलन कीमेजबानी इटली की अध्यक्षता के तहत हो रही है। तीन दिनों के सत्र के दौरान वैश्विक नेता मुख्य वैश्विक मुद्दों पर बात करेंगे। इस कार्यक्रम में सात सदस्य देशों (इटली, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, यूके और अमेरिका) के नेताओं के साथ-साथ यूरोपीय संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष भी शामिल होंगे।इसके अलावा कई राष्ट्रों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि सत्रों में भाग लेंगे, जिन्हें इटली द्वारा आमंत्रित किया गया है। वैश्विक नेताओं में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा (जी20 अध्यक्ष), पोप फ्रांसिस, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो, मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद गजौनी (अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष), ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति कैस सईद, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद और तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोआन शामिल हैं।इसके अलावा कई राष्ट्रों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि सत्रों में भाग लेंगे, जिन्हें इटली द्वारा आमंत्रित किया गया है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम की वैश्विक नेताओं से चर्चा की करें तो, पीएम 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लेंगे, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित होगा। बता दें कि पीएम ने 25 अप्रैल को मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन आउटरीच सत्र में आमंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी को धन्यवाद दिया था। पीएम इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। मार्च 2023 में मेलोनी की भारत यात्रा के बाद पीएम की दूसरी बैठक होगी। पीएम एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गुरुवार को इटली गए हैं। यह यात्रा पीएम को शिखर सम्मेलन में मौजूद अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भारत और ग्लोबल साऊथ के लिए अहम मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगी। जानकारी के अनुसार, शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हो सकती है।

कुमाऊनी बोली और भाषा से कैसे जुड़ेगी नई पीढ़ी?

श्रुति

'बेडू पाको बारो मासा, नारायण ! काफल पाको चैता मेरी छैला' (बेडू तो बारह माह पकते हैं, लेकिन काफल तो केवल चैत माह में ही पकता है) उत्तराखंड के इस प्रसिद्ध कुमाऊनी लोकगीत को गाते हुए 95 वर्षीय बछुली देवी के चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान तैरने लगती है। वह उत्साह के साथ बताती हैं कि ऐसे बहुत से कुमाऊनी लोकगीत हैं जिसे गाँव में रहने वाली कई बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष अक्सर गुनगुनाते रहते हैं। लेकिन नई पीढ़ी अब कुमाउनी बोलना तो दूर, समझ भी नहीं पाती है। बछुली देवी उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित कपकोट ब्लॉक के कन्यालीकोट गांव की रहने वाली है। जहां बुजुर्गों द्वारा कुमाऊनी बोली जाती है जबकि यहां की नई पीढ़ी हिंदी में बात करती है।

दरअसल एक भाषा के रूप में कुमाऊनी साहित्य या अन्य दस्तावेज़ के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। जिससे यह केवल एक बोली के रूप में सीमित होकर रह गई है। हालांकि गढ़वाली की तरह कुमाऊनी भी उत्तराखंड की पुरानी भाषा और बोली मानी जाती है। इन्हीं दोनों भाषाओं के आधार पर 24 वर्ष पूर्व इस राज्य का गठन किया गया था। राज्य में कुल 13 जिले हैं। जिन्हें बोली के आधार पर गढ़वाली और कुमाऊनी मंडल में बांटा गया है। गढ़वाली बोलने वाले क्षेत्रों में जहां 7 जिले उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार और देहरादून आते हैं वहीं कुमाऊँ मण्डल में 6 जिले पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर शामिल हैं। कन्यालीकोट की 87 वर्षीय खनौती देवी कहती हैं कि जीवन के लगभग नौ दशकों में मैंने स्थानीय स्तर पर जितना विकास होते देखा उतना ही कुमाउनी बोली और संस्कृति का ह्रास होते भी देखा है। एक जमाना था जब शादियों और तीज-त्योहारों में कुमाऊनी लोकगीत गाए जाते थे। लेकिन आज यह सब कहां देखने को मिलता है? आज जमाना बदल गया है। अब लोकगीत की जगह पर फिल्मी गाने बजाए जाते हैं। डीजे पर सब कुछ बदल गया है। स्वयं मेरे पोता पोती कुमाऊनी बोलते हुए शर्माते हैं। वो लोग गीत को कहां से गाएंगे? मुझे तो ठीक से हिंदी बोलनी भी नहीं आती है। बस थोड़ा समझ लेती हूं। वह कहती हैं कि जो लोग गाँव छोड़कर शहर चले गए हैं, अपने बच्चों को अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ा रहे हैं भला उनके बच्चे गाँव की भाषा क्या समझेंगे? बैसानी गांव की एक बुजुर्ग पानुली देवी कुमाऊनी में कहती हैं, जिसका अर्थ है ÷मैंने अपने जीवन के 70 बरस इसी बोली और संस्कृति के बीच गुजारा है। कभी सोचा नही था कि हमारी नई पीढ़ी को कुमाऊनी बोलना तो दूर, समझने में भी कठिनाई आएगी। मेरे दो पोता पोती हैं और दोनों प्राइवेट स्कूल में पढ़ने जाते हैं। पढ़ना अच्छी बात है, लेकिन अपनी बोली को नहीं पहचानना गलत बात है। जब मैं उनसे कुमाऊनी में बात करती हूँ तो वे हंसते हैं और बोलते हैं कि दादी क्या बोलती हो? हमें कुछ समझ में नहीं आता, हिंदी में बोलो हम से। मैं 70 साल की उम्र में हिंदी कहां से सीखूं? जब मैं उनसे कुछ मांगती हूं तो वह अपनी मां को आवाज लगाते हैं कि दादी कुछ मांग रही है। नई पीढ़ी में कुमाऊनी बोली और संस्कृति के प्रति उदासीनता देखकर मुझे चिंता होती है।

वहीं दूसरी ओर कुमाऊनी बोलने के संबंध में नई पीढ़ी बहुत अधिक गंभीर नज़र नहीं आती हैं। स्थानीय बोली को छोड़ नई भाषा को अपनाती किशोरियां इस बारे में खुलकर बात करती हैं। 12वीं में पढ़ने वाली बैसानी की कुमारी पूजा का कहना है कि ÷मुझे कुमाऊनी बोलनी आती हैं। लेकिन यह बात सच है कि इसमें बात करना हमें ओल्ड फैशन लगता है और कई बार शर्म भी महसूस होती है। जब हम कहीं शहर जाते हैं और कुमाऊनी में बात करते है तो लोग हमें अजीब नज़रों से देखते हैं उन्हें पता चल जाता है कि हम गांव से आए हैं और फिर हमें ऐसा लगता है कि वो हमें गंवार समझ रहे हैं। वो हमें ऐसा समझे इसलिए हम हिंदी में ही बोलना ज्यादा पसंद करने लगे हैं। गांव की एक अन्य किशोरी 17 वर्षीय ज्योति का कहना है कि ÷जैसे जैसे हम बड़े हो रहे हैं हमारी मानसिकता ऐसी बन गई है कि हमारे लिए हिंदी और अंग्रेजी ही दैनिक दिनचर्या के लिए ज़रूरी हो गया है। हम नई पीढ़ी यह मानती हैं कि जब हम नौकरी करने जायेंगे तो हमसे इंग्लिश या हिंदी में ही बात की जाएगी, हमारी गांव की भाषा में हमसे कोई बात करने नही आएगा। इसलिए भी हम कुमाऊनी बोलना नहीं चाहते हैं। 11वीं में पढ़ने वाली पिंकी का कहना है कि अक्सर घर में माता-पिता हमसे हिंदी में बात करते हैं। वहीं स्कूल में भी शिक्षक हिंदी में ही पढ़ाते हैं। ऐसे परिवेश में अब हम केवल बुजुर्गों को ही कुमाऊनी बोलते देखते हैं तो हमें उनकी बोली बहुत अधिक समझ में नहीं आती है। हम तो फिर भी गांव में रहने के कारण थोड़ा बहुत इसे समझ भी लेते हैं, लेकिन जो परिवार शहरों की ओर पलायन कर चुका है, उनके बच्चे जब गांव आते हैं तो वह बिलकुल भी इसे समझ नहीं पाते हैं। कन्यालीकोट के 65 वर्षीय केदार सिंह कहते हैं कि एक समय था जब गांव में केवल कुमाऊनी बोली जाती थी। स्कूलों में भी शिक्षक इसी में बच्चों को पढ़ाया करते थे। लेकिन आज नई पीढ़ी को कुमाऊनी बोलने में हिचक होती है। कहीं ना कहीं इसमें दोषी हम भी हैं। हम उनके साथ घर में कुमाऊनी में बात नहीं करते हैं। जबकि यह हमारी संस्कृति और हमारी पहचान है। मैं हमेशा से यही चाहता हूं कि चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हमारे बच्चे चले जाएं, लेकिन वह अपनी भाषा को हमेशा इस्तेमाल करें और बोले ताकि जहां भी जाए वहां हमारी पहचान कायम रहे। वहीं समाजसेवी ज्योति का विचार है कि कुमाऊनी बोली लगभग सीमित हो चुकी है। नई पीढ़ी द्वारा इसे नाममात्र बोली जाती है। इसके लिए दो कारण विशेष रूप से ज़िम्मेदार हैं एक कुमाऊनी का लिपिबद्ध नहीं होना और दूसरा बड़ी संख्या में पलायन। ज्योति के अनुसार भाषा के रूप में कुमाऊनी साहित्य नाममात्र पढ़ने को मिलती है। जिसकी वजह से नई पीढ़ी तक इसे पहुंचाया नहीं जा सका है। वहीं गांव से जो लोग शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं अब उनके बच्चे कुमाऊनी बोलने से पूरी तरह वंचित हो चुके हैं। हालांकि मनोरंजन के रूप में ही सही, फिल्म इंडस्ट्री द्वारा कुमाऊनी में तैयार किये जाने वाले गानों ने नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का काम ज़रूर किया है। लेकिन जब तक इसे भाषा और साहित्य के रूप में दर्जा नहीं मिलता है, किताबें और कहानियों के रूप में इसे प्रकाशित नहीं किया जाता है, उस वक़्त तक कुमाऊनी को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और इसे ज़िंदा रखना कठिन होगा। इसके लिए सामाजिक स्तर पर भी प्रयास करने की ज़रूरत है।

पसमांदा तहरीक हिन्दुस्तानी मुसलमानों में ज़ात पात की इम्तियाज़ के दरमियान मुताबिक़त

इंशा वारसी

आज के हिन्दुस्तान में, पसमांदा तहरीक एक मोतबर कुव्वत के तौर पर ज़ाहिर हुई है जो पसमांदा मुस्लिम मुआशरे के हुक़ूक़ और उनकी शनाख्त की वकालत करती है। इस्लाम की मसावात की तालीमात के बावजूद, हिन्दुस्तानी मुसलमानों में ज़ात-पात की बुनियाद पर इम्तियाज़ की अमीक़ की रोशनी में पसमांदा तहरीक की बढ़ती हुई मुताबिक़त को दरयाफ्त करता है और हालिया वाकेयात पर रोशनी डालता है जो इस मक़सद की उजलत पर रोशनी डालते हैं।

फ़ारसी से माखूज़ लफ़्ज़ ''पसमांदा'' का मतलब है ''वो लोग जो पीछे रह गए हैं।'' ये इज्तिमाई तौर पर दलित, पसमांदा और क़बाइली मुसलमानों की तरफ़ इशारा करता है जिन्हें मुस्लिम मुआशरे के अंदर निज़ामी इम्तियाज़ का सामना है। तारीख़ी तौर पर, हिन्दुस्तानी मुसलमानों को दर्जा बंदी के ज़ुमरों में तक़सीम किया गया है अशरफ (आला या आला ज़ात के मुसलमान), इजलाफ़ (पसमांदा मुसलमान), और अरज़ाल (दलित मुसलमान)। पसमांदा तहरीक इजलाफ़ और अरज़ाल मुसलमानों की तरक्क़ी की कोशिश करती है जो मुआशरे के हाशिए पर चले गए हैं।

हिन्दुस्तानी मुसलमानों में ज़ात-पात की बुनियाद पर इम्तियाज़ी सुलूक महज़ माज़ी की यादगार नहीं है बल्कि एक अहम मसला है जो समाजी इख़राज से लेकर पुर-तशद्दुद जराइम तक मुख्तलिफ़ शक्लों में ज़ाहिर होता है। मेरठ, उत्तर प्रदेश में हाल ही में ग़ैरत के नाम पर क़त्ल की एक इबरतनाक मिसाल है, जिसमें मुलव्विस दोनों फ़रीक़ मुसलमान थे।

इस मामले में, एक 21 साला ख़ातून को इसके मामूं और ख़ाला ने बेदर्दी से क़त्ल कर दिया था और इसकी लाश को इस लिए जला दिया था क्योंकि उसका ताल्लुक़ दूसरी ज़ात के आदमी से था। ये होलनाक वाकेया मुस्लिम मुआशरे के अंदर ज़ात-पात के तअस्सुबात के मोहलिक नताइज को वाज़ेह करता है। इम्तियाज़ी सुलूक की दीगर मिसालों में मसाजिद में अलाहदगी, बाज़ मज़हबी रसूमात की राह में रुकावटें और आला ज़ात के मुसलमानों की तरफ़ से तौहीन आमेज़ सुलूक शामिल हैं। ये वसीअ तअस्सुबात पसमांदा मुसलमानों की पसमांदगी को बरक़रार रखते हैं और पसमांदा तहरीक की ज़रूरत पर रोशनी डालते हैं। पसमांदा मुसलमान अक्सर अपने आपको सबसे निचले समाजी-ओ-इक्तिसादी तबक़े में पाए जाते हैं, जो मामूली, कम तनख़्वाह वाली मुलाज़मतों में मसरूफ़ हैं। उन्हें मेयारी तालीम, रोज़गार के मवाक़े और सेहत की देख-भाल तक रसाई में नुमायां रुकावटों का सामना है। पसमांदा मुसलमानों के लिए सियासी पसमांदगी एक और अहम चैलेंज है। तारीख़ी तौर पर, सियासी नुमाइंदगी ने अशरफ मुसलमानों की हिमायत की है, पसमांदा मुसलमानों को पालिसी साज़ी में कम से कम असर-ओ-रसूख़ के साथ छोड़ दिया है। पसमांदा तहरीक का मक़सद तालीमी इदारों और सरकारी मुलाज़मतों में ज़्यादा सियासी नुमाइंदगी और रिज़र्वेशन का मुतालिबा करके इस अदम तवाज़ुन को दूर करना है।

पसमांदा तहरीक मुआसिर हिन्दुस्तान में एक नाज़ुक मोड़ पर क़ायम है, जो लाखों पसमांदा मुसलमानों के लिए वक़ार, मसावात और इन्साफ़ की जंग की अलामत है। चूँकि ज़ात-पात की बुनियाद पर इम्तियाज़ी सुलूक के वाकेयात सामने आते रहते हैं, तहरीक की मुताबिक़त और उजलत नाक़ाबिल तरदीद है। वसीअ-तर हिन्दुस्तानी समाज बशमूल पालिसी साज़ों, मुआशरे के क़ायदीन और सरगर्म कारकुनों के लिए ज़रूरी है कि वो पसमांदा मुसलमानों को दरपेश नाइंसाफ़ियों को पहचानें और उनका इज़ाला करें। सिर्फ इज्तिमाई कोशिशों और हक़ीक़ी समाजी इस्लाह के अज़्म के ज़रिये ही हम नसली तअस्सुबात को ख़त्म करने और सब के लिए एक ज़्यादा जामा और मसावी मुस्तक़बिल की तामीर की उम्मीद कर सकते हैं।

कश्मीर में दोबारा सिर उठाते आंतकवाद पर हो कड़ा प्रहार

डॉ. ओपी त्रिपाठी

जम्मू में सियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। इन घटनाओं में छह जवानों समेत पचास के करीब लोग घायल हुए हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं।

जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है, जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं। अब भी 3-4 आतंकी डोडा के पास, एक समूह में, घूम रहे हैं। उन्हें जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज है, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। शहादत का यह सिलसिला अभी जारी रहेगा, क्योंकि आतंकी गतिविधियों की जानकारी देने वाला मजबूत खुफिया नेटवर्क अभी तैयार किया जा रहा है। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं। कठुआ का उदाहरण है कि आतंकियों को स्थानीय लोगों ने पीने को पानी तक नहीं दिया और पुलिस को सूचना दे दी। नतीजतन आतंकी पकड़े और ढेर कर दिए गए। दरअसल अब आतंकी हमले उन इलाकों में हुए हैं, जहां कुछ साल पहले तक मान लिया गया था कि आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यहां बीते 15-20 सालों के दौरान कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं किया गया था, लेकिन बीते कुछ अंतराल में आतंकवादी दिखने लगे थे। वे ही हमले कर रहे हैं। बेशक 2019 में जम्मू-कश्मीर को लेकर संविधान में सुधार किए गए थे, उनसे स्थिति बेहतर हुई, आतंकवाद से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर लगाम लगाई गई, लेकिन समस्याएं आज भी मौजूद हैं। कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इन घटनाओं में सीमा पार की शह तो जगजाहिर है ही। ये घटनाएं यह भी बता रही है कि आतंकी साजिश रचकर घात लगाकर हमले करने लगे हैं। हमले भी इस इरादे से किए जाते हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हताहत हों जिससे डर का माहौल बने। तीर्थ यात्रियों की बस पर हमला ऐसी ही साजिश का हिस्सा थी। यह भी कहा जा सकता है कि अपनी कायराना करतूतों के माध्यम से ये आतंकी यह भी जताने का विफल प्रयास करने में जुटे हैं कि कश्मीर में अभी अमन-चैन लौटा नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में पर्यटन परवान पर चढ़ा है। लोकसभा चुनावों में कश्मीर में जिस तरह से मतदान प्रतिशत बढ़ा है उससे भी लगता है कि लोग अब राज्य में भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार का चुनाव करने को उत्सुक हैं। आतंकियों को सीमा पार से मिल रही मदद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दिनों सुरक्षाबलों को मुठभेड़ में मारे गए आतंकी के पास बड़ी संख्या गोला-बारूद, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट और दवाइयां बरामद हुए हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि घुसपैठ कर हमारी सीमा में घुस आए आतंकियों के स्थानीय मददगार भी कम नहीं हैं। हमारे जवानों की शहादत भी इसलिए हो जाती है क्योंकि आतंकियों के इन मददगारों की कमर अभी पूरी तरह टूटी नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की

बकरीद त्योहार के दृष्टिगत नगर निगम को त्योहार से पूर्व एवं पश्चात विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

- प्रधानमंत्री के प्रस्तावित वाराणसी भ्रमण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए
- मुख्यमंत्री ने राजातालाब के मेहदीगंज में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया
- प्रधानमंत्री के तीसरी बार शपथ लेने के उपरान्त प्रथम काशी आगमन हो रहा, इस अवसर पर पूरे शहर में भव्य स्वागत की तैयारी की जाए
- शहर में पेयजल की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों में तेजी लाकर पूर्ण कराया जाए



अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी भ्रमण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजातालाब के मेहदीगंज में प्रस्तावित 'किसान संवाद कार्यक्रम' हेतु पर्याप्त छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम में आने वाले किसानों/जनता को किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। सभी तैयारियां युद्धस्तर पर अभियान चलाकर प्राथमिकता पर पूर्ण करायी जाएं।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज जनपद वाराणसी भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दिए। बैठक में मण्डलायुक्त तथा पुलिस कमिश्नर द्वारा मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित वाराणसी भ्रमण हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरी बार शपथ लेने के उपरान्त प्रथम काशी आगमन हो रहा है। इस अवसर पर पूरे शहर में भव्य स्वागत की तैयारी की जाए। उन्होंने बकरीद त्योहार के दृष्टिगत नगर निगम को त्योहार से पूर्व एवं पश्चात विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार एवं प्रधानमंत्री के आगमन के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने स्वच्छता के दृष्टिगत वरुणा नदी की साफ-सफाई हेतु नगर निगम तथा सिंचाई विभाग को निर्देशित किया तथा शहर में पेयजल की समस्या के तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने नव शहरी क्षेत्रों में अमृत योजना-2 के अन्तर्गत पेयजल एवं सीवर की स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों पर तेजी लाकर इसे पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कार्य को गुणवत्तापरक ढंग से समयावधि में पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों को नियमित मॉनीटरिंग के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक पावर कट न हो, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को जनपद में निर्माणाधीन कुल 63 परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गयी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने काशी कनेक्टिविटी की परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्यदायी एजेंसियों को केवल 4-लेन सड़क निर्माण कार्य ही नहीं, बल्कि अगल-बगल की कॉलोनियों एवं मुहल्लों का भी ध्यान रखते हुए मानक अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नालियों एवं चैम्बर को ढककर रखें, ताकि जनता द्वारा इनका फुटपाथ के रूप में प्रयोग किया जा सके। उन्होंने समस्त कार्यदायी एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता तथा समयावधि का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गतिमान परियोजनाओं पर मैन पावर की पर्याप्त व्यवस्था कराकर कार्य में तेजी लायी जाए। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराए जाने हेतु प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजना के लिए जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किए जाएं।

नशे को रोकनें ने के लिए खाई कसम

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। नॉरकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार गृह मंत्रालय के निर्देशो के क्रम में नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी हमीरपुर के निर्देश पर दिनांक 12.06.2024 से 26.06.2024 तक ÷नशामुक्त भारत पखवाड़ा÷ का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.06.2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी अधिकारियों एवं सम्भ्रांत नागरिको नशे के विरूद्ध शपथ दिलायी गयी। समस्त नागरिको को नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाली बीमारियों व सामाजिक बुराईयो के प्रति जागरूक किये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। नशामुक्त भारत पखवाड़ा÷ के अन्तर्गत सभी स्कूल, कालेजो में समस्त प्राचार्यो द्वारा छात्रों को नशामुक्त रखने हेतु शपथ दिलाने के साथ ही सेमिनॉर, कार्यशाला आदि का आयोजन करने एवं जागरूकता रैली निकालने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये है। ग्रामीण / शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण व निर्देशन में नशीले पदार्थो के सेवन के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील किया है कि वे नशीले पदार्थो के सेवन से दूर रहें अपने और अपने परिवार की खुशहाली तथा देश की तरक्की के लिए नशामुक्त भारत बनाने में अपना सहयोग करें।

नवांगत एसडीएम टूंडला गजेन्द्र पाल ने सभांला चार्ज

- एसडीएम ने तहसील स्तरीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। नवागत एसडीएम गजेंद्र पाल सिंह ने ग्रहण किया एसडीएम टूंडला का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताई अपनी प्राथमिकताएं, बोले-गांवों में खेल के मैदान और गोशालाओं पर रहेगा फोकस। नगरवासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए करेंगे काम। इस दौरान एसडीएम टूंडला गजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि 100 दिन के कार्य एजेंडा में टॉप प्राथमिकता गोवंशों की सुरक्षा तथा उनको पर्याप्त चारा उपलब्ध कराना होगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक गांव में खेल का मैदान तथा लाइब्रेरी इत्यादि के लिए भी भूमिका चिन्हांकन किया जाना है राजश्व वादों के निस्तारण हेतु तहसील टूंडला के अधिवक्ताओं से वार्ता कर यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि न्यायालय प्रत्येक दिन कार्य करे और गुणवत्ता पूर्वक मुकदमे का निस्तारण हो। जिन गांवों में राशन की दुकान है जो अभी निलंबित चल रही है उनको भी प्राथमिकता के आधार पर बहाल करते हुए कार्रवाई करनी है और इसके अतिरिक्त टूंडला नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके संबंध में नगर पालिका और पुलिस के द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि ऑटो अपने गंतव्य स्थान से चले और किसी भी प्रकार का जाम ना रहे।महत्वपूर्ण कार्यों में लेखपालों का रोस्टर जारी किया जा रहा है जिससे लेखपालों को सुनिश्चित कराया जाएगा कि गांव में एक नियत दिनांक को उपस्थित रहे यदि कोई भी लेखपाल बिना कारण बताओ अनुपस्थित रहता है। उसकी जिम्मेदारी भी फिक्स किया जाएगी। शासन की मंशा यह भी है कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे के मध्य जनसुनवाई करें और इस दौरान आने वाली शिकायतों का तुरंत निस्तारण कराया जाए। सभी अधिकारियों के माध्यम से इसको भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर नायाब तहसीलदार हेमन्त चौधरी व लेखपालगण मौजूद रहे।

ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत

प्रयागराज। थरवई थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

थरवई पुलिस ने बताया कि उमरिया निवासी राम लखन का 23 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार सब्जी लेने के लिए मोटरसाइकिल से बाबा बाजार गया था। सब्जी लेकर लौटते समय राजा ढाबा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार में ट्रक ने मोटरसाइकिल पर टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गयी। ट्रक के टक्कर से संदीप गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल संदीप को एम्बुलेंस से लेकर एसआरएन अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संदीप की मौत के बाद परिवार में को राम मच गया।

कृषक हेल्पडेस्क पर अपने अभिलेख जमा कर ई.के.वाई.सी. कराएंः सीडीओ

- किसान समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमे जिला कृषि अधिकारी, उद्यान निरीक्षक, अधिशासी अभियन्ता विधुत, अधिशासी अभियन्ता सिचाई, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम/चतुर्थ, वरिष्ठ वैज्ञानिक उधान कृषि विज्ञान केन्द्र, महाप्रवन्धक जिला सहकारी बैंक, सहायक निदेशक मत्स्य, सहायक अभियन्ता प्व्क्, सहायक अभियन्ता ट्यूबवेल, जिला प्रवन्धक अग्रणी वैक, आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिस कृषकों का भूमि अकंन नही हुआ वह कृषक मुख्यालय स्तर हैल्पडेस्क पर अपने अभिलेख जमा कर सकते है। जिस कृषकों की ई0के0वाई0सी0 नही हुई है वह कृषक जनसेवा केन्द्र/कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से भी ई0के0वाई0सी0 करा सकते हैं। एन0पी0सी0आई0 जिन कृषकों की नही हुई वह कृषक बैंक खाते को आधार से लिंक करा ले। प्रधानमंत्री कुसुम सोलरपम्प योजना विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को बताया गया कि इस वर्ष किसानों को बीज की सब्सिडी पी0ओ0एस0 के माध्यम से दी जायेगी जिसमे कृषकों को कृषक अंश जमा करके बीज गोदाम से कृषक वीज आवश्यकता अनुसार वीज ले सकता है। उद्यान निरीक्षक द्वारा कृषकों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ द्वारा कृषकों के हित मे चलायी जा रही योजना वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाव योजनान्तर्गत जिला फिरोजाबाद का लक्ष्य शासन के द्वारा निर्धारित किया गया जो कि 52 का लक्ष्य है, उक्त्त योजनान्तर्गत तालाबों का आकार 22ड्ड20ड्ड3 मी0 है। जिसमें कुल लागत 105000 रू0 आती है, जिसमें से 50 प्रतिशत अनुदान राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभार्थी को दो किश्तों के माध्यम से दिया जाता है। सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा कृषकों को मत्स्य विभाग कि योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर समाधान करने के निर्देश दिये गये प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि फसल बीमा का प्रचार-प्रसार हेतु मुख्यालय स्तर पर व विकास खण्ड स्तर पर होर्डिंग लगाकर कृषकों फसल बीमा के वारे में जागरूक किया जा सकें, खरीफमें फसल धान, बाजरा, मक्का एवं तिल नोटिफाइड फसल है। फसल बीमा की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2024 है, कृषक भाई जल्द से जल्द अपना बीमा करा लें। कृषक भाईयों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाना चाहिये। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा हैः बीएसए

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समेकित शिक्षा के अंतर्गत जनपद प्रयागराज में सत्र 2024 -25 में विद्यालय आने -जाने में असमर्थ दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एस्कॉर्ट व स्टाइपेंड उपलब्ध कराया जाता है। एस्कॉर्ट अलाउंस हेतु दृष्टि बाधित, बौद्धिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को जिनका मेडिकल बोर्ड या सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, को ?600 प्रति माह की दर से 10 माह के लिए कुल ?6000 विद्यालय आने-जाने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि साथ ही ऐसे विशिष्ट आवश्यकता वाली छात्राएं जो परिषदीय विद्यालय में नामांकित हो जिनका मेडिकल बोर्ड / सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत न्यूनतम 40त्न कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र हो को रुपया 200 प्रतिमाह की दर से 10 माह के लिए कुल 2000 वृत्तिका (स्टाइपेंड) उपलब्ध कराया जायेगा। स्कॉट /स्टाइपेंड अलाउन्स हेतु चिन्हित बच्चों को धनराशि अभिभावक के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्री विकास पांडे ने बताया कि जनपद से 610 स्टाइपेंड एवं 310 स्कॉट अलाउंस दिव्यांग बच्चों को दिए जाने का लक्ष्य निश्चित है, जिसकी प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से पूर्ण कराई जा रही है। गंभीर दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए स्कॉट अलाउंस एवं स्टाइपेंड दिए जाने हेतु कार्यवाही डीबीटी के माध्यम से कराई जा रही है, जो बच्चों के लिए बहुत ही सार्थक होगा।

अवैध कब्जे वह हमले को लेकर जेडीयू ने सौंपा ज्ञापन

- जिला अधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। जनता दल यूनाइटेड के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरुष भीषण गर्मी में महिलाओं के जानलेवा हमला, अवैध जमीन कब्जा करने वाले भू माफिया और संगम में पुश्तैनी कामकाजी मल्लाह चौधियार नाविक खेवा रेहड़ी पटरी महिला कर्मियों की आजीविका के सवाल धरना प्रदर्शन जिलाधिकारी कार्यालय में किया। ज्ञापन में अपराधियों प्रदर्शनकारी रोकड़ी करछना में सीता पूजा पर जान लेवा हमले के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने, झूंसी थानाध्यक्ष के द्वारा जरायाम पेशेवर सियाराम बिंद द्वारा जमीन कब्जा कराए जाने के खिलाफ कार्यवाही करने एवम संगम में चौंधियार, नाविक, खेवा देखने, रेहड़ी पटरी आजीविका की महिलाओं के माघ मेला प्रशासन/ जिला प्रशासन द्वारा लोकतांत्रिक तहजीब परअनदेखी करने खिलाफ राज्यपाल यूपी को मांग पत्र जिलाधिकारी के हाथों सौंपा ।जिसे एडीएम प्रशासन ने धरना प्रदर्शन स्थल पर आकर लिया। धरना पर सभा को संबोधित करते हुए बिशम्भर पटेल प्रदेश महासचिव जेडीयू यूपी नें कहा रोकड़ी करछना में आदिवासी कोल समुदाय का दो कमरों का घर, जिस पर नल है बाउंड्री वाल है। जिस पर करछना एसओ के साथ हमलावरों की मीटिंग हुई। आदिवासी घर को कब्जा कर रहे अपराधियों को खुले आम एसओ द्वारा गिरफ्तारी न करना सवर्ण सामाजिक भेदभाव का अलोकतांत्रिक रवैया है। पच्चीस मई को चुनाव के दिन जबरन कब्जा करना परिवार के इरादातन जानलेवा हमला है। ऐसे में जिला प्रशासन की अनदेखी अनहोनी और जान माल की घटना की तरफ गैरजिम्मेदाराना राह है। राहुल सोनी महासचिव जेडीयू नगर प्रयागराज और झल्लर आदिवासी अध्यक्ष जेडीयू शंकरगढ़ ने कहा राजस्व की भूमि धरी जमीन की अवैध कब्जा झूंसी पुलिस की तरह हर थाने में ऐसे हालात हैं। राजस्व अधिकारी जिलाधिकारी अपनी जनजवाबदेही के आना कानी के चलते आज जगह जगह आम आदमी अपनी पुश्तैनी हैसियत से भी महरूम हो रहा है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख लोगों में अनु सिंह अध्यक्ष सामाजिक न्याय आंदोलन यूपी, मनोज पासी, मौजीलाल आदिवासी लावायन, प्रेम बहेलिया, मुकेश पासी, शारदा बिंद उपाध्यक्ष जेडीयू नगर इलाहाबाद, चंद्रशेखर कुशवाहा शंकरगढ़, गुलाब, राम तीरथ पटेल जेडीयू गौहानियाँ, अभिताभ, चिंटू, बुद्ध प्रकाश एडवेकेट उच्च न्यायालय इलाहाबाद, अवधेश आदिवासी करछना, पूजा आदिवासी, सीता, सीमा धरवारा, शिवा, महेश कोहड़ार, पार्वती, शिवराम प्रिंसिपल, महेश बनवारी, प्रकाश आदिवासी, कमलेश कैडर आदि थे।

शोध में उपागम के निर्धारण के बाद ही शोध पद्धति का चयन किया जाता है: प्रो. शिवहर्ष

प्रयागराज। ईश्वर शरण पीजी कॉलेज, प्रयागराज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से रिसर्च डिजाइन और रिसर्च पद्धति पर जारी समर स्कूल 2024 के पांचवें और अंतिम दिन विभाग के समन्वयक प्रो. शिवहर्ष सिंह ने कहा कि शोध के क्षेत्र में उपागम और पद्धति की भूमिका निर्णायक होती है। इसलिए उपागम का चयन करते समय शोध में लगने वाले समय, श्रम और संसाधन का ध्यान रखना चाहिए। शोध में उपागम के निर्धारण के बाद ही शोध पद्धति का चयन किया जाता है। उन्होंने शोध के विभिन्न उपागमों क्रमशः ऐतिहासिक, दार्शनिक, उदारवादी, मार्क्सवादी, नारीवादी, पर्यावरणवादी, अंबेडकरवादी और उत्तर आधुनिकतावादी के उदाहरण देते हुए उनकी विशेषताओं को उद्धृत किया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे०
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 12:30 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 12:40 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 12:50 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 13:00 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	22688-SLR-F2-BSB-MYS-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 13:10 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 13:20 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	19402-SLR-F1-LKO-ADI-22-2 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 13:30 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 12:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 13:40 बजे
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1821/2024

अमरोहा की गोशाला में क्रूरता : पशु चिकित्सक की लापरवाही से सात गायों की मौत, दो को जिंदा दफनाया

- गोशाला के प्रभारी समेत पांच पर केस दर्ज
- रात तीन बजे तक डटे रहे बजरंग दल कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ/अमरोहा। अमरोहा के हसनपुर की कान्हा गोशाला में सात गायों की मौत और एक जिंदा गाय को दबाने की गूंज शासन तक पहुंच गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन द्वारा हसनपुर ईओ पीएन दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, डीएम की ओर से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निलंबन की संस्तुति भी की गई है। यही नहीं एसडीएम पर भी तबादले की गाज गिरी है। उन्हें तहसील से हटाते हुए मुख्यालय से अटैच किया गया है। गोशाला प्रभारी व सहप्रभारी को निलंबित कर दिए गए हैं।

नगर में कान्हा गोशाला में करीब 400 से अधिक पशु संरक्षित हैं। यहां पर बुधवार की देर शाम को सात बीमार गायों के मौत हो गई थी। उन्हें रात को दफनाया जाया रहा था। इसी दौरान एक बीमार व जिंदा गाय को भी दफनाया जा रहा था। तभी तभी विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वहां पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया था। जिंदा गाय दफनाने की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह मामला शासन स्तर तक पहुंचा तो डीएम राजेश कुमार त्यागी ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच में गोशाला प्रभारी दिनेश कुमार व सहप्रभारी करन सिंह की लापरवाही सामने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही इसमें हसनपुर पालिका के ईओ पीएन दीक्षित, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन प्रकाश की लापरवाही भी सामने आई। जिस पर डीएम ने दोनों अधिकारियों के निलंबन की संस्तुति की थी। चंद घंटे बाद ही शासन से ईओ के निलंबन का आदेश जारी हो गया। वहीं, डीएम ने हसनपुर एसडीएम भगत सिंह को भी इस प्रकरण के चलते वहां से हटाकर मुख्यालय से अटैच किया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर प्रथम सुनीता कुमारी को हसनपुर एसडीएम बनाया गया है। बता दें कि हसनपुर में पशु चिकित्सा अधिकारी के 31 दिसबंर को सेवानिवृत्त होने के बाद से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन प्रकाश पर अतिरिक्त प्रभार था। गायों की मौत के मामले में लापरवाही बरतने पर गोशाला के सह प्रभारी समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रात में गायों की मौत पर हंगामा होने के बाद सुबह आला अधिकारी कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. चमन प्रकाश से तहरीर पर गोशाला के सह प्रभारी करन सिंह, केयरटेकर रजत, केयरटेकर कुनाल, सफाई कर्मी अश्विनी और जेसीबी चालक जाकिर की लापरवाही मानते हुए नामजद किया गया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। लोगों का कहना है कि पशु चिकित्सक गोशाला में जाते ही नहीं थे। शासन स्तर से एक पशु चिकित्सक समेत चार पशु स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी गोशाला में लगाई है। उनका कार्य है कि यदि किसी पशु को जरा भी दिक्कत या परेशान हो तो उसका उपचार किया जाए।

लेकिन चिकित्सक की लापरवाही और गोशाला के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की वजह से गोशाला में दस से अधिक गाय बीमार हो गईं। जबकि सात गायों की मौत हो गई है।

कथावाचकों के मामले मै कूदे अराजक तत्व, दुओ को भड़काने का प्रयास

मथुरा। जनपद इस समय राजनीत का लॉन्च पैड बनता जा रहा है हर कोई अपने आप को किसी भी कीमत पर राजनेता के रूप मै तैयार करना चाहता है। चाहे इसके लिए मथुरा जैसे पवित्र नगरी को सांप्रदायिकता की आग मै झोकना पड़े पहले भी तथाकथित एक अपने आप को हिंदूवादी नेता के रूप में श्री कृष्ण जन्म भूमि मामले का प्रथम पक्षकार के रूप मै स्वयं घोषित कर बैठे नेता रूपी लोग। हालाकि सर्व विदित है कि श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह मामले को रंजना अग्निहोत्री ने न्यायालय मैं वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के साथ मिल कर पेश किया और आज वह मामला मजबूती के साथ न्यायालय मैं अपने अंतिम पढ़ाव पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। बीच बीच मै कुछ अपने आप को भगवान कृष्ण के नाम पर राजनीत की जमीन तलाश करने वाले लोग अडंगा बन ईदगाह पक्ष को समय खींचने का मौका दे देते है। बात इस समय ब्रज भूमि के विद्वानों की चल रही है। एक मामला बढ़ी तेजी से ब्रज मै गूंज रहा है

विश्व रक्तदाता दिवस पर केएम हॉस्पीटल में 135 यूनिट ब्लड संग्रह

अवधनामा संवाददाता

केएम में हर साल की भांति इस बार भी हुआ रक्तदान, बढ़चढ़ कर स्टाफ ने लिया हिस्सा

मथुरा। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 14 जून (शुक्रवार) रक्तदाता दिवस को लेकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया। इस मौके पर विवि एवं हॉस्पिटल के अधिकारी कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 135 यूनिट ब्लड संग्रह हुआ। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि रक्तदान महादान है, लोगों को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे आप किसी के जीवन को बचा सकते हैं, कहा कि पिछले साल भी केएम में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ था और इस बार भी पूरे स्टाफ ने बढ़ चढ़कर इसमें भाग लिया है, ब्लड डोनेट करने वालों को फ्री हैलमेट दिया गया है।

केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रक्तदाता दिवस को लेकर आज रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जो 5 बजे तक चला। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी ने किया। सबसे पहला रक्तदान फरह कस्बे के झुण्डावई के ग्राम प्रधान प्रताप सिंह ने करते हुए दूसरों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले डोनरों को केएम विवि के कुलाधिपति श्रीचौधरी ने निःशुल्क हेलमेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। केएम मेडीकल कालेज एडं हास्पिटल के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता ने कहा कि साल में कम से कम तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है। अगर स्वैच्छिक रूप से लोग रक्तदान के लिए आगे आएं तो ब्लड बैंक में खून की कमी नहीं होगी। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ और विवि के समस्त स्टाफ शामिल रहा। ब्लड डोनेट करने वालों में प्रमुख रूप से नरेश, दीपक कंसल, जसवत चौधरी, गिरीश सहित सैकड़ों अधिकारी और कर्मचारियों आदि शामिल रहे।14 जून को विश्व में रक्तदाता दिवस के रूप पूरे देश में मनाया जाता है। इसी क्रम में मथुरा ज़िले में रक्त के लिए काम कर रही संस्था रक्तदाता फाउंडेशन द्वारा एक रक्तदान शिविर वृंदावन रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल वृंदावन में आयोजित किया गया। जिसके लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रेम मंदिर व्यापार मंडल का इसमें विशेष सहयोग रहा। आज मुख्य अतिथि के रूप में एसपी ट्रैफ़िक देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि ये एक बहुत ही नेक और ज़रूरी काम है, जब कोई एक्सीडेंट या बड़ी दुर्घटना होती है तब रक्त की अत्यंत आवश्यकता होती है तब रक्तदान शिविरों से एकत्रित रक्त से ही लोगो को रक्त उपलब्ध होता है गोपाल खंडेलवाल ने बताया की आज के शिविर में कुल 55 यूनिट रक्तदान हुआ साथ ही संस्था द्वारा एक रक्तदान शिविर मथुरा स्थित सद्भावना ब्लड बैंक में भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें कुल 42 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदाता फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर गोविंद खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। आज रक्तदाताओं का दिन है, इस दिन रक्तदान कर हम इस दिन को यादगार बनाना चाहते है, ताकि लोग रक्तदान के प्रति जागरूक हो और किसी भी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करे।प्रिंस खंडेलवाल, राहुल खंडेलवाल, धनेन्द्र अग्रवाल, बॉबी भैया एवं धीरेंद्र कुमार द्वारा सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से सतीश ,श्रवण कुमार , बलराम सिंह ,अमन ,सुमित गौतम ,विकास अग्रवाल, जितेंद्र ठाकुर , आदि लोगो ने रक्तदान किया।

एस एस पी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। शुक्रवार की परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने पुलिस बल को दौड़ कराई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराया गया, तत्पश्चात, यूपी 112 पीआरवी वाहनों तथा परेड में सम्मिलित समस्त थाना प्रभारियों, थानाध्यक्षों की गाडियों का निरीक्षण कर उनमें एंटी राइट इक्विपमेंट, मेडिकल किट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करते हुए संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए निर्देशित किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन जीडी कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, शस्त्रागार, डीसीआर कार्यालय, बैरक, आटा चक्की व तेल कोल्हू एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रशासन की छत्र छाया में मठ मंदिरों की जमीन पर भू माफियाओं कर रहें कब्जे

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। थाना जैत इलाके में मंदिर की वेश कीमती जमीन पर विवाद जारी था जिसने एसडीएम छाता की कोर्ट मै मामला भी विचाराधीन हैं, कई बार भूमाफियाओं द्वारा जमीन पर कब्जे की कोशिश की गई जिसमे पूर्व मैं खड़े हरे पेड़ों मै आग तक लगा दी मंदिर के महंत द्वारा कई बार एसडीएम छाता को मामले मै निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग की पर एसडीएम छाता द्वारा भूमाफियाओं की कार गुजारी पर आखों पर पट्टी बाध कर गांधारी की भूमिका अदा की जा रही है।

मामला मथुरा के जैत इलाके के आझाई चौकी का रहा है। कल आझइ चौकी से कुछ बर्दीधारी कर्मी प्राइवेट गाड़ियों में सवार हो विवादित जमीन मै दाखिल हुए उसके पश्चात कानूनगो और पटवारी भी मौके पर पहुंचे। मंदिर पक्ष को जब सूचना मिली तो मंदिर महंत भी मौके पर पहुंच गए वहा देखा कि सरकारी कर्मचारी विवादित जमीन मै घुसे हुए है पूछताछ की गई तो महंत को बताया कि कुछ नाप तोल करनी है।

पीछे से भूमाफिया अपने साथ लाव लश्कर के साथ पहुंच गए और साथ मै टैक्टर मै लेकर और बाउंड्री करने के सारे इंतजाम साथ ले गए। मंदिर महंत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकारी अधिकारियों से पूछताछ करनी चाही तभी वर्दी धारी लोगो ने धमकाना चालू कर दिया। जब उच्च अधिकारियों से बात कराने की कहा तो निकल लिए बर्दी धारियों के हटते ही भू माफिया के लोग सक्रिय हो कर हथियारों को लहराते हुए मंदिर महंत की ओर लपकने लगे बढ़ी मुश्किल से महंत ने बहा से निकल कर अपनी जान बचाई भू माफियाओं के लोगो द्वारा मंदिर महंत को इस कदर धमकाया की अगर कही शिकायत की तो तेरे पते भी नही पड़ेंगे कि कहा गायब हो गया मथुरा जिला प्रशासन से लेकर इलाके के मंत्री तक हमारे लोग है सबको इस ज़मीन का प्रसाद पहुंच गया है कोई तेरे काम नही आयेगा। वहा से निकलने के बाद एसडीएम छाता को कई बार कॉल कर अवगत कराने की कोशिश की पर एसडीएम छाता द्वारा कोई रिस्पॉन्स नही दिया गया। इस प्रकार की अचानक घटी घटना से मंदिर महंत काफी डरे हुए हैं मंदिर महंत का कहना है जब मथुरा जनपद का एसडीएम पद पर बैठा व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का फर्ज नही निभा पा रहा है जिसके संज्ञान मैं सारा मामला है। तो कोन हमारी सुनेगा इसी तरह मंदिर मठ की जमीनों को भूमाफिया कब्जा कर रहे है मंदिर महंत मथुरा प्रशासन की कार्यप्रणाली से आहत हो जल्द योगी आदित्यनाथ के दरबार मै अपना और अपने भगवान का मामला रखेगे।

मनरेगा: मृत भाई की जगह नौकरी करने का आरोप

मथुरा। बलदेव विकास खंड में तैनात ग्राम रोजगार सेवक पर ग्रामीणों ने फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। मुख्य विकास अधिकारी व बीडीओ के पास शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम रोजगार सेवक अपने मृत भाई की जगह नौकरी कर रहा है। मामला राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से जुड़ा है।

मामले की शिकायत लेकर पहुंचे नगला मथुरिया गांव निवासी रामबाबू, अंगद सिंह, अजीत कुमार, राम खिलौना का आरोप है कि विकास खंड में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर तैनात व्यक्ति फर्जीवाड़ा कर रहा है। 2007 में एकसीदेंड में उसके भाई वीरेंद्र सिंह की मृत्यु हो चुकी है। जबकि उक्त व्यक्ति फर्जी तरीके से वीरेंद्र सिंह बनकर ग्राम रोजगार सेवक की नौकरी कर रहा है।

वीरेंद्र सिंह के नाम से सरकार से वेतन प्राप्त कर रहा है। शिकायत करने वाले ग्रामीणों ने अधिकारियों से वीरेंद्र सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी भी दिखाई है।

इमाम मो. बाकिर को इल्म में महारथ हासिल थी: मौलाना ज़ैदी

नौचंदी जुमेरात पर हुआ मजलिसों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नौचंदी जुमेरात के अवसर पर दरगाह मौला अब्बास अलमदार महेरे और घटिया अज़मत अली स्थित इमामबाड़े और पांचवें इमाम की शहादत पर मस्जिद पंजतनी में मजलिसों का आयोजन किया गया। मजलिसों में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मुसलमानों को हर काम छोड़कर जुमे की नमाज अदा करनी चाहिए जुमे की नमाज की बहुत बड़ी एहमियत है साथ ही रोजाना की नमाजें भी पढ़ें। जिल्हिज्ज़ा के इस महीने में मौला अली और शहजादी फ़ातिमा ज़हरा की शादी हुई, इसी महीने में ईदुल अजहा(बकरीद)भी है जिसमे मुसलमान अल्लाह की राह में कुबनियां पेश करते हैं। एहलेबैत चाहते हैं मेरे गम मनाओ लेकिन पर्दे का ख्याल रखें।

इमाम हुसैन के भाई और मौला अब्बास के बहनोई मुस्लिम इब्ने अक़ील इमाम हुसैन के सफीर के रूप में कूफ़े गए तो उन्हें कूफ़े में उन्हें धोखा देकर शहीद कर दिया गया। कर्बला में इमाम हुसैन की 4 साल की बेटी को यतीम कर दिया गया और 6 माह के बेटे अली असगर को प्यासा शहीद कर दिया गया। पांचवें इमाम मोहम्मद बाकिर अ.स.को इल्म में महारथ हासिल थी उन्होंने फरमाया है मेरे चाहने वालो इल्म हासिल करना चाहिए और बच्चों को भी इल्म हासिल कराओ। पांचवे इमाम कर्बला में 5 वर्ष के थे इमाम ने तमाम मुसीबतों को कर्बला में देखा। इमाम को कर्बला में कैदी भी बनाया गया इमाम ने कर्बला से शाम तक मुसीबतें बर्दाश्त कीं। इमाम मोहम्मद बाकिर को 57 साल की उम्र में मदीने में बादशाह ने साजिश के तहत जहर से शहीद करा दिया गया।

अपना ही घर बनवाने के लिए दर -दर की ठोकर खा रहा है पीड़ित, जनता दर्शन में लगाई न्याय की गुहार

सुल्तानपुर। पूरा मामला कादीपुर तहसील के अंतर्गत नूरपुर बनकेगांव का है, गांव के रहने वाले राजकुमार पुत्र लालजी विश्वकर्मा ने जनता दर्शन मे शिकायत की, कि उनके ही गांव के रहने वाले बाबूराम वर्मा पुत्र नारायन वार्मा ने राजकुमार के घर जा कर निर्माण कर रहे राजकुमार को निर्माण से रोक दिया।उसने उन लोगों से मारपीट भी किया।जिसकी शिकायत कादीपुर थाने मे एनसीआर दर्ज किया गया है।राजकुमार ने जनता दर्शन में शिकायत किया कि उनके रहने के लिए कोई जगह नहीं है।पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।कादीपुर से न्याय न मिलता देख राजकुमार आज जनता दर्शन पहुंच कर सुल्तानपुर डीएम से शिकायत की अब देखने लायक यह होगा कि सुल्तानपुर की डीएम राजकुमार को कितना इंसाफ दिलवाने में कामयाब होती है।

रक्तदान का जश्न मनाने के हुए 20 साल धन्यवाद रक्तदाता

- थीम पर मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस
- रक्तदान सामाजिक ज़िम्मेदारी है: कुलपति
- यूपीयूएमएस में 23 यूनिट हुआ रक्तदान

वहाज अली निहाल

इटावा, सैफई। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग में शुक्रवार को कुलपति प्रो.डॉ प्रभात कुमार ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और इस अवसर पर कहा कि रक्तदान करना हम सबकी एक सामाजिक जिम्मेदारी है जिससे लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है इसीलिए इस दिन मैं सभी सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद कहना चाहता हूं जिन्होंने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। आयोजित रक्तदान शिविर में 23 लोगों ने रक्तदान किया। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ.आदित्य शिवहरे ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस की 20 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है इस वर्ष इस दिवस की थीम है 20 ईयर आफ सेलिब्रेटिंग गिविंग थैंक यू ब्लड डोनर्स इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य है युवा लोगों और आम जनता के बीच नियमित रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए जिससे स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोग आगे आएं उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक द्वारा मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक लगभग एक हजार यूनिट रक्त(विदाउट एक्सचेंज) जरूरतमंदों को दिया गया। विश्व रक्तदाता दिवस की 20 वीं वर्षगांठ पर यूपीयूएमएस ने कहा धन्यवाद रक्तदाताओं ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के डॉ यतेंद्र ने बताया कि विभिन्न सहयोगी संस्थाएं जो समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान करवाती हैं उनको कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर हम सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद कहते हैं वह संस्थाएं यह है- संत निरंकारी मंडल, लायंस क्लब भरथना, जसवंतनगर इटावा हेल्प डेस्क, लॉर्ड मदर सेकेंडरी स्कूल, रक्तदाता समूह, जनता कॉलेज, भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा भरथना, पंजाब नेशनल बैंक इटावा, पैरामेडिकल कॉलेज, नर्सिंग एसोसिएशन यूपीयूएमएस, श्री बलबीर सिंह प्राइवेट आईटीआई मैनपुरी, एनटीपीसी औरैया, जीआईसी एनसीसी कैडेट, श्री कैला देवी मंदिर जसवंतनगर शारदा फॉर्म भरथना। रक्तदान कर रक्तदाताओं ने खुशी जताई 18 बार रक्तदान करने वाले यूपीयूएमएस टेक्निकल ऑफीसर सलमान ने कहा कि रक्तदान करने के बाद जो खुशी मिलती है उसको शब्दों में बयां नहीं कर सकता इसीलिए मैं बार-बार रक्तदान करता हूं। फर्मिस्ट यशपाल ने पांचवीं बार रक्तदान करने के बाद कहा मुझे रक्तदान के बाद बहुत ही स्फूर्ति महसूस होती है और मुझे अच्छा महसूस होता है इसीलिए जब भी मौका मिलता है रक्तदान करता हूं। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर अरविंद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया व कार्यक्रम का सफल संचालन सीएमएस डॉ श्वेता चौधरी ने किया कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थित प्रति कुलपति डॉ रमाकांत चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह, डॉ पुष्पेंद्र उपस्थित रहे।

आयुष्मान के अधिक से अधिक कार्ड बनाने पर जोर

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग बैठक संपन्न हुई। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं। जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के बैठने, पंखे, पेयजल एवं प्रसाधन के बेहतर से बेहतर प्रबंध किए जाए। सीएमओ को निर्देशित किया गया की कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित करे, कन्या के जन्म होते ही उनका रजिस्ट्रेशन कराएं। समस्त पीएचसी एवं उप केन्द्र स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को क्रियाशील कर अधिक से अधिक लोगों को ई संजीवनी ओपीडी से आच्छादित किया जाए।

संक्षिप्त समाचार

खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने ब्लॉक दूबेपुर का भी संभाला कार्यभार

सुल्तानपुर। खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने विकास खंड दूबेपुर कार्यालय पहुंचकर वहां का भी कार्यभार संभाल लिया। खंड विकास अधिकारी अधिकारी दिव्या सिंह के पास ब्लॉक भदैया के साथ ही दूबेपुर का भी चार्ज मिला है। खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने चार्ज संभालने के पश्चात कर्मचारियों के साथ परिचायत्मक बैठक की। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने खंड विकास अधिकारी को बुके देकर संक्षिप्त परिचय भी दिया। बैठक के दौरान एडीओ आइएसबी राजेश सिंह,एडीओ एसटी राम कृष्ण यादव, एडीओ समाज कल्याण विपिन कुमार यादव, अतिरिक्त मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी राखी सिंह, ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार सिंह, करिश्मा गुप्ता, प्रतीक सिंह, श्रद्धा तिवारी, अनीता श्रीवास्तव, आदि दूबेपुर विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

शशीकांत अध्यक्ष और लक्ष्मण स्वरूप बने मंत्री, फार्मासिस्ट एसोसिएशन संघ का चुनाव संपन्न

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर स्ववित्त मेडिकल कॉलेज के महिला चिकित्सालय में फार्मासिस्ट एसोसिएशन संघ का चुनाव शुक्रवार की दोपहर आयोजित हुआ। जिसमें जिला सुल्तानपुर के सभी फार्मेसिस्ट कर्मियों ने हिस्सा लिया। पूर्व अध्यक्ष और मंत्री के साथ अन्य पदाधिकारी की मौजूदगी में मतदान कराया गया। जिसमें शशिकांत मिश्रा अध्यक्ष पद के लिए विजई घोषित किए गए । इन्हें कुल 73 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंद्वी रहे विजय गौतम ने 20 मत हासिल किया। सचिव पद की दौड़ में लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव विजेता रहे। जिन्हें 93 मत प्राप्त हुए, प्रतिद्वंद्वी रहे कृष्ण कुमार पांडे को 27 वोट प्राप्त हुए। सभी फार्मेसिस्ट ने अध्यक्ष और सचिव को बधाई के साथ ही संगठन की चुनौतियां को दूर करने का आह्वान किया है।

विश्व रक्तदाता दिवस की 20वी वर्षगांठ पर डॉक्टर राघवेन्द्र सोनकर ने किया 15वी बार रक्तदान

सुल्तानपुर। एक तरफ जहां इस धरती पर डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है।वही गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों के लिए रक्त एक अमृत के समान होकर उनको जीवनदान देने का काम करता है।विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर डॉक्टर राघवेन्द्र सोनकर ने रक्तदान करके आमजनमानस में संदेश दिया है कि डॉक्टर्स रोगियों का इलाज करके उनके अनमोल जीवन को बचाने का प्रयास तो करते ही है,साथ ही रक्तदान करके भी किसी गरीब असहाय और जरूरतमंद के जीवन को बचाने की एक और कोशिस में अपना योगदान करते है।डॉक्टर राघवेन्द्र सोनकर स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज व जिला चिकित्सालय में तैनात होमियोपैथी चिकित्साधिकारी के रूप में तैनात है।डॉक्टर राघवेन्द्र सोनकर ने पहली दूसरी तीसरी बार नही बल्कि 15वी बार रक्तदान किया है। रक्तदान करने के बाद मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर राघवेन्द्र सोनकर ने कहा कि परहित सरिस धर्म नहिं भाई,पर पीड़ा सम नहिं अधमाई यानी दूसरे के भलाई के समान कोई धर्म नही,और दूसरे को दुःख पहुचाने के समान कोई अधर्म यानी पाप नही है। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर राघवेंद्र सोनकर मानवता की मिशाल पेश करते हुए जरूरत मन्दो को डोनर न उपलब्ध होने की स्तिथि में स्वयं से रक्तदान करके उन्हें जीवन जैसा महादान करने का काम किया है।वही डॉक्टर राघवेन्द्र सोनकर के 15वे रक्तदान पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एसके गोयल वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सिंह सहित अन्य आमजनमानस के साथ साथ मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के गांव का जल्द बनेगा रास्ता: ब्लाक प्रमुख बृजेश

जौनपुर (खुटहन) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बामदेव शास्त्री के गांव में बरसात से पहले जल्द बनेगा सीसी रोड उक्त बातें ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव ने ग्रामीणों से मुलाकात कर कहा लवायन गांव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पैतृक गांव का रास्ता सात दशक से नहीं बन सका। गांव में नाली नाला न बनने से बरसात में कच्ची सड़क डूब जाती है चौरसिया बस्ती में लोगों के घरों में पानी पहोंच जाता है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है यह हाल जिला मुख्यालय से लगभग पच्चीस किमी पश्चिम व ब्लाक से सात किमी उत्तर दिशा में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के जन्म स्थली लवायन गांव का है यहां लवायन गांव के विद्यालय तक सड़क तो पहुंची है लेकिन महज पांच सौ मीटर दूर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पैतृक आवास को छोड़ दिया गया अगल बगल दो दर्जन रिहायशी घर बनें हुए हैं रास्ता न होने से सभी लोग परेशान रहते हैं इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों व ग्राम प्रधान से लोगों ने कयी बार किया लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव ने कहा अगले सप्ताह में रास्ता का काम सुरु करा दिया जाएगा।

योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा: डीएम

- सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा तथा योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा।उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दसम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा तथा इसकी थीम'हर घर-आंगन योग'है। उन्होंने कहा कि आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से प्रारंभ होकर 21 जून तक मनाया जाएगा।इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए साफ सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण आयुष कवच ऐप पर व वेबसाइट यूपी आयुष सोसायटी डॉट कॉम पर अपलोड किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 21 जून को योग दिवस नुमाइश पंडाल में मनाया जाएगा साथी साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की योग दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक दिन अलग-अलग जगहों पर कराया जाएगा वहां पर योगा ट्रेनर की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह , अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जमीन कारोबारी पर हथियारों से जानलेवा हमला

अवधनामा संवाददाता

- घायलावस्था में अस्पताल भेजा गया, एएसपी व सीओ ने की पूछताछ
- पूर्व राज्यमंत्री व उनके पुत्र समेत तीन बाइक सवारों पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। गुरूवार देर शाम वर्णी कॉलेज के पास स्कूटी सवार जमीन कारोबारी पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने भारी हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। घनी आबादी के बीच घटित इस घटना से आसपास के लोग स्तब्ध रह गये। आनन-फानन में घायल जमीन कारोबारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने अस्पताल पहुंच कर घायल से जानकारी ली। जमीन कारोबारी व उसके परिजनों ने पूर्व राज्यमंत्री व उनके पुत्र समेत बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों पर षडयंत्र पूर्वक हत्या करने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं देर रात भारी पुलिस बल ने पूर्व राज्यमंत्री के सिविल लाइन स्थित घर पहुंच कर पूछताछ के लिए कोतवाली ले आये, जहां पूछताछ के बाद उन्हें देर रात ही छोड़ दिया गया। हालांकि पुलिस ने पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, उनके पुत्र पवन सिंह बुन्देला व दो बाइक पर सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि विगत 9 जून को आजादपुरा निवासी अतुल जैन पुत्र स्व.सूरज भान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया था कि जमीनी विवाद को लेकर पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला व उनके पुत्र पवन सिंह बुन्देला ने अपने कर्मचारी के साथ सिविल लाइन स्थित अपने आवास में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी थी। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, पवन सिंह बुन्देला के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इस घटना के चार दिन गुजरने के पश्चात गुरूवार देर रात वर्णी कॉलेज के मुख्य द्वार मोड पर दो बाइकों पर सवार तीन लोगों ने भारी-भरकम हथियारों से लैस होकर अतुल जैन पर जानलेवा हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से किये गये इस हमले में अतुल जैन के सिर में गंभीर चोट आयी हो वहीं उसका एक हाथ भी टूट गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जा रहा है कि हमलावर अतुल जैन को जान से मारने की नीयत से ही प्रहार कर रहे थे, लेकिन लोगों की भीड़ एकत्र होने और चीख-पुकार मचने के बाद हमलावर भाग खड़े हुये। आनन-फानन में अतुल जैन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां जमीन कारोबारी अतुल जैन से घटना की जानकारी लेने के लिए एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय भी पहुंचे। अस्पताल में मीडिया से बात करते हुये जमीन कारोबारी ने पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला, उनके पुत्र पवन सिंह बुन्देला पर षडयंत्र कर दो बाइक पर सवार तीन लोगों को भेजकर जान से मारने की नीयत से हमला कराने का आरोप लगाया। जानकारी के बाद पुलिस ने दलबल के साथ सिविल लाइन स्थित पूर्व राज्यमंत्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला के आवास पहुंच कर उन्हें पूछताछ के लिए कोतवाली ले आये, जहां से देर रात उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस ने जमीन कारोबारी अतुल जैन के भाई मनोज जैन की तहरीर पर वीरेन्द्र सिंह बुन्देला पुत्र ऊदल सिंह बुन्देला, पवन सिंह बुन्देला पुत्र वीरेन्द्र सिंह बुन्देला व दो बाइक पर सवार तीन बाइक सवारों के खिलाफ धारा 323, 307, 506 व 120बी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

जिद्दी से जिद्दी पेट की चर्बी होगी दूर, इस तरह से पिएं लहसुन का पानी

आज के समय में फिट और हेल्थी रहना जरुरी है। भागदौड़ भारी लाइफस्टाइल के चलते गलत खानपान की वजह से पेट की चर्बी बढ़ने लगती है। पेट की चर्बी की वजह से कई बार आत्मविश्वास कम हो जाता है, वहीं खूबसूरती में भी रुकावाट बनती है। एक बार पेट चर्बी बढ़ जाए तो आसानी से नहीं खत्म होती। जिस वजह से कई बार हम सभी स्ट्रैस में आ जाते हैं, तो चिंता छोड़िए आज से ही लहसुन का पानी पीना शुरु कर दें, सेहत के साथ-साथ पेट की चर्बी भी होगी दूर।

लहसुन के पानी के फायदे

आयुर्वेद में लहसुन को सबसे बेहतरीन औषधि मानी जाती है। सेहत के लिए लहसुन का पानी पीना काफी फायदेमंद होता है। इससे मोटापे की समस्या भी दूर होती है। लहसुन में एंटीबैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक, मैंगनीज, विटामिल बी6, विटामिन सी, सेलेनियम, फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, पोटेशियम, आयरन आदि होता है, जो वजन घटाने में मदद करता है।

सेहत को मिलते हैं लाभ

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, लहसुन का पानी सुबह के समय पीने से कई चमत्कारिक फायदे मिलते हैं। इसके ने सेवन मात्र से ही कई कमाल दिखने लगते हैं। अगर आपको अपना वजन कम करना है तो लहसुन का पानी बहुत ही फायदेमंद साबित हो सकता है। खाली पेट लहसुन का पानी पीने से पेट की चर्बी को भी कम करने में मदद मिलती है।

इस तरह से पिएं लहसुन का पानी

दरअसल, लहसुन के फायदे ज्यादातर सभी जानते हैं, हालांकि कई लोग इसके सेवन का सही तरीका नहीं जानते हैं। पेट की चर्बी कम करने के लिए लहसुन को गर्म पानी में डालकर पीना चाहिए।

ओवरईटिंग से बचाव

अगर आप लहसुन का पानी पीते हैं, तो आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा और आप खुद को ओवरईटिंग से बचा पाएंगे। जब आप अनहेल्दी चीजों को कम खाएंगे तो वजन अपने आप आसानी से कम हो जाएगा। वहीं, बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए लहसुन की ड्रिंक का सेवन करना सबसे बढ़िया है। लहसुन का पानी पीने से शरीर की सारी गंदगी बाहर निकल जाती है।

इसका ज्यादा सेवन न करें

गर्मी के दौरान याद रखें कि लहसुन का ज्यादा सेवन करने से बचना चाहिए। अगर आप ऐसा करेंगे तो स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपको पेट में गैस बनती हैं, तो उन्हें लहसुन कम खाना चाहिए। वरना पेट से संबंधित रोगों का सामना करने पड़ सकता है।

गर्मियों में ऐसे रखें अपनी सेहत का ख्याल, वरना बढ़ सकती है बीपी और ब्लड सुगर की समस्या

मई-जून के महीने में गर्मी अपने पूरे चरम पर है, हर रोज गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और लू ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। इतनी भीषण गर्मी में लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग की मानें, तो गर्मी के तेवर अभी तीखे ही रहने वाले हैं। इसलिए इस मौसम में अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। खासकर गर्मी में हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों को अपनी सेहत के प्रति अधिक सावधान रहने की जरूरत है।

क्योंकि जरा सी लापरवाही से गर्मी के मौसम में ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकता है। वहीं शरीर में पानी की कमी होने पर ब्लड शुगर पर तेजी से असर पड़ सकता है। गर्मी के मौसम में ब्लड प्रेशर और बढ़ने खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि आप शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन न बिगड़ने दें। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे है कि गर्मियों में हाई बीपी और शुगर के मरीजों को किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

इन बातों का रखें खास ध्यान

हर रोज अपने ब्लड शुगर लेवल की जांच कराएं, जिससे कि शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सके।

गर्मी से बचने के लिए रोजाना नींबू पानी का सेवन करना चाहिए। इससे बीपी और ब्लड शुगर लेवल दोनों कंट्रोल में रहते हैं। आप चाहें तो नींबू पानी में चीनी और नमक मिला सकते हैं।

सिर्फ गर्मी ही नहीं बल्कि किसी भी मौसम में हेल्दी रहने के लिए मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करते रहें। इससे हमें नेचुरल रूप से पानी मिलता रहता है और शरीर हाइड्रेट रहता है।

गर्मियों में टमाटर का सेवन फायदेमंद होता है। लेकिन किडनी की बीमारी वाले व्यक्तियों को टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए।

कई बार अधिक गर्मी की वजह से कमजोरी महसूस होने लगती है। तो ऐसे में आप सत्तू का सेवन कर सकते हैं। आप चाहें तो इसको बिना नमक या चीनी के पी सकते हैं।

गर्मियों में खुद को लू से बचाना बहुत जरूरी होता है। इसलिए लू से बचने के लिए जरूरी काम होने पर ही घर से निकले, लगातार पानी पीते रहें और खुद को ढककर बाहर निकलें।

अगर आपको या आपके किसी जानने वाले को लू लग गई है, तो बिना देर किए डॉक्टर की सलाह लें। क्योंकि जरा सी लापरवाही से समस्या बढ़ सकती है।

पेट की जलन को शांत करने में कारगर हैं ये 5 मसाले, ऐसे करें डाइट में शामिल



दिन पर दिन बढ़ती गर्मी की वजह से सभी लोगों का हाल-बेहाल है। खुद को गर्मी से बचाने के लिए हम खुद को ठंडा रखने की कोशिश करते हैं। खुद को ठंडा रखने के लिए तरह-तरह के ड्रिंक्स, ठंडी चीजों और न जाने क्या-क्या खाते हैं। इसके साथ ही गर्मी में ज्यादा मसाले खाने से परहेज करते हैं। जिससे कि पाचन बेहतर रह सके और हमारे शरीर का तापमान भी न बढ़ सके। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ मसाले ऐसे भी होते हैं, जो हमारे शरीर को ठंडा रखने में सहायक होते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन मसालों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी सहायता से आ अपने शरीर को ठंडा रख सकते हैं।

जीरा

खाने में इस्तेमाल होने वाले मसालों में जीरे का नाम सबसे ऊपर आता है। जीरा न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह हमारे पाचन को भी दुरुस्त रखता है और पेट को ठंडा रखता है। गर्मियों में इस मसाले का सेवन करना फायदेमंद होता है। इसको आप पानी में उबालकर भी पी सकते हैं और बॉडी डिटॉक्स में भी सहायक होता है।

इलायची

हम कई डेजर्ट्स में और माउथ फ्रेशनर की तरह इलायची का इस्तेमाल करते हैं। यह खाने की खुशबू और फ्लेवर को बढ़ाती है और गर्मियों में इसका सेवन करने से शरीर ठंडा रहता है। यह पाचन के लिए भी फायदेमंद होता है और इसकी कूलिंग प्रॉपर्टीज आपको ठंडा रखता है। गर्मी के मौसम में कच्चा चबाकर, दूध में मिलाकर या मीठी डिशेज में डालकर इसको खाना चाहिए।

सौंफ

सौंफ का अधिकतर सेवन माउथ फ्रेशनर की तरह किया जाता है। यह पाचन में भी फायदेमंद होती है। गर्मियों में अक्सर लोगों को पाचन संबंधी समस्या होती है। यह इस समस्या को कम करने में सहायक होता है। साथ ही सौंफ ब्लोटिंग और गैस की समस्या को भी कम करता है। आप सौंफ का सेवन पानी में उबालकर इसका सेवन कर सकते हैं या फिर इसको साबुत भी खा सकते हैं।

धनिया

अक्सर हम सभी खाने को गार्निश करने के साथ चटनी बनाकर खाते हैं। धनिया खाने का स्वाद बढ़ाती है और यह सभी को पसंद आती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह स्वाद को बढ़ाने के साथ पाचन के लिए भी फायदेमंद है। इसके सेवन से शरीर को ठंडक मिलती है और आप इसको चटनी बनाकर या खाने में मसाले के तौर पर खा सकते हैं।

मेथीदाना

मेथीदाना खाने में एक अलग स्वाद को जोड़ने का काम करती है। यह आपके शरीर को ठंडक देता है और इसको अपनी डाइट में शामिल करने से गर्मी से राहत मिलती है। आप चाहें तो मेथीदाने को पानी में उबालकर इस पानी को पी सकते हैं या इसको अपने खाने में शामिल कर सकते हैं।

गर्मियों में हीट स्ट्रोक से ऐसे करें खुद का बचाव, पहचानिए इसके लक्षण

गर्मी के मौसम में चिलचिलाती गर्मी और लू के कारण हर कोई परेशान रहता है। वहीं लू लगने से शरीर से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। जिसके कारण सिर घूमना, चक्कर आना और डिहाइड्रेशन आदि का खतरा बढ़ जाता है। तेज धूप और गर्म हवा के कारण शरीर में गर्मी अधिक बढ़ जाती है। यदि इसका समय रहते इलाज न किया जाए, तो यह शारीरिक समस्या के साथ-साथ मानसिक समस्या भी बन सकती है। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते लू लगने के लक्षणों को पहचानें और इसके रोकथाम का उपाय शुरूकर दें। तो आइए जानते हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में...

लक्षण

हीट स्ट्रोक के कारण सिरदर्द होने लगता है।

इस दौरान शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर हो जाता है।

लू के कारण व्यक्ति की प्लस रेट तेज हो सकती है। क्योंकि शरीर खुद को जैसे-जैसे ठंडा रखने का प्रयास करता है, दिल की धड़कनें तेज होने लगती हैं।

लू लगने की वजह से दौरा पड़ना, चक्कर आना, ऐंठन और न्यूरोलॉजिकल लक्षण नजर आने लगते हैं।

अधिक गर्मी लगने की वजह से मतली और उल्टी की समस्या हो सकती है।

पसीना न आने की वजह से त्वचा ठंडी लगना भी लू लगने का लक्षण है।

गर्म मौसम या धूप में रहने के कारण डिहाइड्रेशन की समस्या होना।

सूजी और सूखी हुई जीभ, तरल पदार्थों की शरीर में कमी होने से भी डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।

ऐसे करें बचाव

गर्मियों के मौसम में कम से कम 3-4 लीटर पानी का सेवन करें।

3 लीटर पानी में 10 ग्राम वेटिवर की जड़ें डालें और इसको अच्छे से उबालें। फिर इस पानी को पूरा दिन में पिएं।

लू की समस्या से बचने के लिए शराब, गर्म अचार और किण्वित एसिडिक खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।

लू से बचाव के लिए अपनी डाइट में नींबू का रस, तरबूजा, खरबूजा और नारियल पानी जैसे मौसमी फलों को शामिल करें।

गर्मियों में टाइट और पॉलिएस्टर से बने कपड़ों को पहनने से बचना चाहिए। इनकी जगह पर कॉटन के ढीले कपड़े पहनें।

घर से बाहर निकलने के दौरान छाते या टोपी का इस्तेमाल करना न भूलें।

सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कड़ी धूप होती है। इसलिए इस समय घर से बाहर जाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह हीट स्ट्रोक का कारण बन सकती है।

गर्मियों में दिन में 2 बार ठंडे पानी से नहाना चाहिए।

स्किन को ठंडा रखने के लिए ठंडा दही या एलोवेरा का फेस पैक अप्लाई करें।

अगर आप तेज धूप से आने के फौरन बाद ठंडा पानी पीते हैं या नहाते हैं, तो यह शरीर के थर्मोस्टेट को परेशान कर सकता है।

खतरनाक हो सकता है इलेक्ट्रोलाइट का असंतुलन, शरीर में कमी को पूरा करने के लिए अपनाएं ये तरीके

गर्मियों में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन बढ़ती गर्मी और शारीरिक गतिविधि के कारण आम है, जिससे अत्यधिक पसीना आता है और शरीर में तरल पदार्थ की कमी हो जाती है। सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे प्रमुख इलेक्ट्रोलाइट्स मांसपेशियों के संकुचन, तंत्रिका संकेत और हाइड्रेशन संतुलन सहित विभिन्न शारीरिक कार्यों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जब इन इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है तो शरीर में थकान और मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना और भ्रम जैसे हल्के से लेकर गंभीर लक्षणों का अनुभव होने लगता है। इसलिए इलेक्ट्रोलाइट के असंतुलन को रोकना जरुरी है। इसके लिए इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर तरल पदार्थों के साथ हाइड्रेटेड रहना जरुरी है।

गर्मियों में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन को दूर करने के 6 तरीके

नियमित रूप से हाइड्रेट रहें- दिन भर में खूब सारे तरल पदार्थ पिएँ, खास तौर पर पानी। लंबे समय तक बाहरी गतिविधियों या भारी व्यायाम के लिए, खोए हुए खनिजों की पूर्ति के लिए इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त स्पोर्ट्स ड्रिंक पर विचार करें।

संतुलित आहार लें- अपने आहार में इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। केले, संतरे, पालक, एवोकाडो और दही पोटेशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।

इलेक्ट्रोलाइट सप्लीमेंट्स का उपयोग करें- यदि आप अत्यधिक पसीना बहाते हैं या उच्च तीव्रता वाले व्यायाम में संलग्न हैं, तो इलेक्ट्रोलाइट सप्लीमेंट्स असंतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। ये विभिन्न रूपों में उपलब्ध हैं, जिनमें टैबलेट, पाउडर और पेय शामिल हैं।

सोडियम का सेवन मॉनिटर करें- अगर आप अधिक पसीना बहाते हैं तो सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त मात्रा में सोडियम का सेवन कर रहे हैं। जबकि अत्यधिक सोडियम हानिकारक हो सकता है, एक मध्यम मात्रा आवश्यक है जो पसीने के माध्यम से खो जाता है।

अत्यधिक शराब और कैफीन के सेवन से बचें- शराब और कैफीन दोनों निर्जलीकरण और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन का कारण बन सकते हैं। इनके सेवन को सीमित करें और हाइड्रेटेड रहने के लिए इन पेय पदार्थों के साथ पानी पिएं।

लक्षणों को जल्दी पहचानें- इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन के संकेतों से अवगत रहें, जैसे मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना या अनियमित दिल की धड़कन। जल्दी पहचान करने से त्वरित सुधारात्मक उपाय करने की अनुमति मिलती है, जैसे इलेक्ट्रोलाइट-समृद्ध पेय पीना या नमकीन स्नैक खाना।

एजिंग को दूर करता है मोरिंगा, स्किन होगी एकदम टाइट

आजकल की भागदौड़ वाली लाइफस्टाइल में खुद के लिए देखभाल करने का समय नहीं होता है। कई बार तो हम अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं, जिस वजह से कई समस्याएं पैदा हो जाती है। अगर खुद की देखभाल नहीं करेंगे तो झुर्रियां दिखने लगेंगी। ऐसी कंडीशन में जरुरी है कि आप डाइट को अच्छा बनाएं। सहजन की पत्तियां, जिन्हें मोरिंगा भी कहा जाता है, आपके स्वास्थ्य के लिए अमृत समान होता है।

बालों और त्वचा के लिए बेहतरीन

सहजन जिसे मोरिंगा के नाम से भी जाना जाता है। सहजन सबसे बेहतरीन सुपरफूड है, जिसमें 18 तरह के अमीनो एसिड होते हैं।मोरिंगा बालों और त्वचा के सुधार के लिए बेहद फायदेमंद हैं, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सिडेंट गुणों के लिए जाना जाता है। दरअसल, सहजन की पत्तियों में फ्लेवोनॉइड्स, पॉलीफेनॉल्स और बीटा- कैरोटीन सहित हाई एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर में मुक्त कणों को बेअसर करने ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करने में मदद करती है। इसके साथ ही यह चेहरे की झुर्रियों को जड़ से खत्म कर देता है।

हड्डियो को मजबूत करता है

सहजन की पत्तियां हृदय रोग, कैंसर और मुधमेह जैसी बीमारियों को बचाने में मदद करता है। गौरतलब है कि मोरिंगा पोटैशियम और मैग्नीशियम का एक समृद्ध स्रोत होता है जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरुरी है।

गर्मियों में प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ इस तरह रखें अपना ख्याल, मां और बच्चा दोनों रहेंगे हेल्दी

गर्मी के मौसम में हर कोई धूप और भीषण गर्मी से परेशान रहता है। इस मौसम में हर व्यक्ति को स्पेशल केयर की जरूरत होती है। क्योंकि गर्मी में जरा सी लापरवाही करने से व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है। खासकर इस मौसम में प्रेग्नेंट महिलाओं को अपना अधिक ध्यान रखना चाहिए। साथ ही शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि ऐसा होने पर पूरी हेल्थ पर इसका असर पड़ सकता है। शरीर में पानी की कमी होने पर चक्कर आना, हार्ट रेट बढ़ना, बीपी लो होना और गंभीर मामलों में बेहोशी तक आ सकती हैं। इस तरह की तमाम स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए प्रेग्नेंट महिलाओं को अपना और गर्भ में पलने वाले बच्चे का खास ख्याल रखना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन टिप्स को फॉलो कर आप गर्मियों में अपना और गर्भ में पलने बच्चे का ख्याल रख सकती हैं।

खुद को रखें हाइड्रेट

गर्मियों में प्रेग्नेंट महिलाएं खुद को हाइड्रेट रखें। क्योंकि शरीर में पानी की कमी से तमाम समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिनभर में 8-10 गिलास पानी पिएं। आप अपनी डाइट में लिक्विड चीजों को शामिल करें। इसके अलावा आप तरबूज और खीरे आदि का भी सेवन कर सकती हैं। क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। जो आपको डिहाइड्रेशन से बचाता है।

डाइट में शामिल करें हेल्दी चीजें

बता दें कि गर्मी के मौसम में सिर्फ सलाद का सेवन ही काफी नहीं होता है। बल्कि आपको हेल्दी चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए और अनहेल्दी फूड को अवॉइड करना चाहिए। आप गर्मी में प्रेग्नेंसी के दौरान जूस, सब्जियों और फल आदि का सेवन करना अच्छा माना जाता है। प्रेग्नेंसी के दौरान स्पाइसी चीजों से भी दूर रहें। क्योंकि गर्मियों में स्पाइसी खाने से तबियत बिगड़ने की अधिक संभावना रहती है।

न करें सॉल्टी फूड का सेवन

प्रेग्नेंट महिलाओं को गर्मी के मौसम में नमक का कम सेवन करना चाहिए। क्योंकि नमक की अधिकता होने पर ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, जोकि मां और बच्चे दोनों की सेहत के लिए अच्छा नहीं है। बता दें कि नमक का अधिक सेवन करने से शरीर से पानी जल्दी निकल जाता है। सॉल्टी फूड में कुकीज और चिप्स आदि शामिल है।

ठंडी जगह पर बिताएं समय

गर्मी के मौसम में प्रेग्नेंसी के दौरान असहजता बढ़ सकती है। वहीं कुछ महिलाओं को उल्टी और जी मिचलाने की समस्या हो सकती है। वहीं गर्मियों में इस समस्या को ट्रिगर कर सकती है। इससे बचने के लिए आप ठंडे स्थान पर अधिक समय बिताएं। अगर घर में एसी लगी है, तो उस कमरे में समय बिताएं। लेकिन कमरे का तामपान सामान्य होना चाहिए। क्योंकि कमरे का टेंपरेचर अधिक ठंडा होगा, तो बाहर के गर्म तापमान में आपकी तबियत खराब हो सकती है।

आराम जरूर करें

कई महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान बहुत नींद आती है। हालांकि गर्मियों में आराम करने का मन नहीं करता है। गर्मी के मौसम में अधिकतर समय एसी में रहने का मन करता है। लेकिन इस दौरान आराम जरूर करें। क्योंकि आराम करना बच्चे की ग्रोथ के लिए बेहद जरूरी माना जाता है।

एक्सरसाइज करें

गर्भावस्था के दौरान एक्सरसाइज करना बहुत फायदेमंद होता है। हालांकि गर्मियों में आउटडोर एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। वहीं शाम के समय धूप ढलने के बाद एक्सरसाइज करनी चाहिए। अगर प्रेग्नेंसी में एक्सरसाइज करने में समस्या हो तो आप हल्की-फुल्की वॉक भी कर सकती हैं। इससे मां और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ता है।

प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, पांच गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

- बीते नौ जून की रात युवक के घर में घुसकर गोली मारकर हत्या का मामला

कुशीनगर। कसानगंज कस्बे में पांच दिन पूर्व एक युवक के घर में घुसकर गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी समेत पांच लोगों को इंद्रपुर चौराहे से दबोचा लिया। हत्या में प्रयुक्त चार पहिया वाहन व अला कत्ल बरामद करते हुए इन अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि पांच दिन पूर्व कसानगंज कस्बे में रेलवे लाइन के पास रहने वाले इसराफिल नामक युवक के घर में आधी रात को पांच युवकों द्वारा घुसकर गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। हत्या करने के बाद युवक फरार चल रहे थे। हत्या का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा था। पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल शनी शर्मा उर्फ यशवन्त शर्मा पुत्र जनार्दन शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा निवासी बन्देलीगंज दुर्गा मोहल्ला वार्ड नं. एक, कुलदीप साहनी उर्फ बोतल पुत्र श्री किशुन साहनी निवासी वार्ड नं. सात बंदेलीगंज, अमन यादव पुत्र स्व. बांके लाल यादव निवासी वार्ड नं. सात बंदेलीगंज, विशाल चौधरी पुत्र राजू चौधरी निवासी वार्ड नं. पांच बंदेलीगंज व अंकित यादव पुत्र लालबहादुर यादव निवासी वार्ड नं. पांच बंदेलीगंज कसानगंज थाना कसानगंज जनपद कुशीनगर को इन्दरपुर चौराहा से दबोच लिया। अभियुक्तों के पास से आला कत्ल एक पिस्टल (कन्ट्रीमेट) 32 बोर व घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन स्वीफ्ट डिजायर एवं एक स्कूटी को बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि अभियुक्त शनि शर्मा उपरोक्त के बहन तथा मृतक इसराफिल में प्रेम-प्रसंग था। अभियुक्त शनि द्वारा दोनों को समझाया गया लेकिन दोनों मानने को तैयार नही हुए आवेश में आकर अभियुक्त शनि द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 09 जून 2024 की रात्रि में गोली मारकर इसराफिल की हत्या कर दिया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम प्र.नि. मनोज कुमार पन्त प्रभारी साइबर, थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कसानगंज, शरद कुमार भारती प्रभारी सर्विलान्स सेल, सुर्यभान यादव, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार सिंह, रामनगीना यादव, इतेश कुमार कुमार, हरिश्चन्द्र यादव, सत्येन्द्र चौबे व रमेश पाल शामिल रहे।

खाना बनाते समय झोपड़ी में लगी आग

अमृतपुर फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र के पुरानी चौकी के पास खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते आग ने दो झोपड़ियां को जलाकर राख कर दिया। अमृतपुर निवासी सोनी पत्नी मुराद अली शाम 6 बजे अपनी झोपड़ी में खाना बना रही थी। उसी समय चूल्हे की चिंगारी से छप्पर में आग लग गई।देखते ही देखते आग नें विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। आग के प्रकोप से छप्पर और कमरे के दो दरवाजे, 4 कुंतल गेहूं, 2 रजाई, 4 कम्बल, 2 चारपाई, 10 किलो चावल जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी मिलने पर चौकी इंचार्ज जगभान सिंह अपने साथी सिपाहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने आग बुझा रहे ग्रामीणों का सहयोग किया। आग लगने से गरीब परिवार का काफी नुकसान हो गया। मुराद अली मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसने बताया है कि कल ही उन्होंने झोपड़ी रखी थी।

विश्व रक्तदाता दिवस पर 27 लोगों ने किया रक्तदान, हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



कसया, कुशीनगर। विश्व रक्तदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 14 जून को पुरे विश्व में एक अभियान के रूप मे मनाया जाता है। इसके अंतर्गत कुशीनगर ब्लड बैंक मे भी रक्तदाता सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। यह दिवस वैज्ञानिक कार्ल लैंड स्टाइनर के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मनाया जाता है। इनका जन्म 14 जून 1868 मे हुआ था। इन्हें रक्त समूह की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। यह जानकारी ब्लड बैंक संचालक राजीव तिवारी ने दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जयसवाल जी इन्होंने रक्तदान को जीवन का सर्वश्रेष्ठ दान बताया। रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने कहा कि कुशीनगर ब्लड बैंक के द्वारा सदैव जरूरतमंद लोगों की सहायता हेतु तत्पर रहता है। आज इस कार्यक्रम मे रोटरी क्लब कुशीनगर, पुलिस मित्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसया और नियमित रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष श्री वाहिद अली जी ने बताया की रक्तदान से बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं है, उन्होंने जनमानस से निवेदन किया की रक्तदान मे बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और बहुमूल्य जीवन का उपहार दें। पुलिस मित्र टीम से श्री अभिमन्यु तिवारी जो नियमित रक्तदाता है उन्होंने बताया की युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन बिग एफ.एम. गोरखपुर के आर.जे अनुराग एवं दीप्ति अनुराग ने किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्व रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष डॉ. मुकेश यादव, सरोज यादव, डॉ. विजय शंकर सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी सहित सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाता सम्मान समारोह मे रक्तदाताओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र, उपहार देकर सम्मानित किया गया।

संदिग्ध अवस्था में गन्ने के खेत में मिला व्यक्ति का शव

अवधनामा संवाददाता

कसया, कुशीनगर। शुक्रवार की शाम कसया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैनपुर के टोला बोधापट्टी के पश्चिम गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। मिली जानकारी के मुताबिक उक्त गांव के पश्चिम एक ईट भट्ठे के पास गन्ने के खेत में एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। इसकी जानकारी मिलते ही घटनास्थल के आसपास लोगों की भीड़ लग गई। मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कसया गिरिजेश उपाध्याय मय टीम व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया व पुलिस ने शव को लेकर घंटो पहचान कराने की कोशिश कि जहां शव की कुछ देर बाद पहचान गनपत मुसहर के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र मोती मुसहर ने फोटो देखकर शव की पहचान की है। मोती मुसहर ने बताया कि शव उसके पिता का है।

बीते दो दिन पूर्व बुधवार से ही गनपत मुसहर घर से लापता थे। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और अग्रिम कार्यवाही मे जुट गई है। इस दौरान हल्का दारोगा सभाजीत सिंह, एस आई संदीप यादव, रूपेंद्र पाल सिंह, हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह, कांस्टेबल अभिषेक मौर्य, महेंद्र, कृष्णा, शेर बहादुर मौजूद रहे।

त्यौहारों में कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी: डीएम

अवधनामा ब्यूरो

- बकरीद त्यौहार को लेकर डीएम व एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ की पीस कमेटी की बैठक
- परंपरागत रूप से त्यौहार को मनाने का अफसरों ने की अपील
- अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

कुशीनगर। आगामी त्यौहार गंगा दशहरा, बकरीद के मद्देनजर जनपद में कानून एवं शांन्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शुक्रवार कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी समस्त विकास खंड अधिकारियों को घाटों पर, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तथा ईदगाहों/मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्व को लेकर एक विशेष सफाई अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली, घाटों पर बड़े डस्टबिन रखने, घाटों पर रस्सी लगाने, बांस से घेरने के निर्देश दिए तथा कुर्बानी दिए जाने वाले पशुओं के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिए, उन्होने कहा कि ऐसे स्थानों को अवश्य चिन्हित कर ले जहां पर मन्दिर तथा मस्जिद पास पास में है। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाए।

उन्होने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जाए। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। बकरीद पर विशेष ऐहतियात बरतें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नमाज के समय कोई व्यवधान उत्पन्न न हो आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ईदुल अजहा बकरीद तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को स समय सुनिश्चित कर लिया जायेगा। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाए। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चैन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, ऋषभ पुंडीर, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी गण, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु मौजूद रहे।

वाहीदपुर की जनता का समर्थन करते हुए किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया शुरू

फर्रुखाबाद। भारतीय किसान यूनियन टिकेत गुट के दर्जनों की संख्या में पदाधिकारी नागरिकों के समर्थन में इटावा बरेली हाईवे पर वाहीदपुर गांव में धरने पर बैठ गए हैं उनका कहना है कि जब तक जनता की मांग पूरी नहीं होगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वाहिदपुर की जनता टोल प्लाजा का विरोध कर रही है। टोल प्लाजा का निर्माण कार्य न रुकने से जनता परेशान है। प्रशासन के ना रोकने पर जनता ने भारतीय किसान यूनियनटिकैत संगठन का सहारा लिया। यूनियन के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने वाहिदपुर पहुंचकर एसडीएम से मुलाकात की। इस दौरान एसडीएम ने काम रोकने से साफ इंकार कर दिया है। एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर नागरिकों से कहा कि इस निर्माण कार्य को रोक भी नहीं सकते है और जिला प्रशासन के हाथ में इसे रोकने का कोई अधिकार भी नहीं है समस्या को सुझाव के लिए शासन स्तर पर भेज सकते हैं।

प्रतिबन्धित पॉलिथिन, प्लास्टिक की बिक्री किसी दशा में न हो: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान कहा कि कुछ समय पूर्व धरती पर ही स्वर्गिक माहौल होता था, कोई भी व्यक्ति सांस, फेफड़े की बीमारी से ग्रसित नहीं था लेकिन आज हर दूसरा व्यक्ति इन बीमारियों से जूझ रहा है, इसका मुख्य कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटान है, वन क्षेत्र का निरतंर घटना, वृक्षों की संख्या में कमी होने के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा खतरनाक रूप से घट रही है।

उन्होने कहा कि हम सबको इस ओर सोचना होगा, पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, बेलपत्र, गूलर आदि छायादार पौधे रोपित कर कम से कम 02 वर्ष उनकी देखभाल करनी होगी ताकि इन वृक्षों का लाभ मानवता, पृथ्वी को मिल सके, आगे आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण के साथ शुद्ध ऑक्सीजन मिले। उन्होने कहा कि पूर्वजों द्वारा रोपित किये गये पुराने, विशालकाय वृक्षों की बेहतर ढंग से देखभाल की जाये, वन विभाग के अधिकारी पुराने वृक्षों का चिन्हांकन कर उनकी उचित देखभाल करें। उन्होने क्रिश्चियन कॉलेज के मैदान में लगे विशालकाय वट् वृक्ष को अंगीकृत करते हुये कहा कि इस वृक्ष की उनके द्वारा देखभाल की जायेगी। श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के वृक्षारोपण का लक्ष्य शासन स्तर से निर्धारित किया जा चुका है, जनपद में आगामी वित्तीय वर्ष में 35 लाख 63 हजार 100 पौधो रोपित किये जायेंगे, जिसमें सर्वाधिक 14 लाख 02 हजार ग्राम्य विकास विभाग द्वारा, 10 लाख वन विभाग द्वारा, 02 लाख 81 हजार कृषि विभाग द्वारा, 01 लाख 74 हजार उद्यान विभाग द्वारा, 01 लाख 56 हजार पंचायती राज विभाग द्वारा, 01 लाख 18 हजार राजस्व विभाग द्वारा, 01 लाख 86 हजार पर्यावरण विभाग द्वारा पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिन विभागों को वृक्षारोपण का लक्ष्य मिला है वह दि. 15 जून को अपरान्ह तक निर्धारित प्रारूप पर भूमि की उपलब्धता, गड्ढा खुदान की सूचना प्रत्येक दशा में वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि रोपित किये जाने वाले पौधों की पर्याप्त सुरक्षा की जाये, पौधों की नियमित सिंचाई की व्यवस्था रहे, पर्याप्त नराई, गुढ़ाई की जाये, रोपित किये गये पौधों के रख-रखाव हेतु विभाग में आयोजनागत मद में उपलब्ध बजट में से दशमलव 5 प्रतिशत धनराशि व्यय की जाये।

हल्लौर में लगा शाह अब्दुर्रसूल मीरा बाबा का ऐतिहासिक मेला

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर कस्बे में शाह अब्दुर्रसूल मीरा बाबा का दो दिवसीय ऐतिहासिक सालाना उर्स शुक्रवार को परंपरागत गत ढंग से शुरू हुआ। उर्स पर भारी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत करके मुर्गा चादर चढ़ाया तथा अपनी-अपनी मनौती मांगी। वक्फ़ शाह आलमगीर सानी कमेटी हल्लौर के देखरेख में उर्स सुबह की नमाज के बाद शुरू हुआ। मज़ार पर सबसे पहले हसन ताकीब रिज़्वी की जानिब से कुरआन ख्वानी कराई गयी। हल्लौर स्थित मीरा बाबा की मज़ार हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल मानी जाती है। यहां सभी धर्म के लोग श्रद्धा से माथा टेकते हैं और अपनी-अपनी मन्नते मांगते हैं। उर्स के दिन बहुत सारे लोग अपने-अपने बच्चों का मुंडन कार्यक्रम भी संपन्न कराते हैं। हर साल की तरह इस साल भी सालाना उर्स आज प्रारंभ हुआ। जिसमें सबसे पहले मजार पर कलाम पाक की तिलावत हुई। इसके बाद अकीदतमंदों के आने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह सायं तक जारी रहा। मजार पर फातिहा पढ़ते हुए मन्नतें उतारी गई तथा मनौती मांगी गई, बहुत सारे बच्चों का मुंडन भी कराया गया। मजार के बाहर दरगाह के प्रांगण पर मेले का भी आयोजन हुआ जहां बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करते नजर आए। बच्चों का उत्साह पूरे चरम पर रहा अपने-अपने अंदाज में बच्चे मेले का लुत्फ उठाते देखे गए। मेले में खिलौने की दुकानें मुख्य आकर्षक का केंद्र रहीं। उर्स दूसरे दिन यानी शनिवार तक चलेगा। पहले दिन कस्बे के अलावा भटगवां, वासा, तिलगड़िया, बेवा, जमौतिया आदि दर्जनों गांवों के सैकड़ों की तादाद में अकीदत मंदों ने शिरकत की। इस दौरान वक़्फ़ शाह आलमगीर सानी के मोतवल्ली नौशाद हैदर, ग्राम प्रधान ताक़ीब रिज़्वी, नफासत रिज़्वी, काजिम रज़ा, असग़र जमील, गुलाम अली ईदू, कामियाब बबलू , मोहरम, गुड्डू बाबा, शमशाद अली मास्टर, वज़ीर हैदर विलियम, दद्दन, लकी, नासिर, राशिद ताक़ीब, इंतेज़ार शबाब, तसकीन हैदर आदि उपस्थित रहे। **मज़ार के बाहर नपं लिपिक की जानिब से रहा शीतल जल की व्यवस्था:** शाह अब्दुर्रसुल मीरा बाबा की मजार पर दूर दराज से आने वालों के साथ मुकामी लोगों के लिए नगर पंचायत डुमरियागंज के वरिष्ठ लिपिक हसन ताकीब रिजवी की जानिब से गर्मी को देखते हुए करबला वालों की प्यास के सदके में शीतल जल की व्यवस्था की गयी जहाँ लोगों ने इस भीषण गर्मी में अपनी अपनी प्यास बुझाते नज़र आये।

5. उपरोक्त सामग्री को प्राप्त नीलामीकर्ता को एक सप्ताह के अन्दर ले जाना अनिवार्य होगा।
6. उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को गठित समिति द्वारा नीलामी स्वीकार करने के पश्चात् उसी दिन एक मुश्त धनराशि जमा करना होगा तथा धनराशि जमा करने में असमर्थ होने पर जमानत धनराशि जब्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
7. यदि उक्त नीलामी की शर्ते/टर्म एण्ड कण्डीशन के विरूद्ध किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति की संस्तुति के आधार पर लिया गया निर्णय अन्तिम होगा तथा विवाद न सुलझने की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद-प्रतापगढ होगा।
8. नीलामी के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये पूर्ण अधिकार होगा कि वह नीलामी की कार्यवाही को निरस्त करके अन्य तिथि एंव समय निर्धारित कर सकता है।
9. यदि कोई टैक्स/जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगा तो उसे भी सफल बोलीकर्ता को जमा करना होगा।

आचार्य
क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान
अफीम की कोठी प्रतापगढ

कार्यालय ग्राम पंचायत अदिलाबाद वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 18.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 19.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निशा मिश्रा
ग्राम प्रधान

जाकिर अली
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत कैमौर वि.खं. अमरिया, पीलीभीत

निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 18.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 19.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

रोहेल अहमद
ग्राम प्रधान

अमित दुबे
सचिव

21 जून को मनाया जाएगा दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह एवं 21 जून को आयोजित होने वाले दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता , मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जनपद में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला जनपद स्तर पर जिला स्टेडियम में वृहद स्तर का कार्यक्रम आयोजित होगा ,इसके अलावा तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग से लोगों को जोड़ने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किए जाएं। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। कहा कि योग को जन आंदोलन का रूप दिया जाए, इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य अभी से प्रारंभ कर दी जाए। कहा कि छोटे.छोटे समूह ध् क्लस्टर बनाकर लोगों को उससे जोड़ा जाए तथा लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए , लोगों को योग से जोड़कर इसके स्वास्थ्य लाभ के बारे में अनिवार्य रूप से बताया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम '' योग स्वयं एवं समाज के लिए निर्धारित किया गया है'' उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह 06:00 बजे से प्रारम्भ होगा तथा कार्यक्रम में मा0 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं तथा कार्यक्रम को भव्यता से मनाए जाने हेतु इसमें व्यापार मंडल, स्कूलों के छात्र.छात्राओं आदि को भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि योग केवल 01 दिन के लिए नही अपितु नियमित रूप से करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करें। कहा कि अलग.अलग बीमारियों से ग्रस्त तथा अलग अलग आयु के लोगों को उनकी सुविधा एवं लाभ के अनुसार योग के विभिन्न आसनों को बताया जाए। योग से जुड़ने वाले नए लोगों को प्रारंभिक स्तर से ही योग प्रारंभ करने को कहा जाए तथा बिना प्रशिक्षक के कठिनाई वाले आसन न किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संवर्धन एवं रोग प्रतिरोध क्षेत्र में योग का बड़ा महत्व है अतः इसके महत्व को घर.घर तक प्रसारित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। यह प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि के साथ.साथ जनमानस को तनाव से राहत भी दिलाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस में ष्करें योग.रहें निरोगष् का भाव समझते हुए लोग योग को अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। उन्होंने कहा कि योग सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले समस्त योगाभ्यास कार्यक्रमों को ष्आयुष कवच एपष् पर अपडेट किया जाए तथा आयुष कवच एप के बारे में लोगों को प्रचार.प्रसार के माध्यम से अवगत कराते हुए इसके उपयोग के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति का भी गठन कर लिया जाएए आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स अवश्य बनाया जाएए इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित कर दिया जाए। आवश्यकता नुसार योग के प्रति लोगों में उत्साह एवं प्रेरणाओं का फीडबैक लेने एवं समय.समय पर उन्हें योग के फायदे को बताने तथा जागरूक करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जा सकता है। उन्होने कहा कि इसके अंतर्गत जनपद स्तर पर 15 जून को योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद में राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम से किया जाएगा तथा 16 जून को वन चेतना केंद्र वन विभाग में, 17 जून को यमुना तटबंध में, 18 जून को कल्पवृक्ष परिसर में, 19 अमृत सरोवर गुन्देला मुस्करा में, 20 जून को अम्बेडकर पार्क में तथा 21 जून को बड़ा कार्यक्रम स्टेडियम परिसर में संपन्न होगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने लगाया जोर

- विश्वविद्यालय लगातार दिला रहा है योग की शपथ
- कुलपति ने संभाली कमान, कुशल एवं अकुशल कर्मचारियों से भी किया संवाद

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। राजभवन, लखनऊ ने विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकॉर्ड बनाने के निर्देश मिलने के बाद प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य के बहुत करीब पहुंच चुका है। नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अभिप्रेरणा से विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं के साथ ही पुरातन छात्रों में भी इस रिकॉर्ड में भागीदार बनने की ललक रंग दिखा रही है।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय इस दिशा में गंभीर रूप से तैयारी शुरू कर दी है विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय परिसर क्षेत्र केदो एवं संबद्ध अध्ययन केदो से आग्रह किया है कि वह 17 लाख ऑनलाइन शपथ अभियान में शामिल होकर विश्वविद्यालय के शत प्रतिशत लक्ष्य में अपना योगदान करें, जिसे गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया जा सके। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि राज भवन ने लगभग 17 लाख ऑनलाइन शपथ एक सप्ताह के अंतर्गत 12 जून से 18 जून 2024 तक की तिथि निर्धारित करके रिकॉर्ड बनाने हेतु ऑनलाइन शपथ का मार्ग प्रशस्त किया है उन्होंने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुल अधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इस बनने वाले रिकॉर्ड को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों पुरातन छात्रों विद्यार्थियों में उनके परिजनों से अनुरोध किया है कि वह https://rajbhawanyogapledge.in पर जाकर योग संबंधी ऑनलाइन शपथ में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का नाम दर्ज कर रिकॉर्ड बनाने में अपना सहयोग करें।

डीएम-एसपी नें विश्व रक्तदान दिवस का फीता काटकर किया आग़ाज़

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा संयुक्त रुप से जिला चिकित्सालय में विश्व रक्तदाता दिवस.2024 का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम विश्व रक्तदाता दिवस 2024 का मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह की उपस्थिति में फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। रक्तदान शिविर में कई गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि रक्तदान करना जनकल्याण का काम है, हमारे रक्तदान से किसी का अमूल्य जीवन बच सकता है। 2024 में विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है दान का जश्न मनाने के 20 साल धन्यवाद, रक्तदाताओं ("Celebrating 20 years of giving :THANK YOU,BLOOD DONORS !") स्लोगन के साथ ही रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने व स्वैछिक रक्तदान के लिए लोगों को समय.समय पर रक्तदान करने एवं रक्तदान के प्रति जागरुक करने की अपील की गई।सुबह 10 दस बजे स शाम 5 बजे तक 24 महादानियों ने रक्तदान किया। इस दौरान सीएमओ डॉ. गीतम सिंह,प्रभारी सीएमएस डॉ. आरएस प्रजापति, ब्लड बैंक प्रभारी हरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक तिवारी, प्रियंका पाठक, अरविंद, एआरटीओ अमिताभ राय, अमर उजाला ब्यूरो प्रमुख चंद्रशेखर यादव, अभय प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह चंदेल,हरिओम धुरिया, नरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

प्रयागराज। बाइक की तेज रफ्तार जानलेवा बन गई। कोरांव मार्ग पर नगर पंचायत के पास मुड़ते समय बाइक अनियंत्रित होकर डम्पर में घुस गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डम्पर व क्षतिग्रस्त बाइक पुलिस के कब्जे में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा सीधी निवासी अश्वनी पटेल के पुत्र संदीप मोटरसाइकिल से काम से प्रयागराज आया था। संदीप प्रयागराज से घर वापस जा रहा था। कोरांव नगर पंचायत के पास मोड़ पर मुड़ते समय बाइक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही एक डंपर में घुस गई। हादसे में घायल सन्दीप को सीएचसी पहुंचाया गया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही मृतक के रिश्तेदार व स्वजन भी पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के दौरान मौजूद लोगों के मुताबिक गति तेज होने के चलते मोड़ पर कंट्रोल नहीं हो पाई।

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण समिति की बैठक हुयी आयोजित

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में भारत रत्न डॉ0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैटक में जिलाधिकारी ने ग्रामों को ओ0डी0एफ0 प्लस किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित समस्त 32 ग्राम पंचायतों में शत्प्रतिशत पूर्ण कराते हुए धनराशि व्यय शत्प्रतिशत करा ली जाय। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित 146 ग्राम पंचायतों में भी कार्य यथाशीघ्र करा लिये जायें। वित्तीय वर्ष 2024.25 में चयनित अवशेष समस्त 152 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना बनाते हुए शासन से क्रेडिट लिमिट मंगाये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 में पूर्ण कराये गये आर0आर0सी0 में संचालन कराया जाय, जिस हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0) समस्त जिला कन्सलटेन्टों को पर्यवेक्षण एवं संचालन कराये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये गये। व्यक्तिगत शौचालयों के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि समस्त विकास खण्डों में पात्र लाभार्थियों का ही चयन किया जाय। प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष विकास खण्डों में मांग के अनुरूप ही फीडिंग व इसका एप्रूवल किया जाय। गोबर्धन परियोजना अन्तर्गत विकास खण्ड गोहाण्ड की ग्राम पंचायत जराखर एवं जखेडी में बन रहे बायोगैस प्लान्ट की सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण कराते हुए दोनों प्लान्टों को तत्काल संचालित कराया जाय। विकास खण्ड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत पौथिया में बन रहे प्लास्टिक संग्रह स्थल की तत्काल सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण कराते हुए यूनिट का संचालन कराये जाने के निर्देश दिये गये।इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, परियोजना अधिकारी यू0पी0 नेडा, प्रधान ग्राम पंचायत पौथिया सुमेरपुर,प्रधान ग्राम पंचायत उमरी विकास खण्ड.मुस्करा, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) व समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, स्व0भा0मि0 (ग्रा0) एवं समस्त खण्ड प्रेरक, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक ने 7 रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार

- अशोक कुमार को माह मई-2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी का पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। मई माह के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे रविन्द्र गोयल द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी जे.सी.एस. बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 7 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में सुमित कुमार शर्मा, प्वाइंट्स मैन, अगोरीखास प्रयागराज मण्डल, रामबरन बिन्द, प्वाइंट्स मैन, विन्ध्याचल प्रयागराज मण्डल, सतविंदर सिंह, लोको पायलट मेल, झांसी मण्डल, दीपक कुमार साहू सहायक लोको पायलट, झांसी मण्डल, सोनू कुमार ट्रैक मेन्टेनर शिकोहाबाद प्रयागराज मण्डल, जगदीश, ट्रैक मेन्टेनर जाजऊ आगरा मण्डल व अशोक कुमार, ट्रैक मेन्टेनर, जाजऊ आगरा मण्डल शामिल हैं। अशोक कुमार को मई-2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होंने गत 10 मई को ड्यूटी के दौरान गेट संख्या 478-ए से मालगाड़ी को पास होते समय गाड़ी में हैंगिंग पार्ट (आयरन चेन) को देखा, जो रेलवे ट्रैक से रगड़ रही थी, जिसके कारण रेलवे ट्रैक की स्लीपर खुलती जा रही थी। अशोक कुमार द्वारा सूझबूझ दिखाते हुए अपने पर्यवेक्षक व स्टेशन मास्टर, जाजऊ को सूचित किया गया, जिसके बाद गाड़ी को तुरन्त रूकवाया गया। ट्रैक रिपेयर होने के पश्चात गाड़ी को चलवाया गया।

भूमि विवाद में फायरिंग, युवक की मौत

प्रयागराज। बारा थानान्तर्गत भेलाव गांव में शुक्रवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक ने दूसरे पक्ष पर लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया। आनन-फानन में युवक को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग और हत्या की सूचना मिलते ही डीसीपी यमुनानगर समेत अन्य अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भेलांव के रहने वाले मनीष मिश्रा की गांव के ही राजेश पांडे से पुरानी रंजिश चली आ रही है। अक्सर दोनों के बीच कहासुनी होती रहती थी। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह मनीष अपने पिता संतोष के साथ घर वापस आ रहा था। आरोपित है कि तभी गांव के ही राजेश पांडे ने कुछ लोगों के साथ उन्हें रोक लिया। कहासुनी होने लगी। बात बढ़ी तो दूसरे पक्ष की ओर से फायर कर दिया गया।

विश्व रक्तदान दिवस पर लोगों ने किया ब्लड डोनेट जताया हर्ष

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। शुक्रवार को रावटसगंज नगर स्थित साईं अस्पताल परिसर में विश्व रक्त दान दिवस के दिन अपने हॉस्पिटल में रक्त दान शिविर आयोजित हुआ वही राजन सोनी ड्यूटी इंचार्ज साईं हॉस्पिटल के नेतृत्व में दर्जनों डोनेट कर्ताओं ने किया ब्लड डोनेट वही डायरेक्टर डॉक्टर अनुपमा सिंह ने बताया कि को विश्व रक्तदान दिवस साई हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों लोगो ने सहभागिता निभाया। डॉ अनुपम सिंह ने बताया कि लोगों की जिंदगियां को बचाने का एकमात्र साधन गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों से बचाव वह युवाओं के नई ऊर्जा नई शक्ति के लिए एक आवश्यक जिससे लोग पर चढ़कर इसमें भागीदारी करते हैं और गरीब असहाय लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं उनके ब्लड डोनेट से कई लोगों की जिंदगियां बस्ती हैं या अभियान निरंतर जिला प्रशासन के नेतृत्व में भी कराया जाता है जिससे आम जनमानस को उसका लाभ मिल सके। हॉस्पिटल की प्रबन्धक डाक्टर अनुपमा सिंह जी के द्वारा यह बताया गया कि रक्तदान करने से कई तरह की बीमारी से फायदा मिलता है। जैसे शरीर में आयरन के स्तर पर रोक बनाए रखने में मदद करता है। शहृदय रोग के जोखमि को भी कम करता है। आप सभी रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों तक रक्त पहुंचाकर पुण्य के भागी बने। तथा आज के कार्यक्रम में साई हॉस्पिटल के ड्यूटी इंचार्ज राजन सोनी जी व बी0पी सिंह तथा अन्य लोगों ने रक्तदान किया तथा लोगों को भी जागरूक किया कि रक्तदान करने के फायदे के बारे में बताएं।

डॉ. मुनीश को मिला रिसर्च फेलो अवार्ड

- काशी की न्याय परंपरा पर एडवांस स्टडी शिमला में करेंगे रिसर्च
- करीब 500 काशी के आचार्यों की जीवनी पर होगा कार्य

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के चतरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम जयमोहरा निवासी डॉ. मुनीश कुमार मिश्र का चयन ÷भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान÷ राष्ट्रपति निवास, शिमला में रिसर्च फेलो के रूप में हुआ है। शिमला में स्थित यह संस्थान देश के उच्चतम अनुसंधान संस्थानों में गिना जाता है। यहां अनुसंधान करना किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। वैदिक दर्शन विभाग, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से शास्त्री आचार्य एवं पीएच.डी. करने वाले डॉ. मुनीश कुमार मिश्र सोनभद्र के ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जिनको इस संस्थान से अनुसंधान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। डॉ. मिश्र ने कहा कि 'उच्च अध्ययन संस्थान' में अनुसंधान हेतु चयनित होना मेरे लिए अत्यंत गौरव का विषय है और यह उपलब्धि बाबा विश्वनाथ की कृपा एवं माता-पिता तथा गुरुजनों के आशीर्वाद से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि वह ÷काशी की न्याय दर्शन की परंपरा÷ पर अनुसंधान करते हुए काशी के परिप्रेक्ष्य में आदि से वर्तमान तक के न्याय दर्शन के आचार्यों की जीवनी को अनुसन्धान के द्वारा संग्रहित व लेखन करने का कार्य करेंगे। क्योंकि काशी एक विशिष्ट नगरी है और यहां विभिन्न शास्त्रों के साथ न्याय दर्शन की भी एक लंबी सुदीर्घ परंपरा है, किंतु व्यवस्थित रूप से अनुसंधान ना हो पाने के कारण आचार्यों की जीवनी अथवा उनका विवरण नहीं मिलता है। इस परियोजना के द्वारा काशी में कौन-कौन से आचार्य न्याय दर्शन अध्ययन करने आये या अध्यापन किया, उन सभी का अनुसन्धान करके एक संग्रह तैयार किया जाएगा, जो भविष्य में आने वाले छात्रों और आने वाली पीढ़ी के लिए काशी की न्याय परंपरा को जानने का एक प्रमाणिक ऐतिहासिक मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अनुसन्धान के अंतर्गत काशी के न्यायशास्त्र के आचार्यों के जीवनवृत्त, कृतित्व, वंशपरम्परा, गुरुपरम्परा व शिष्य परम्परा का अन्वेषण तथा संकलन किया जाना है। इसमें न केवल अध्यापन कार्य में सन्नद्ध अपितु अन्य किसी भी रूप में यदि किसी विद्वान् द्वारा न्यायशास्त्र परम्परा का संवर्धन किया गया है तो उनके जीवनवृत्त को भी इसमें सम्मिलित किया जायेगा। भारत में परम्परागत रूप से न्यायशास्त्र का अध्ययन करने के उपरान्त विदेशों में न्यायदर्शन का अध्यापन/अनुसंधान करने वाले विद्वानों को भी इसमें समाहित किया जायेगा।

जिले में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ डीएम को सौंपा पत्र

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी द्वारा जिले में बढ़ते प्रदूषण के रोकथाम को लेकर की आवाज बुलाओ अपने विभिन्न मांग पत्रों सहित डीएम को सौप पत्र।

वही दशाराम यादव जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ सोनभद्र ने बताया कि पर्यावरण प्रदुषण की समस्या भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदुषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर उसकी तुलना में वृक्षारोपड कम हो रहा है. इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया, इससे कई प्रकार की समस्या आई। सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भूगर्भिय जल स्तर नीचे जाने लगा है। इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है।वही भारतीय मजदूर संघ इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे यह मांग करता है कि जिले में होने वाले सभी प्रकार के प्रदुषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इसके रोकथाम हेतु तत्काल उपाय किये जाय, साथ ही निम्न बिंदुओ पर विशेष ध्यान दिया जाय।

1. वायु प्रदुषण पर विशेष ध्यान दिया जाय, एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किया जाय, जिससे लोगो के स्वास्थ्य पर असर न हो, साथ ही सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदुषण का स्तर दर्शाने वाला इलेक्ट्रानिक बोर्ड लगवाया जाय।

2. नदी, नालो के पानी को पदुषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किया जाय।

3. अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाय, एवं वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाय।

4. सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाय। 5. जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में रूफटाप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाय।

6. शहरों से निकलने वाले कचड़ों के प्रबंधन की नियमानुसार उचित व्यवस्था की जाये।

रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर

ललितपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी ललितपुर द्वारा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सचिव डा.एस.पी. पाठक ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के बराबर है। हर व्यक्ति को वर्ष में दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस शिविर में डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.देश निधि सिंह, डा.अंकुर सोनी, संदीप जैन, आशुतोष, निधि जैन, अजय जैन ने रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि रक्तदान करने से कमजोरी नहीं आती है और दान किया हुआ रक्त शरीर में दोबारा बन जाता है। रक्तदान शिविर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.मीनाक्षी सिंह, डी.सी.एम.ओ. डा.आर.एन.सोनी, संरक्षक अनिल जैन, सचिव डा.एसपी पाठक, सह संरक्षक राजेश लिटोरिया, जिला प्रभारी अजय बरया, डा.राजेश शर्मा, डा.आर.सी.साहू, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.अजय जैन उपस्थित रहे।

बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

- जनपद की गंगा जमुनी तहजीब की कदीमी रिवायत को कायम रखते मनाए जाएं त्यौहारः डीएम
- सोशल मीडिया पर न फोटो व वीडियो, सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाहीः पुलिस अधीक्षक

हमीरपुर। आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार को जनपद में शान्तिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में आहूत की गयी। बैठक में धर्मगुरूओं व गणमान्य लोगो के अलावा पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में प्रत्येक थानाध्यक्ष के द्वारा अपने.अपने क्षेत्रो के बारे में सम्पन्न होने वाले त्यौहारो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विभिन्न थानो से आए धर्म गुरूओ व गणमान्य नागरिकों के द्वारा बताए गए सुझावो व समस्याओं को अमल करते हुये जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कहा कि जनपद हमीरपुर में हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब के रूप में जाना जाता है। उन्होने कहा कि शान्तिपूर्ण ढंग से त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिये आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए। उन्होनें सभी उप जिला मजिस्ट्रेटो व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने.अपने क्षेत्र में भ्रमण कर नमाज अदा करने के स्थल व ईदगाह के आस पास बेहतर साफ सफाई, पेयजल, नगरीय क्षेत्रो में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम पंचायतो के द्वारा नालियों की सफाई सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने कहा कि ऐसे स्थलो को भी चिन्हित कर विशेष निगरानी रखी जाए, जहां पर सामूहिक रूप से कुर्बानी की जाती हो,कुर्बानी की जाने वाले स्थलो पर गढ्डा खोदकर अपशिष्ट को वहीं ढक दिया जाए, ताकि इधर.उधर बिखरने न पाए। उन्होनें यह भी कहा कि प्रतिबन्धित पशुओ की कुर्बानी किसी भी दशा में न की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परम्परागत ढंग से चली आ रही व्यवस्थाओं के अतिरिक्त नई स्थलो पर कोई भी कार्य करने से पूर्व सम्बन्धित थाना व तहसील से सूचित करते हुये अनुमति अवश्य ली जाए।

पाइप लाइन बिछाने के नाम पर मानक विपरीत सड़कें खोदने का आरोप

ललितपुर। बु.वि.सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कंपनी बाग में सेना प्रमुख हरीश कपूर की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में पेयजल योजना के अन्तर्गत गोविन्दसागर बांध से आजादपुरा होते हुए तालाबपुरा को जाने वाली सड़क को खोदकर उसे दुरुस्त नहीं किए जाने पर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त किया गया। सेना प्रमुख ने कहा कि पेयजल के लिए पाईपलाइन डालने के लिए तालाबपुरा की खूबसूरत कंकरीट की सड़क को हठधर्मी ठेकेदार द्वारा कटर मशीन से 2-3 फुट काटने के बजाय जे सी बी से 6-7 फुट खोदकर मजबूत कंक्रीट की सड़क को लापरवाही से खोद दिया गया है जिसके कारण धूल का गुबार उड़ रहा है तथा जनता परेशान हो रही है। ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क को इतनी लापरवाही से खोदा गया जिसके कि कारण मोहल्लेवासियों की पानी की लाईनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। नागरिकों के घरों की पाईप लाईनें क्षतिग्रस्त होने के कारण भीषण गर्मी के मौसम में लोग बूंद बूंद पानी को तरस गये। इसके बावजूद ललितपुर के संवेदनहीन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है।

लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदला: अखिलेश

▶▶ हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदलने का काम किया है। अयोध्या जनपद के लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। पर इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है। हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आये हुए पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायको तथा नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने से समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ी है और नेताओं, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आगे विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है। एनडीए नकारात्मक-निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोगेसिव गठबंधन रहा। समाजवादी पार्टी पीडीए-इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी। समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा। समाजवादी पार्टी की जीत की बधाई देने आये सैकड़ों लोगों ने अखिलेश यादव से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। यशभारती सम्मानित पं0 हरिप्रसाद मिश्रा ने भी अखिलेश यादव को स्वास्तिवाचन के साथ रक्षा सूत्र बांधा और उनके शतायु तथा यशस्वी होने की कामना की। आज की बैठक में प्रमुख रूप से गुरु जी उदय प्रताप सिंह राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी सहित सर्वब्रह्माशंकर त्रिपाठी, सनातन पाण्डेय, शाहिद मंजूर, जासमीर अंसारी, शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, कैसरजहां पूर्व सांसद, सुधाकर सिंह, सईदा खातून, किरनपाल कश्यप, जयप्रकाश अंचल, लाल बिहारी यादव, पवन पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, पूजा शुक्ला, डॉ0 आर.के. वर्मा, लालजी यादव, चन्द्रशेखर चौधरी मणीन्द्र मिश्रा, हरेन्द्र ताऊ, लक्ष्मी धनगर, अशोक यादव, साधु यादव, शिवशंकर यादव, नागेन्द्र यादव, विजय सिंह, राम प्रताप सिंह, सुरेन्द्र सिंह नायक आदि प्रमुख नेता शामिल रहे। इस अवसर पर सर्वअमृतराज पाल, इन्द्रपाल यादव, नन्हके यादव, अक्षय यादव, कुलदीप यादव, सुशील यादव, कान्हा यादव आदि ने स्मृति चिन्ह देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का अभिनंदन किया।

उप्र में एक दिन में सर्वाधिक दुर्घटना बीमा कर वाराणसी डाक परिक्षेत्र ने बनाया नया कीर्तिमान

▶▶ मात्र एक दिन में 2679 लोगों का दुर्घटना बीमा करके वाराणसी परिक्षेत्र ने उत्तर प्रदेश में बनाया रिकॉर्ड

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। डाक विभाग के उपक्रम रूप में स्थापित इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने पाँच वर्षों के अपने सफर में 'आपका बैंक, आपके द्वार' को प्रोत्साहित करते हुए तमाम नए आयाम स्थापित किये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन और डिजिटल इण्डिया के क्षेत्र में आज इसकी अहम् भूमिका है। समाज के अंतिम वर्ग के लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु विभिन्न कंपनियों से एग्रीमेंट के तहत सस्ती दरों पर बीमा का लाभ भी आईपीपीबी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।

गौरतलब है कि वाराणसी परिक्षेत्र ने 13 जून को मात्र एक दिन में 2679 लोगों का दुर्घटना सुरक्षा बीमा करके उत्तर प्रदेश परिमंडल में एक दिन में सर्वाधिक बीमा करने का नया कीर्तिमान स्थापित किया, जिसके सापेक्ष साढ़े ग्यारह लाख रूपये का प्रीमियम जमा किया गया। यही नहीं, जीआई सर्वसुरक्षा अभियान के तहत पहले ही दिन प्रदत्त लक्ष्य के सापेक्ष 329 फीसदी सफलतापूर्वक प्राप्तकर वाराणसी परिक्षेत्र ने पूरे भारत में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके उपलक्ष्य में इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने आईपीपीबी के चीफ मैनेजर श्री बृज किशोर और प्रवर डाक अधीक्षक श्री राजीव कुमार के संग केक काटकर लोगों से खुशियाँ बाँटी एवं डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक, पोस्टमास्टर्स, निरीक्षक, सहायक अधीक्षक, मण्डलाधीक्षक और आईपीपीबी मैनेजर्स सहित समस्त स्टाफ को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु हौसलाआफ़जाई की।

यूपी विधान परिषद के 13 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में शुक्रवार को विधान परिषद के 13 सदस्यों ने शपथ ली। शपथ लेने वालों में से सात सदस्य भाजपा के, तीन समाजवादी पार्टी के हैं।

इसके अलावा, एक-एक सदस्य अपना दल (एस), राष्ट्रीय लोक दल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का है। इन नेताओं ने ली शपथ अशोक कटारिया आशीष पटेल, किरणपाल कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, बलराम यादव, डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीर्थ सिंघल, विजय बहादुर, शाह आलम, संतोष सिंह, योगेश चौधरी, विच्छे लाल राम विधानसभा परिषद के 13 नवनिर्वाचित सदस्यों के शुक्रवार को शपथ लेते ही सपा उच्च सदन में भी नेता प्रतिपक्ष की हकदार हो गयी। इनमें तीन सदस्य सपा के हैं। नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में सपा स्पष्ट जासमीन अंसारी, शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, राजेंद्र चौधरी और लाल बिहारी यादव आगे बताए जा रहे हैं।

नेशनल टीचिंग कम्पटीशन में शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की सात शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इन शिक्षिकाओं में मानसी सिंह, निष्ठा चोपड़ा, स्वाती सक्सेना, शिवा मेहरोत्रा, रंजना द्विवेदी, आकांशा कुमारी एवं तृप्ति चन्द्रा शामिल हैं।

यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना ने बताया कि यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों-सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आँका गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सी.एम.एस शिक्षिकाओं मानसी सिंह एवं आकांशा कुमारी ने प्राइमरी मैथ्स में अपनी शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है जबकि निष्ठा चोपड़ा, स्वाती सक्सेना एवं शिवा मेहरोत्रा ने प्राइमरी इंग्लिश, मैथ्स एवं ईवीएस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार, रंजना द्विवेदी एवं तृप्ति चन्द्रा ने अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन में शिक्षण प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को बधाई दी है। खन्ना ने बताया कि सेंटा टीचिंग टेस्ट अपने आप में देश भर के शिक्षकों के लिए शिक्षण उत्कृष्टता का प्रमाण है, जिसे पूरे देश में सराहा जाता है। सेन्टा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षणेतर प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करना है। इस अनूठी प्रतियोगिता में विषयवार ज्ञान, अनुभव एवं उच्च शैक्षणिक मानकों के आधार पर शिक्षकों का चयन किया जाता है।

मुस्लिम अधिवक्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

लखनऊ। कांग्रेस की नीतियों और पार्टी नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए शुक्रवार को राजधानी के कई मुस्लिम अधिवक्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, एआईसीसी संयोजक शमीम खान और अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उमैर के समक्ष एडवोकेट सिराज अहमद, मुजीब अहमद खान, मोहम्मद जैन, फहीम अंसारी, मुईदुल हसन, सईद अख्तर, शराफत रसूल सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनीस अख्तर मोदी और सचिव शमशेर अली उपस्थित थे।

पूर्व सपा सांसद हसन लड़ सकते हैं कुंदरकी विस से उपचुनाव

▶▶ कहा, अखिलेश आदेश दें तो वह तैयार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आदेश होगा तो उप चुनाव लड़ने में कोई हर्ज नहीं है। वह आदेश का पालन करते हुए उप-चुनाव लड़ेंगे, मना नहीं करेंगे। पूर्व सपा सांसद ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनसे रामपुर लोकसभा लड़ने के लिए कहा था। उस समय पूर्व मंत्री आजम खां के लिहाज के चलते रामपुर से लड़ने से मना कर दिया था, जब कि आजम खां ने ही उनके टिकट को कटवाया था। वह लोकसभा चुनाव समाप्त होने पर दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देने के लिए गए थे लेकिन उपचुनाव के मुद्दे पर अभी चर्चा नहीं हुई है। मुरादाबाद जिले में कुंदरकी विधानसभा खाली होने वाली है। क्योंकि यहां के विधायक जियाउर्रहमान संभल लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हो गए हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार में एक भी मंत्री मुस्लिम समाज से नहीं है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर हुए चुनाव के दौरान सपा ने पूर्व सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर उसे रुचि वीरा को दे दिया था। इस सीट पर रुचि वीरा ने भाजपा के सर्वेश सिंह को हराया था। उधर, कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान बर्क को सपा ने संभल से चुनाव लड़वाया था। इसमें वह विजयी रहे थे। बर्क के सांसद चुने जाने के बाद कुंदरकी विधानसभा से उपचुनाव होगा। ऐसे में हसन ने कहा कि वह उप-चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। इसके लिए पार्टी की सहमति होनी चाहिए।

नीट परीक्षा: भाजपा अंहकार त्याग बच्चों की भविष्य चिंता करे: प्रियंका

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नीट परीक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री के जवाब को अहंकार भरा बताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार को अपना अहंकार त्याग कर युवाओं के भविष्य के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के उपाय करने चाहिए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री का अहंकार भरा जवाब 24 लाख छात्रों और उनके अभिभावकों की चीख-पुकार की पूरी तरह अनदेखी करता है। उन्होंने कहा कि क्या शिक्षा मंत्री को सार्वजनिक रूप से मौजूद तथ्य नहीं दिखते। क्या बिहार और गुजरात में जो पुलिस कार्रवाइयां हुईं और रैकेट पकड़े गये, सरकार उन्हें भी झूठ मानती है। क्या 67 टॉपर को पूरे मार्क्स मिलना भी झूठ है। सवाल यह है कि लाखों युवाओं और उनके माता-पिता की अनदेखी कर सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है। क्या युवाओं के सपनों को इस भ्रष्ट परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ाना बंद नहीं होना चाहिए।

जुलाई से बदल जाएंगे 24 ट्रेनों के नंबर किराया होगा सस्ता

लखनऊ। पहली जुलाई से फरक्का सहित 24 ट्रेनों के नंबर बदल जाएंगे। इन ट्रेनों को पहले स्पेशल ट्रेन बनाकर चलाया जा रहा था, जिसकी वजह से ट्रेन का नंबर शून्य से शुरू होता था। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन शून्य लगाकर मेमू व पैसेंजर ट्रेनों का चला रहा था, अब उन्हें नियमित नंबरों के साथ चलाया जाएगा। इससे किराया भी लगभग 50 प्रतिशत तक सस्ता होने की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल, शून्य नंबर वाली ट्रेनों के यात्रियों से जनरल क्लास में यात्रा करने पर एक्सप्रेस का किराया लिया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फरक्का एक्सप्रेस का नंबर एक जुलाई से बदल जाएगा। 13413/83 बालुरघाट-बठिंडा फरक्का एक्सप्रेस का नया नंबर 15733/43 होगा। ऐसे ही 13414/84 बठिंडा बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस का नया नंबर 15734/44 रहेगा।

धर्म को राजनीति से दूर रखें, बुनियादी मुद्दों पर हो बात : चंद्रशेखर आजाद

▶▶ अर्धसैनिक बल के मुद्दे को संसद में उठाएंगे

▶▶ नीट पर दिल्ली में आंदोलन की तैयारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नगीना लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि अयोध्या लोकसभा चुनाव में अयोध्यावासियों ने बहुत बड़ा काम किया है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि धर्म अब राजनीति से दूर रहे, तो ज्यादा अच्छा है क्योंकि अब बुनियादी मुद्दों पर बात होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि रोजगार और महंगाई पर बात होनी चाहिए। धर्म आदमी का व्यक्तिगत अधिकार है, कोई किसी धर्म में आस्था रखे। चाहे हिंदू, इस्लाम, ईसाई, सिख और जैन धर्म राजनीति में न लाया जाए, तो बहुत अच्छा होगा। इससे जनता के मुद्दों पर बात हो सकेगी। चंद्रशेखर ने कहा कि अर्धसैनिक बल के मुद्दे को संसद में उठाऊंगा। पुलिस और अर्धसैनिक बल बहुत बुरी स्थिति में हैं, मैं उनके लिए बहुत चिंतित हूं। जब हम अच्छे कूलर में बैठते हैं तो वह गर्मी में खड़े रहते हैं। वे खूब पसीना बहाते हैं। उनको छुट्टियों के लिए बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनसे आठ घंटे की ड्यूटी करवाई जाए। इनकी वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना के खिलाफ हम लोग शुरू से हैं। अग्निवीर योजना के जरिए सेना का मनोबल डाउन हुआ है। कोई क्यों चार साल की नौकरी करेगा। सब कुछ ठेकेदारी पर नहीं चलेगा। सरकार इस मुद्दे पर गंभीर हो तो बेहतर है। नीट परीक्षा को लेकर कहा कि सरकार मान जाए तो अच्छा है। नहीं तो दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा। हम बच्चों के साथ खड़े हैं, किसी भी परीक्षा में कोई भी धोखा नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के बारे में कहा कि यह लंगड़ी सरकार है। कभी भी गिर सकती है। उसके हालात सब लोग जानते हैं कि कैसे सरकार बनाई गई है। 400 पार का नारा दिया था। 250 भी क्रॉस नहीं कर पाए।

सौ से अधिक बार रक्तदान कर प्रेरक व्यक्तित्व बने डॉ. सूर्यकान्त

लखनऊ। डॉ. सूर्यकान्त ने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में वर्ष 1983 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था और एमबीबीएस के छात्र रहते हुए ही उन्होंने रक्तदान करना शुरू कर दिया था। इसके साथ ही एमबीबीएस के अन्य छात्रों को भी रक्तदान हेतु प्रेरित किया। वर्ष 1993 में जब डॉ. सूर्यकान्त उत्तर प्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने तो उन्होंने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में 12 जनवरी (स्वामी विवेकानंद जयंती) से 23 जनवरी के मध्य रक्तदान शिविर का आयोजन करना प्रारंभ किया। रक्तदान कार्यक्रम में किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के छात्र एवं जूनियर डॉक्टर्स, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र तथा अन्य डिग्री कॉलेजों एवं विद्यालयों के छात्र भी रक्तदान किया करते थे। डॉ. सूर्यकान्त अपने जीवन में अब तक 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके है तथा कई अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया है।

नबी ने कहा हक अली के साथ, अली हक के साथ: मौलाना इरशाद अब्बास

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नवी स.अ.ने कहा हकअली के साथ अली हक के साथ,नवी ने कहा अली जहां जहां हक वहां वहां है। मौलाना ने खमसे की तीसरी मजलिस पढ़ते हुए कहा बुजुर्ग उम्र की वजह से नही बल्कि फजायल की वजह से होता खूबियों को वजह से होता है। यह बयान मौलाना इरशाद अब्बास ने हैदरी मस्जिद मुफ़्तीगंज में खमसाए मजालिस की तीसरी मजलिस में बयान कर रहे थे। मौलाना के मजलिस का उनवान मकसदे हुसैन है। दूसरी मजलिस में मौलाना अब्बास इरशाद ने इमामे बाकिर अ.स.की शहादत का वाक्या बयान किया था।सुनाते हुए कहा अल्लाह ने इस्लाह के नवी और इमाम को भेजा ,मगर उममत ने अहलेबैत से वफा न किया। आख़री मजलिस नौ जिल्हिज़ को चार बजे शैपहर को मिर्ज़ा मोहम्मद जाफर अब्बास मजलिस ख़िताब करेगें।मजलिस क़े फ़ौरन बाद हज़रत मुस्लिम अलैहिस्सलाम की यौमे शहादत पर ताबूत बरामद होगा,जो हैदरी मस्जिद से मीरन साहब इमामबाड़े तक जाएगा।सात जिल्हिज़ को यौमे शहादत ए इमामे बाक़िर अलैहिस्लाम का ताबूत बरामद किया गया। यह मजलिस मोमनीन मुफती गंज की जानिब से किया जा रहा है।

स्वर्गीय पिता के नाम से कराई जा सकती है कुर्बानी: मौलाना खालिद रशीद

लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो। अपने स्वर्गीय पिता के ईसाले सवाब के लिए स्वर्गीय पिता के नाम से कुर्बानी कराई जा सकती है। यह बात दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल की ओर से संचालित ईदुल अजहा हेल्पलाइन पर एक कॉलर के सवाल के जवाब में उलमा ने कही। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 7007705774, 9415102947, 914042 7677 पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। एक कॉलर ने पूछा कि बकरे के कान पैदाइशी बहुत छोटे हैं तो क्या उसकी कुर्बानी सही है इस पर उलमा ने बताया कि जी हां ऐसे बकरे की कुर्बानी सही है। एक कॉलर ने अरफा 9 जिलहिज्ज के दिन रोजा रखने के बारे में पूछा तो उलमा ने बताया कि हदीस में है कि 9 जिलहिज्ज को रोजा रखने से एक साल के अगले-पिछले सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। एक अन्य कॉलर ने पूछा कि कुर्बानी की नियत से खरीदी बकरी के थन खराब थे तो क्या ऐसे जानवर की कुर्बानी सही है, जिस पर उलमा ने बताया कि अगर बकरी के थन खराब थे तो ऐसी बकरी की कुर्बानी सही नहीं है।

भ्रष्टाचार को योगी सरकार का संरक्षण है: भाकपा माले

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भाकपा (माले) ने मथुरा में मनरेगा और शौचालय निर्माण सहित ग्रामीण विकास विभाग में भ्रष्टाचार की जांच के लिए विगत 12 फरवरी से जिले में भूख हड़ताल पर बैठे एक सामाजिक कार्यकर्ता की हुई दुखद मौत के लिए प्रदेश सरकार की आपराधिक संवेदनहीनता को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज जारी बयान में कहा कि लोकतांत्रिक प्रतिवाद के प्रति योगी सरकार का रवैया बेहद शर्मनाक है। विरोध की आवाज की उपेक्षा करना, उसका सम्मान न करना और उसे दबा देना भाजपा सरकार में परिपाटी बन गई है। यह लोकतंत्र के प्रति भाजपा के नजीरिये को दिखाता है। योगी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) का ढोंग करती है, असल में वह भ्रष्टाचार का संरक्षण करती है। यह उसी प्रकार है, जैसे हाथी के दांत खाने के और और दिखाने के और होते हैं। 66 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता देवकी नंद शर्मा मथुरा में ग्रामीण विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार के विरोध में अपने आवास के पास एक मंदिर के बाहर प्रतिवाद धरना-अनशन पर बैठे थे। खबर के अनुसार, वे भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनी टीम की जांच रिपोर्ट से असहमत थे और दोबारा जांच की मांग कर रहे थे, ताकि सही बात सामने आए। सरकार ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया और जब चार महीने की भूख हड़ताल से उनका स्वास्थ्य काफी खराब हो गया, तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार को उनकी मौत हो गयी।

हजरत मोहम्मद बाकिर अलैहिस्सलाम की शहादत पर मजलिसों-मातम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हजरत मोहम्मद बाकिर अलैहिस्सलाम की शहादत के मौके पर शुक्रवार को मजलिसों-मातम का आयोजन किया गया और इमाम के ताबूत की जियारत भी करायी गयी। जहां पुरूषों ने शहर के इमामबाड़ों, रौजों और कर्बलाओं में मजलिसों में शिरकत की वहीं महिलाओं ने घरों में मातम करके इमाम की शहादत पर गम मनाया। हैदरी मस्जिद मुफ्तीगंज में मौलाना अब्बास इरशाद नकवी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम मोहम्मद बाकिर (अ.स) ने इल्म हासिल करने और इल्म को फैलाने पर बहुत जोर दिया। मौलाना ने कहा कि इस्लामी माह की सात जिलहिज को इमाम मोहम्मद बाकिर (अ.स.) को जहर दिलवाकर शहीद करवाया गया। इमाम को पवित्र नगर मदीना के जन्नतुल बकी में दफ्न किया गया। रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में आयोजित मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। कल की मजलिस को मौलाना गुलरेज मेहदी खिताब करेंगे। दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर में हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के सफीर (दूत) हजरत मुस्लिम बिन अकील (अ.स.) की शहादत की याद में मौलाना गुलजार जाफरी ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने अहलेबैत अलैहिस्सलाम की फजीलत को बयान किया। मौलाना ने जब हजरत मुस्लिम (अ.स.) की शहादत को बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद अंजुमन नूरे हैदरी ने नौहाख्वानी की। कल की मजलिस को मौलाना हबीब हैदर रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी जायेगी। इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी घासमंडी में दूसरी मजलिस को मौलाना सैयद रईस काजिम ने खिताब किया।

कर्बला नसरूद्दीन में मजलिस आज

लखनऊ। हजरत मुस्लिम बिन अकील (अ.स.) की शहादत की याद में शनिवार रात 8 बजेकर्बला शाह नसरूद्दीन हैदर डालीगंज में मौलाना अनवर रिजवी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अनेक अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी व ताबूत की जियारत होगी।

रौजाए हजरत मुस्लिम में ताबूत की मजलिस कल

अंजुमन गुंचाए मेहदिया की ओर से हजरत मुस्लिम (अ.स.) की शहादत की याद में रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में रविवार को शाम 4 बजे महिलाओं की मजलिस होगी। इसके बाद शाम 5 बजे मजलिस को मौलाना मोहम्मद अली हैदर खिताब करेंगे।मजलिस के बाद अंजुमन नौहाख्वानी करेगी। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी जायेगी।

यौमे अरफा 9 जिलहिज्ज का दिन मगफिरत और माफी का दिन

लखनऊ। यौमे अरफा 9 जिलहिज्ज का दिन मगफिरत और माफी का दिन है। माहे जिलहिज्ज का पहला अशरा और तमाम दिनों से अल्लाह को बहुत ज्यादा पसंद है। इस अशरे में एक दिन का रोजा साल भर रोजा रखने के बराबर है, लेकिन 10 जिलहिज्ज बकरीद के दिन रोजा रखना मना है। यह बात हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक ने पाटानाला स्थित मस्जिद सुब्हानिया में कही। गुफरान अहमद अच्छे भाई की अध्यक्षता में कारी सिद्दीक मस्जिद में यौमे अरफा की फजीलत के जलसे को खिताब कर रहे थे। जलसे का आगाज हाफिज अब्दुस्समद ने तिलावते कलामे पाक से किया। कारी सिद्दीक ने जिलहिज्ज के पहले अशरे की अहमियत बयान करते हुए कहा कि इस अशरे की रात का जागना शबे-कद्र के बराबर है। यौमे अरफा का दिन बहुत फजीलत का दिन है। रसूले अकरम ने फरमाया कि अरफे का रोजा एक साल पहले और एक साल अगले गुनाहों का कफ्फारा हो जाता है। यौमे अरफा 9 जिलहिज्ज की नमाजे फज्र से 13 जिलहिज्ज की नमाजे अस्र तक हर मुसलमान पर जोर-जोर से हर फर्ज नमाज के बाद तकबीरे तशरीक पढ़ना वाजिब है।

सफ़ीरे हुसैन अ.स. का मातम

15 जून 2024 शब 8:00 बजे

करबला शाह नसीरुद्दीन हैदर, डालीगंज, लखनऊ

ख़िताबत: माहिरे क़ानून आलीजनाब मौलाना डा. सय्यद अनवर हुसैन रिज़वी साहब क़िबला

बादे मजलिस शबीहे ताबूत की ज़्यारत कराई जायेगी

मिनजानिब : प्रोफेसर सै0 अनवर हुसैन रिज़वी

सदर: अंजुमन ज़ायरीने करबला शाह नसीरुद्दीन हैदर, डालीगंज, लखनऊ